
RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 346
नई दिल्ली, मंगलवार, 24 अक्टूबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



शासन सुधारों का हुआ सकारात्मक प्रभाव

राष्ट्रीय-11

# गाजा ने गुजारी भयावह रात

● इजराइली युद्धक विमानों ने समूचे गाजा में कई जगहों पर किए हमले, इसमें वह क्षेत्र भी शामिल हैं जहां फलस्तीनी नागरिकों को शरण लेने के लिए कहा गया था

● सीरिया, वेस्ट बैंक में विभिन्न ठिकानों पर इजराइल के हमले के बीच राहत सामग्री की दूसरी खेप गाजा पहुंची

**एजेंसी।** दीर अल बलाह



गाजा पट्टी में इजराइली युद्धक विमानों द्वारा की गई भीषण बमबारी के बाद उठता धुआं।

**इजराइली** युद्धक विमानों ने सोमवार रात से तड़के तक पूरे गाजा के अलग-अलग इलाकों में हमले किए। इसमें वह क्षेत्र भी शामिल हैं, जहां फलस्तीनी नागरिकों को शरण लेने के लिए कहा गया था। यह हमला फलस्तीन के हमास शासित क्षेत्र में मानवीय सहायता की एक और खेप ले जाने की अनुमति दिए जाने के बाद किया गया। माना रहा है कि इजराइल सात अक्टूबर को हमास के अप्रत्याशित हमले की प्रतिक्रिया के रूप में गाजा में जमीनी आक्रमण शुरू करने की तैयारी में है। सीमा पर टैंक और हजारों सैनिक लामबंद हो चुके हैं। इजराइल का कहना है कि उसने अगले चरण में सैन्य जोखिम को कम करने के लिए हवाई हमले बढ़ा दिए हैं। दोनों पक्षों में जारी संघर्ष के बीच क्षेत्र में बड़े पैमाने पर युद्ध की आशंकाएं बढ़ गई हैं। हाल के दिनों में इजराइली युद्धक विमानों ने सीरिया, लेबनान और इजराइल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में कई ठिकानों को निशाना बनाया है। उसका चरमपंथी संगठन हिज्बुल्लाह के साथ भी अक्सर आमना-सामना होता रहा है। हिज्बुल्ला के पास हजारों रॉकेट हैं।

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को उत्तरी इजराइल में सैनिकों से कहा कि अगर हिज्बुल्ला युद्ध शुरू करता है तो वह अपने जीवन की बड़ी गलती करेगा। हम अपनी ताकत से उसे इस कदर कुचल देंगे, जिसकी वह कल्पना भी नहीं कर सकता। इसके परिणाम उसके (हिज्बुल्ला) और लेबनान के लिए विनाशकारी होंगे। हिज्बुल्ला की राजनीतिक शाखा लेबनानी सरकार का हिस्सा है, लेकिन इसके लड़ाके राज्य के नियंत्रण से बाहर रहकर अपनी गतिविधियां संचालित करते हैं। इजराइल ने हिज्बुल्ला के साथ 2006 के युद्ध के दौरान बेरूत हवाई अड्डा और असैन्य अवसंरचना पर भारी बमबारी की थी। इजराइल इस बीच सीमा के अपने हिस्से से कुछ लोगों को हटा रहा है। मौजूदा युद्ध के दौरान इजराइल में 1,400 से अधिक लोग मारे गए हैं। इनमें से ज्यादातर आम नागरिक थे, जो हमास के शुरुआती हमले के दौरान मारे गए। वहीं, बच्चों, महिलाओं समेत कम से कम 212 लोगों को बंधक बनाकर गाजा ले जाया गया।

मानवीय सहायता की पहली खेप पहुंचने से कुछ घंटे पहले हमास ने शुक्रवार को दो अमेरिकी नागरिकों को रिहा कर दिया। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गाजा में 4,600 से अधिक लोग मारे गए हैं। इसमें एक अस्पताल में विस्फोट से मारे गए लोगों की संख्या भी शामिल है। फलस्तीनियों के लिए राहत सामग्री को लेकर 20 ट्रकों का एक काफिला शनिवार को गाजा में दाखिल हुआ। इसके बाद, इजराइल ने रविवार को गाजा में 15 ट्रकों में राहत सामग्री लेकर आए दूसरे काफिले को भी अनुमति दी। ट्रकों का काफिला मिस्र से राफा क्रॉसिंग के जरिए दाखिल हुआ। फलस्तीनी नागरिक मामलों के लिए जिम्मेदार इजराइली रक्षा निकाय सीओजीएटी ने कहा कि सहायता में पानी, भोजन और चिकित्सा आपूर्ति शामिल है और गाजा पहुंचने से पहले इजराइल द्वारा इसका निरीक्षण किया गया था। व्हाइट हाउस द्वारा जारी बयान के मुताबिक, रविवार को एक फोन कॉल में इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने पुष्टि की कि अब गाजा में मानवीय सहायता जारी रहेगी।

राहत कर्मियों ने कहा है कि गाजा में बढ़ते मानवीय संकट के बीच अब तक बहुत कम राहत सामग्री पहुंची है, जहां क्षेत्र की 23 लाख आबादी में से आधे से ज्यादा लोग अपने घर छोड़ चुके हैं। मानवीय मदद के लिए संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी संयुक्त राष्ट्र मानवीय सहायता समन्वय कार्यालय (ओसीएचए) ने कहा कि युद्ध से पहले जितनी आपूर्ति होती थी, उसकी तुलना में शनिवार को महज चार प्रतिशत आपूर्ति ही हुई, जो 13 दिनों से पूर्ण घेराबंदी के मद्देनजर नाकाफी है। इजराइली सेना ने कहा कि गाजा में मानवीय स्थिति नियंत्रण में है, वहीं ओसीएचए ने हर दिन 100 ट्रकों को दाखिल होने की अनुमति देने का आह्वान किया है। ( शेष पेज 9 )

# फिरकी के बेताज बादशाह बिशन सिंह बेदी नहीं रहे



1946-2023

● भारतीय टीम के पूर्व कप्तान ने देश के लिए खेलते हुए 67 टेस्ट मैच में 266 विकेट लिए थे


● वे भारतीय क्रिकेट के स्पिनरों की उस स्वर्णिम चौकड़ी का हिस्सा थे जिसमें उनके अलावा प्रसन्ना, चंद्रशेखर और वेंकटराघवन शामिल थे

**भाषा।** नई दिल्ली


**भारत** के पूर्व कप्तान और बाएं हाथ के देश के महानतम स्पिनर बिशन सिंह बेदी का लंबी बीमारी के बाद सोमवार को निधन हो गया। वह 77 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी अंजू, बेटा अंगद और बेटी नेहा हैं। उनके एक करीबी दोस्त ने कहा, उन्होंने आज सुबह अपने घर पर अंतिम सांस ली। हाल ही में उनके घुटने का ऑपरेशन हुआ था। संक्रमण फैल गया और वह इससे उबर नहीं सके। बेदी का जन्म 1946 में अमृतसर में हुआ था। उन्होंने भारत के लिए 67 टेस्ट खेले और 266 विकेट लिए। उन्होंने पारी में 14 बार पांच विकेट और मैच में एक बार 10 विकेट चटकाने का कारनामा किया। वह भारतीय क्रिकेट के स्पिनरों की उस स्वर्णिम चौकड़ी का हिस्सा थे जिसमें उनके अलावा इरापल्ली प्रसन्ना, भागवत चंद्रशेखर और श्रीनिवास वेंकटराघवन शामिल थे। वह 1966 और 1978 के बीच एक दशक से अधिक समय तक भारत की गेंदबाजी इकाई का प्रमुख हिस्सा रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे सहित कई प्रमुख लोगों ने बेदी के निधन पर शोक जताया और कहा कि वह क्रिकेटरों की भावी पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे। बेदी 1990 में न्यूजीलैंड और इंग्लैंड दौरे के दौरान कुछ समय के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के मैनेजर थे। वह राष्ट्रीय चयनकर्ता होने के साथ मनिंदर सिंह और मुरली कार्तिक जैसे कई प्रतिभाशाली स्पिनरों के गुरु भी थे।

बेदी सबसे सबसे सफल भारतीय कप्तानों में से एक थे और उन्होंने मंसूर अली खान पटौदी के संन्यास बाद 1975 से 1979 के बीच भारतीय टेस्ट क्रिकेट का लगभग चार वर्षों तक नेतृत्व किया। वह अपने पूरे जीवन में सत्ता-विरोधी रहे और उनके विचार अक्सर सत्ता में बैठे लोगों पर सवाल उठाते रहे। वह 1974 से 1982 तक सबसे लंबे समय तक दिल्ली रणजी टीम के कप्तान रहे और उनके नेतृत्व में यह टीम राष्ट्रीय क्रिकेट बड़ी ताकत बन बन कर उभरी। उनके निधन की खबर सार्वजनिक होते ही सोशल मीडिया पर शोक संवेदनाएं उमड़ पड़ीं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपने आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट पर लिया, बीसीसीआई ने भारत के पूर्व टेस्ट कप्तान और महान स्पिनर बिशन सिंह बेदी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। क्रिकेट जगत ने इस पूर्व दिग्गज को सोशल मीडिया के जरिए श्रद्धांजलि दी। बीसीबीआई सचिव जय शाह ने कहा, बिशन सिंह बेदी के निधन की खबर सुनकर दुख हुआ। भारतीय क्रिकेट ने आज एक बड़ी हस्ती को खो दिया। बेदी सर ने क्रिकेट के एक युग को परिभाषित किया और उन्होंने एक स्पिन गेंदबाज के रूप में अपनी कलात्मकता और जज्बे से खेल पर एक अमिट छाप छोड़ी। इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उनके परिवार और प्रियजनों के साथ हैं। ( शेष पेज 9 )

## अवकाश सूचना



विजया दशमी के उपलक्ष्य में पायनियर कार्यालय एवं प्रेस में दिनांक 24 अक्टूबर 2023 को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 26 अक्टूबर 2023 को प्रकाशित होगा।



**विश्व कप क्रिकेट**

● **परिणाम:** अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को हराया

● **आज:** दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश

# हमेशा कल्याण का रास्ता प्रशस्त किया है सनातन धर्म ने: योगी

● कहा, हर काल और परिस्थिति में जब भी दुष्प्रवृत्तियां प्रभावी होती हुईं दिखाई दी तो सनातन धर्म ने हमेशा उन्हें चुनौती के रूप में स्वीकार किया

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर



उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महानवमी पर गोरखपुर में बेटियों के पांव पखार कर मातृ शक्ति की आराधना की

**उप्र** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रत्येक काल और परिस्थिति में जब भी दुष्प्रवृत्तियां प्रभावी होती हुईं दिखाई दीं तो सनातन धर्म ने हमेशा उन्हें चुनौती के रूप में स्वीकार किया और उनका सामना करते हुए लोक कल्याण, राष्ट्र कल्याण और मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया। योगी आदित्यनाथ ने आज यहां गोरक्षनाथ मन्दिर में कन्या पूजन के उपरान्त पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आज महानवमी की तिथि तथा मां सिद्धिदात्री का दिन है।

गोरक्षपीठ के महंत एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, सनातन धर्म ने सदैव मातृ शक्ति के सम्मान व उनके सशक्तीकरण पर जोर दिया और इसीलिए कुंवारी कन्याओं का पूजन किया जाता है। उन्होंने कहा, यह हमारा सौभाग्य है कि हमें कन्याओं के पूजन व अनुष्ठान कार्यक्रम से जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ। यह मातृ शक्ति के प्रति सम्मान और सशक्तीकरण का एक बहुत अच्छा एवं पवित्र माध्यम है। योगी ने कहा कि इस अवसर पर पूरे प्रदेश में नवदुर्गा पूजा के कार्यक्रम हर्षोल्लास और उमंग के साथ आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं शासन स्तर पर प्रभावी ढंग से मिशन शक्ति के चतुर्थ चरण का कार्यक्रम कुशलतापूर्वक आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कल विजयादशमी का पर्व है, यह धर्म, सत्य और न्याय की विजय का पर्व है। उन्होंने कहा कि देश और दुनिया में जहां कहीं भी सनातन धर्मावलम्बी हैं, वे बड़े उत्साह और उमंग के साथ प्रभु श्री राम की दुराचारी रावण पर विजय के महापर्व, विजयादशमी के आयोजन से जुड़ रहे हैं। देश-प्रदेश में जगह-जगह रामलीला सहित अनेक प्रकार के आयोजन इस अवसर पर हो रहे हैं। योगी ने प्रदेशवासियों को शारदीय नवरात्रि और विजयादशमी की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमें विश्वास है कि जगत जननी मां भगवती दुर्गा का आशीर्वाद प्रदेशवासियों को समाज की एकता, सशक्तिकरण और मातृ शक्ति के सम्मान के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की अनेक योजनाएं नारी गरिमा के अनुरूप उनकी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़ी हुई हैं। इन योजनाओं के प्रति जन जागरण और इनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मिशन शक्ति का चतुर्थ चरण प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जा रहा है।

## क्विक न्यूज

### प्रधानमंत्री को मिले उपहारों की नीलामी में राम दरबार की प्रतिमा, स्वर्ण मंदिर का मॉडल भी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दिए गए उपहारों और स्मृति चिह्नों की नीलामी के नवीनतम दौर में रामदरबार की प्रतिमा, अमृतसर के स्वर्णमंदिर का मॉडल, कामधेनु और यरूशलम की स्मारिका लोकप्रिय वस्तुओं में शामिल हैं। यह नीलामी दो अक्टूबर को शुरू हुई थी, जो 31 अक्टूबर को समाप्त होगी। संस्कृति राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी ने यहां राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय में पत्रकारों से बातचीत की तथा ई-नीलामी में शामिल वस्तुओं की सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने लोगों से आगे आकर इस नीलामी में भाग लेने की अपील की। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि राम दरबार की प्रतिमा, अमृतसर के स्वर्णमंदिर का मॉडल, कामधेनु और यरूशलम की स्मारिका लोकप्रिय वस्तुओं में शामिल है, जिनके प्रति निविदाकर्ताओं में आकर्षण है। भगवान लक्ष्मी नारायण विट्ठल, देवी रुक्मिणी, अरणमूला कन्नडी, भगवान राम, सीता, लक्ष्मी और हनुमान की कांस्य प्रतिमा भी लोकप्रिय सामानों में शामिल है। मोढेरा के सूर्य मंदिर, चितौड़गढ़ के विजय स्तंभ की प्रतिकृतियां, चंबा रूमाल, वाराणसी के घाट को दर्शाने वाली पेंटिंग उन 912 सामानों में शामिल है, जिन्हें प्रधानमंत्री को मिले उपहारों और स्मृतिचिह्नों की ई-नीलामी के नवीनतम दौर में शामिल किया गया है।

# पीएम ने किंग अब्दुल्ला से की बात, गाजा पर जताई चिंता

● कहा-सुरक्षा और मानवीय स्थिति के शीघ्र समाधान के लिए ठोस प्रयासों की जरूरत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय का फाइल चित्र

**इजराइल** और हमास के बीच बढ़ते संघर्ष के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला-द्वितीय से बात की और दोनों नेताओं ने आतंकवाद, हिंसा और नागरिक जीवन के नुकसान के बारे में चिंताएं साझा कीं। मोदी ने कहा कि सुरक्षा और मानवीय स्थिति के शीघ्र समाधान के लिए ठोस प्रयासों की जरूरत है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा, 'जॉर्डन के महामहिम शाह अब्दुल्ला द्वितीय से बात की। पश्चिम एशिया क्षेत्र के विकास पर विचारों का आदान-प्रदान किया। हम आतंकवाद, हिंसा और नागरिक जीवन के नुकसान के बारे में चिंताओं को साझा करते हैं। सुरक्षा और मानवीय स्थिति के शीघ्र समाधान के लिए ठोस प्रयासों की आवश्यकता है। संयोग से प्रधान मंत्री मोदी ने 19 अक्टूबर को फलस्तीनी प्राधिकरण के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से बात की थी। बातचीत के दौरान मोदी ने कहा कि भारत फलस्तीनियों को मानवीय सहायता भेजना जारी रखेगा। उन्होंने गाजा पट्टी में एक अस्पताल में बमबारी के कारण नागरिकों की मौत पर भी अपनी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने क्षेत्र में आतंकवाद, हिंसा और बिगड़ती सुरक्षा स्थिति पर अपनी गहरी चिंता साझा की। मोदी ने अब्बास से बात करने के बाद कहा, इजराइल-फलस्तीन मुद्दे पर भारत की लंबे समय से चली आ रही सैद्धांतिक स्थिति को दोहराया। हमास द्वारा 20 मिनट में इज़राइल पर 5,000 रॉकेट दागने और 7 अक्टूबर को ज़मीन, हवा और समुद्र से हमला शुरू करने के तुरंत बाद एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि वह 'इज़राइल में आतंकवादी हमलों की खबर से गहरे सदमे में हैं। ( शेष पेज 9 )


# पुलिस ड्यूटी में शीघ्र तैनात होंगे भारतीय नस्ल के कुत्ते

● रामपुर हाउंड, हिमाचली शेफर्ड, गद्दी, बखरवाल और तिब्बती मास्टिफ जैसे भारतीय नस्ल के कुत्ते जल्द ही जोखिम वाले क्षेत्रों में गश्त के अलावा संदिग्धों, नशीले पदार्थों और विस्फोटकों की पहचान करने जैसे कामों में लगाए जाएंगे


**एजेंसी।** नई दिल्ली



रामपुर ग्रे हाउंड



बखरवाल



तिब्बितयन मास्टिफ

**रामपुर** हाउंड, हिमाचली शेफर्ड, गद्दी, बखरवाल और तिब्बती मास्टिफ जैसे भारतीय नस्ल के कुत्ते जल्द ही जोखिम वाले क्षेत्रों में गश्त के अलावा संदिग्धों, नशीले पदार्थों और विस्फोटकों की पहचान करने जैसे कामों में पुलिस की मदद के लिए तैनात किए जा सकते हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) जैसे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) पुलिस ड्यूटी के वास्ते भारतीय नस्ल के कुत्तों की भर्ती करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

अधिकारियों के मुताबिक, रामपुर हाउंड नस्ल के कुछ कुत्तों को पुलिस ड्यूटी में तैनात करने का परीक्षण जारी है। उन्होंने बताया कि हिमालई कुत्तों को भी पुलिस ड्यूटी में लगाने संबंधी परीक्षण के लिए आदेश जारी किया गया है। मौजूदा समय में पुलिस ड्यूटी में तैनात लगभग सभी कुत्ते जर्मन शेफर्ड, लैब्राडोर, बेल्जियम मैलिनोइस और कॉकर स्पैनियल जैसी विदेशी नस्लों के हैं। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने कहा, एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल) और आईटीबीपी (भारत तिब्बत सीमा पुलिस) ने भारतीय नस्ल के कुत्ते मुधोल हाउंड को पुलिस ड्यूटी में तैनात करने संबंधी परीक्षण पहले ही पूरा कर लिया है। सीआरपीएफ और बीएसएफ के कुत्ता प्रशिक्षण केंद्रों में रामपुर हाउंड जैसे भारतीय नस्ल के कुछ अन्य कुत्तों का परीक्षण भी किया जा रहा है। अधिकारी के मुताबिक, इसके अलावा मंत्रालय ने बीएसएफ, आईटीबीपी और एसएसबी को हिमाचली शेफर्ड, गद्दी, बखरवाल और तिब्बती मास्टिफ जैसे हिमालई कुत्तों के परीक्षण का आदेश दिया है। उन्होंने बताया कि इन कुत्तों को पुलिस ड्यूटी में तैनात करने का परीक्षण जारी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहले भी वैज्ञानिक तरीकों से स्थानीय कुत्तों की नस्ल को बढ़ावा देने की बात कह चुके हैं। सीएपीएफ द्वारा किराए पर लिए गए सभी कुत्ते पुलिस सेवा के9 (पीएसके) दस्तों का हिस्सा हैं। ( शेष पेज 9 )

# गौतमबुद्धनगर की सीमाओं पर सुलग रही पराली

## सैटेलाइट इमेज देखने के बाद अधिकारियों की टूटी नींद, जिला प्रशासन ने तीन किसानों को नोटिस जारी किया

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सैटेलाइट से पराली जलाने को लेकर मिल रही इमेज ने इन दिनों प्रशासनिक अधिकारियों की नींद उड़ा दी है। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला घटना स्थल की तरफ दौड़ रहा है। सैटेलाइट के जरिए मिली सूचना के आधार पर जिले में 10 से अधिक स्थानों पर पराली जली है। हालांकि जिला प्रशासन महज पांच स्थानों पर पराली जलाए जाने का दावा कर रहा है।

प्रशासन ने पराली जलाने के मामले में केवल तीन किसानों को नोटिस जारी किया है। दो स्थानों पर पराली के बजाय कूड़े के ढेर में आग सुलगती मिली। जबकि अन्य मामलों में प्रशासन जिले के बजाय बुलंदशहर, अलीगढ़ की सीमा में पराली जलने का दावा कर रहा है।

बता दें कि लेखपाल व पंचायत सचिवों की नजर से भले ही किसान बचे रहे, लेकिन सेटेलाइट की नजर से वे इस बार नहीं बच सकते। रात के अंधेरे में भी यदि किसानों ने पराली जलाई तो सेटेलाइट के जरिए तत्काल सूचना जिला प्रशासन को मिलेगी। धान की फ सल के अवशेष पराली जलने पर कर्मचारियों से लेकर अफ सरों तक की जिम्मेदारी तय कर दी गई है। कार्रवाई के भय से संबंधित विभागों ने निगरानी बढ़ा दी है। देखा जा रहा है कि कहीं पराली जलाई तो नहीं जा रही। अधिकारियों का दावा है कि जिला स्तर पर पराली जलाने से रोकने के लिए सेल गठित किया है। इसके साथ ही तहसील स्तर पर एसडीएम की अगुवाई में दस्ते बनाए गए हैं। लेखपालों व पंचायत सचिवों के साथ ग्राम प्रधानों को विशेष तौर पर जिम्मेदारी दी गई है।


फाइल फोटो

**''सैटेलाइट के जरिए जिले में पांच स्थानों पर पराली जलने की सूचना मिली। जांच के दौरान तीन स्थानों पर पराली जलाने का मामला सामने आया है। संबंधित किसानों को नोटिस जारी कर दिया गया है। किसानों को हिदायत दी गई है कि वे पराली न जलाएं।''**
**-विनोद कुमार,**
**जिला कृषि अधिकारी**

जेवर के मेवला गोपालगढ़ गांव में प्रशासनिक अधिकारियों को पराली जलाए जाने की सूचना मिली। आनन-फानन में प्रशासन की टीम मौंके पर निरीक्षण करने पहुंची। हालांकि मौंके पर कूड़े के ढेर में आग सुलगता देख अधिकारियों ने राहत की सांस ली। जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार सिंह ने बताया कि किसी ने कूड़े के ढेर में आग लगा दी थी। सूचना पर विभाग ने जांच की। इसकी सूचना शासन को भेज दी गई है। जिले में इक्का दुक्का स्थानों पर ही पराली जलाए जाने के मामले अभी तक सामने आए हैं। ऐसे किसानों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

### ग्रेनो में लगातार खराब हो रही आबोहवा

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की एयर क्वालिटी बेहद खराब हो रही है। दिल्ली. एनसीआर के सभी शहरों की एयर क्वालिटी भी खराब श्रेणी में है। इस सीजन में शायद ऐसा पहली बार हुआ, जब नेशनल कैपिटल रीजन के किसी भी शहर की हवा सामान्य श्रेणी में भी नहीं है। इन सबके बावजूद लोकल अथॉरिटीज दावा कर रही हैं कि पिछले सालों की तुलना में वायु प्रदूषण में कमी आई है। केंद्रीय प्रदूषण कंट्रोल के समर एप ने एयर क्वालिटी का इंडेक्स जारी किया।

## संक्षिप्त समाचार


लूट के माल के साथ आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

### पुलिस ने दो झपटमार को किया गिरफ्तार

**नोएडा।** पुलिस ने सीसीटीवी और इलेक्ट्रानिक सर्विलांस के आधार पर दो बदमाशों को भूड़ा तिराहे के पास से गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान मोनू पुत्र रविंद्र और बादल पुत्र राकेश हुई है। दोनों ही थाना फेज×2 के इलाहाबास निवासी है। इनके पास से 4 मोबाइल फोन बरामद किए है। 22 अक्टूबर को पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी कि 19 अक्टूबर को वो फेज.2 स्थित सुब्रोज कंपनी के पास से रात करीब पौने दस बजे डियूटी के करने जा रहा था। इस दौरान बाइक सवार दो बदमाश उसके पास आए मोबाइल झपट कर फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने कंपनी के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे और तलाश शुरू की। मुखबिर और मोबाइल फोन लोकेशन के आधार पर पुलिस ने दोनों बदमाशों को गिरफ्तार किया। ये बदमाश रात में कंपनी आने जाने वाले लोगों से मोबाइल झपट ते थे। इनका आपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है। बरामद किए गए मोबाइल भी अलग.अलग स्थानों से छीने गए थे। इस मोबाइल को ये सस्ते दामों पर बेच देते थे। इन पैसों से मौज मस्ती करते थे।

### देवी मंदिर में दर्शनों के लिए उमड़े भक्त

**गाजियाबाद।** नवरात्रि के आखिरी दिन मां सिद्धिदात्री देवी को समर्पित होता है। मां सिद्धिदात्री को देवी सरस्वती का स्वरूप माना जाता है। नवरात्रि के आखिरी दिन दिल्ली गेट स्थित देवी मंदिरों में भक्तों की भीड उमडी। सुबह से ही मंदिर में दर्शनों के लिए भक्तों की लाइन लगनी शुरू हो गई। भक्तों ने मां को नैवेद्य, श्रंगार, चुनरी, नारियल, सिंदूर और भोग अर्पित कर मनोकामना मांगी। बच्चों से लेकर बडों व महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। वहीं मंदिर में नवरात्रि के आखिर दिन यज्ञाहूति दी गई। हवन पूजन के बाद कीर्तन किया गया। मंदिर के महंत गिरिशानंद गिरी महाराज ने बताया कि मां सिद्धिदात्री की अनुकंपा से ही शिवजी का आधा शरीर देवी का हुआ और इन्हें अर्द्धनारीश्वर कहा गया। मां को बैंगनीऔर लाल रंग अतिप्रिय होता है। मां का यह रूप सभी सिद्धियों को प्रदान करने वाला है। मां सिद्धिदात्री की पूजा.अर्चना से सभी तरह की सिद्धियां प्राप्त होती है और लौकिक.परलौकिक सभी तरह की मनोकामनाओं की पूर्ति भी होती है। नवरात्रि के आखिरी दिन भक्तों ने मां सिद्धिदात्री का पूजन कर व्रत का पारण किया। नवमी पूजन के उपरांत उपासकों ने कन्या पूजन किया व नवरात्र सम्पन्न किए। घरों में भी नवमी पूजन धूमधाम से किया गया।

### युवक पर गोली चलाने वाला पकड़ा गया

**नोएडा।** दादरी क्षेत्र में करीब एक माह पूर्व गोली मारकर एक व्यक्ति की हत्या का प्रयास करने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफघायल युवक की पत्नी ने नामजद मुकदमा दर्ज कराया था। थाना प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि 18 सितंबर 2023 को ग्राम मिल्क खटाना निवासी पूजा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके पति कुलदीप पर कुछ लोगों ने जानलेवा हमला किया। कुलदीप को मारने की नीयत से उस पर तमंचे से फायर किया गया। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

### पुश्तैनी जमीन पर बुलडोजर चलाने का आरोप

**नोएडा।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र के सरकपुर गांव में तहसील के अधिकारियों पर पुश्तैनी जमीन पर अवैध रूप से बुलडोजर चलाने का आरोप लगा है। वहीं, अधिकारियों को कहना है कि शिकायत करने वाले पक्ष ने ग्राम समाज की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर रखा था। जिसको वहां पहुंचकर टीम ने हटाया है। पीड़ित पक्ष ने डीएम से मामले की शिकायत की है। देशराज ने कहा कि उनकी गांव में पुश्तैनी जमीन है। जिस पर उन्होंने गोशाला समेत अन्य निर्माण कर रखा था। उनका आरोप है कि रविवार की शाम तहसील सदर के अधिकारियों ने बुलडोजर ले जाकर वहां पर उनकी गोशाला समेत अन्य को तोड़ दिया।

# पूर्व प्रधान के बेटे पर चाकू से 14 वार

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा में रबूपुरा कोतवाली के भीकनपुर गांव के पूर्व के 36 वर्षीय बेटे की रविवार रात चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने देर रात वारदात को अंजाम दिया। उसके सिर, चेहरे और गर्दन पर चाकू से लगभग 14 वार किए गए हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस ने पीड़ित परिवार की शिकायत के आधार पर अज्ञात हमलावरों के खिलाफकेस दर्ज कर जांच शुरू की है। पूर्व प्रधान लखपत सिंह के चार बेटे हैं। तीसरे नंबर का बेटा ललित मुर्गी फार्म चलाता था।

रविवार रात लगभग आठ बजे ललित घर से मुर्गी फार्म जाने के लिए निकला था। घर और मुर्गी फार्म के बीच आरोपियों ने ललित को चाकू से गोद दिया। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और ललित को उपचार के लिए बुलंदशहर स्थित एक अस्पताल ले जाया गया।

अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस और फ ोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। परिजनों ने किसी से रंजिश आदि की जानकारी पुलिस को नहीं दी है। मृतक के परिजनों ने हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, ललित की अभी शादी नहीं हुई थी। पुलिस उसकी फोन कॉल की डिटेल भी खंगाल रही है। परिजनों ने किसी भी व्यक्ति पर हत्या का शक व्यक्त नहीं किया है।

**● अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज, पुलिस को आपसी रंजिश का शक**



पीड़ित परिवार ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ कोतवाली में रविवार की रात को केस दर्ज कराया है। वहीं, जिस तरह चाकू से हमला कर बेरहमी से उसकी हत्या की गई है। उसके हिसाब से पुलिस अनुमान लगा रही है कि किसी ने रंजिश में ही इस घटना को अंजाम दिया है। रबूपुरा कोतवाली प्रभारी सुधीर कुमार का कहना है कि पीड़ित परिवार की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस विभिन्न पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

# ट्रांसपोटर अब बेच सकेंगे प्लॉट

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा के सेक्टर-69 स्थित ट्रांसपोर्ट नगर के ट्रांसपोर्टर्स के अच्छे दिन आने वाले हैं। पांच वर्ष की प्रतीक्षा के बाद अब ट्रांसपोर्टर्स अपना भूखंड बेच सकेंगे या किराये पर दे सकेंगे। दरअसल, भूखंडों का आवंटन हुए पांच वर्ष बीत चुके हैं। इसी के साथ पांच वर्ष तक भूखंड न बेचने या किराये पर न देने की प्राधिकरण की शर्त भी स्वत समाप्त हो गई है।

आपको बता दें कि ट्रांसपोर्टर्स को सेक्टर-69 में ट्रांसपोर्टनगर के लिए भूखंड आवंटित हुए थे। हालांकि कुछ ट्रांसपोर्टर्स ने अपने कार्यालय के अलावा अपना परिसर किराये पर भी उठा दिया है। लेकिन वह वैधानिक नहीं है। वर्ष.2018 में प्राधिकरण द्वारा ट्रांसपोर्टर्स को पहले चरण में सेक्टर.69 में 105 भूखंड दिए गए। दूसरे चरण में फेज टू स्थित सेक्टर.88 में ट्रांसपोर्ट नगर बसाया गया था। इस सेक्टर में वर्ष 2021 में जून.जुलाई महीने से कब्जा देना शुरू किया गया। यहां पर 89 भूखंड हैं। अब इन जगह ट्रांसपोर्टरों ने अपने ऑफिस खोल लिए हैं। आवंटन के समय प्राधिकरण ने शर्त लगाई थी कि पांच साल तक भूखंड नहीं बेच सकेंगे। अब सेक्टर-69 मामले में यह समय.सीमा पूरी हो चुकी है।

ट्रांसपोर्टरों ने प्राधिकरण से बेचने और किराए पर देने की प्रक्रिया शुरू करने की मांग की। नोएडा ट्रांसपोर्ट संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष वेदपाल चौधरी का कहना है कि आवंटन की शर्तों के अनुसार पांच साल तक भूखंड नहीं बेचने का समय पूरा हो चुका है। ऐसे में नोएडा प्राधिकरण को जल्द अनुमति देनी चाहिए। नोएडा प्राधिकरण की एजीएम प्रिया सिंह का कहना है कि पॉलिसी तैयार करने का काम कमेटी करेगी। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### गंभीर रूप से झुलसे बच्चे की मौत, मृतकों की संख्या हुई तीन

**नोएडा।** थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सलारपुर गांव में 14 अक्टूबर को समोसा बनाते समय गैस सिलेंडर फ टने से सात लोग घायल होने के मामले में उपचार के दौरान बीती रात को बच्चों की मौत हो गई है इस घटना में दो लोगों की पूर्व में मौत हो चुकी है थाना सेक्टर-39 के प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने जानकारी दी।

14 अक्टूबर को भूप सिंह भड़ाना के मकान में रहने वाले रणबीर गुप्ता अपने घर पर समोसा बना रहे थे। उसी समय छोटा गैस का सिलेंडर फ ट गया। रणवीर, गुडिया, माया, मालती, विजय, रणधीर, सरोज और एक बालक कान्हा सहित सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

# 15 घंटे बाद परिजनों ने शव उठाया, एसएचओ निलंबित

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

बीती रात टीला मोड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत महमूदपुर रिस्तल निवासी 40 वर्षीय प्रमोद उर्फलालू की गोलियों से भूनकर नृशंस हत्या कर दी गई थी। प्रमोद की हत्या के बाद उसके परिजनों व ग्रामींणों के अलावा आस.पास के गांव में रहने वाले लोगों में आक्रोश की स्थिति व्याप्त हो गई थी।

ग्रामीणों में पुलिस व कुछ नेताओं के प्रति कितना रोष रहा होगा इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि महमूदपुर और उसके आस.पास के गांवों में रहने वाले सैंकड़ों ग्रामींणों ने मृतक प्रमोद उर्फलालू के शव को रास्ते पर रखकर पूरी रात प्रदर्शन किया। इतना ही नहीं उक्त सनसनीखेज वारदात की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे डीसीपी ट्रांस हिंडन शुभम पटेल एवं एसीपी शलीमार गार्डन सूर्यबली मौर्य के द्वारा लाख समझाने पर भी ग्रामींणों ने प्रमोद का शव पुलिस को नहीं सौंपा। ग्रामीणों ने प्रमोद के शव को वारदात के पंद्रह घंटे के बाद उसी समय पुलिस को सौंपा कि जब मौके पर पहुंचे एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने न केवल रिस्तल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार को तत्काल सस्पेंड कर दिया बल्कि उन्होंने मृतक के परिजनों व ग्रामींणों को इस वारदात में शामिल हर अभियुक्त के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन भी दे दिया। उसके बाद भी ग्रामींण लोनी के सत्तारूढ़ दल के एक कद्दावर नेता के खिलाफ भी कार्रवाई करने की मांग पर अड़े हुए दिखाई दिये। इस पर श्री पी ने कहा कि प्रमोद मर्डर केस में जो भी संलिप्त पाया जायेगा कमिश्नरेट पुलिस उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने से नहीं हिचकेगी।

**● प्रमोद मर्डर केस में कई लोगों पर हुआ मुकदमा दर्ज**

हत्याकाण्ड के मामले में डीसीपी ट्रांस हिंडन शुभम पटेल ने बताया कि प्रमोद की हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गये थे। पुलिस ने मृतक के परिजनों के द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर कपिल के सहित आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया।


**SRF LIMITED**
SRF
Regd. Office: The Galleria, DLF Mayur Vihar, Unit No. 236 & 237, 2nd Floor, Mayur Vihar Place, Noida Link Road, Mayur Vihar Phase I Extn, Delhi-110091
Corporate Office: Block-C, Sector 45, Gurugram, Haryana-122 003
Tel. No (Regd office) : (+91-11) 49482870; Fax : (+91-11) 49482900
E-mail: cs@srf.com, Website: www.srf.com; CIN: L18101DL1970PLC005197

**NOTICE**

Notice is hereby given that Share Certificates pertaining to shares of the Company detailed below have been reported lost and request(s) for issue of duplicate Certificates in lieu thereof have been received by the Company. Shareholder(s)/Claimant(s) shall also be entitled to Bonus Shares in the ratio of (4:1) on these shares from Investor Education & Protection Fund Authority :-

| Sl. No. | Folio No. | Name of the Share Holder / Legal Heir (Claimant) | Cert-No. | Dist-No. (from) | Dist-No. (to) | Lost Shares |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | S 0001746 | SAVITRIBAI GORDHANDAS THAKKAR(Holder) | 338886 | 16498365 | 16498369 | 5 |
| | | | 90038215 | 7531130 | 7531169 | 40 |
| | | | 1132458 | 295317854 | 295318033 | 180 |
| 2 | SRF0021143 | VILASBEN M PATEL (Holder) MANUBHAI MOHANBHAI PATEL (Deceased) | 354228-30 | 16805662 | 16805696 | 35 |
| | | | 503228-30 | 24825454 | 24825488 | 35 |
| | | | 1138050 | 296455186 | 296455465 | 280 |
| 3 | R 0004792 | JYOTI SURESH (Claimant) RAMAIER NATARAJ (Deceased) | 52656 | 2777776 | 2777800 | 25 |
| | | | 76609 | 3562599 | 3562609 | 11 |
| | | | 335780-83 | 16429280 | 16429346 | 67 |
| | | | 484780-83 | 24449072 | 24449138 | 67 |
| | | | 90035653-54 | 7440314 | 7440393 | 80 |
| | | | 90008307 | 5730064 | 5730081 | 18 |
| | | | 1133323 | 295484202 | 295485273 | 1072 |
| 4 | S 0008504 | SUDERSHAN MALIK (Holder) | 1115 | 1153361 | 1153410 | 50 |
| | | | 3938 | 1249576 | 1249625 | 50 |
| | | | 20672 | 1882701 | 1882725 | 25 |
| | | | 20712 | 1883701 | 1883725 | 25 |
| | | | 21074 | 1893876 | 1893900 | 25 |
| | | | 22632 | 1937776 | 1937800 | 25 |
| | | | 47337 | 2629426 | 2629450 | 25 |
| | | | 48808 | 2670001 | 2670025 | 25 |
| | | | 50456 | 2715651 | 2715675 | 25 |
| | | | 51076 | 2732426 | 2732450 | 25 |
| | | | 81521-22 | 3638493 | 3638592 | 100 |
| | | | 147073-76 | 5859168 | 5859367 | 200 |
| | | | 1134056 | 295647074 | 295649473 | 2400 |
| 5 | SRF0036061 | MOOL CHAND KUMRA (Joint Holder 1) MADHU SUDAN KUMRA (Joint Holder 2) TRIPTA KUMRA (Deceased) | 90076031-32 | 9235610 | 9235669 | 60 |
| | | | 1137331 | 296299554 | 296299793 | 240 |
| 6 | SRF0103856 | GIRDHARILAL BOOB (Holder 1) ASHOK KUMAR DAMANI(Joint Holder) | 90145409 | 8785422 | 8785471 | 50 |
| | | | 1138486 | 296549382 | 296549581 | 200 |
| 7 | SRF0026149 | MALTI NEHRU (Holder 1) ASHOK KUMAR NEHRU (Joint Holder) | 361098-102 | 16912903 | 16912980 | 78 |
| | | | 510098-102 | 24932695 | 24932772 | 78 |
| | | | 90057609-11 | 8654562 | 8654661 | 100 |
| | | | 90186204 | 14802040 | 14802084 | 45 |
| | | | 1134017 | 295641490 | 295642693 | 1204 |
| 8 | SRF0100755 | AJIT KUMAR MAYOR (Holder) | 92808 | 3325347 | 3325396 | 50 |
| | | | 143243 | 5784390 | 5784414 | 25 |
| | | | 149914 | 5948984 | 5949008 | 25 |
| | | | 1134149 | 295668174 | 295668573 | 400 |

Any person having any claim /objection in respect of the above requests should lodge such claim/ objection with the company at its Corporate Office within 15 days of the publication of this notice, failing which the company will consider to give effect to the above requests..
Public is hereby cautioned against dealing with the aforesaid share certificates.

For **SRF LIMITED**
Sd/-
**RAJAT LAKHANPAL**
Sr. VP (Corporate Compliance) & Company Secretary

Place: Gurugram
Date: 23-10-2023


# ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क में पुलिस मुठभेड़ में शातिर लुटेरे को लगी गोली

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क पुलिस ने एक शातिर लुटेरे को पुलिस की गोली लगी है। पुलिस की गोली लगने के बाद बदमाश घायल हो गया। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, रविवार की देर रात ग्रेटर नोएडा के थाना नॉलेज पार्क पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड हो गई।

इस मुठभेड़ में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। बदमाश के घायल होने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जाता है कि पकड़ा गया बदमाश शातिर लुटेरा है। उसके पास से पुलिस ने चोरी की गई बाइक, 5 हजार रुपये नकद और एटीएम बरामद किए हैं। घायल बदमाश की पहचान कुशीनगर निवासी राजेन्द्र उर्फ लल्लू उर्फ लीलू के रूप में हुई है। आरोपी ने शनिवार को महिला का मदद के बहाने डेबिट कार्ड बदलकर 40 हजार रुपये निकाल लिए थे। आरोपी के खिलाफ16 केस दर्ज हैं। एडीसीपी अशोक कुमार ने बताया कि नॉलेज पार्क थाना प्रभारी की टीम रविवार रात शारदा अस्पताल के पास चेकिंग कर रही थी। तभी वहां से एक संदिग्ध युवक तेज रफ्तार बाइक से जा रहा था।

पुलिस ने आरोपी को रोकने का प्रयास किया। वह रुकने के बजाय वहां से भाग निकला। पुलिस ने पीछा कर आरोपी को घेर लिया। आरोपी ने तभी पुलिस टीम पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लग गई। आरोपी के खिलाफ झपटमारी, लूट और ठगी के 16 केस दर्ज हैं। आरोपी के कब्जे से बाइक, नगदी आदि बरामद हुए।


गोली लगने के बाद आरोपी को उपचार के लिए ले जाती नोएडा पुलिस

# चंद्रयान मॉडल वाला मां दुर्गा पूजा पंडाल

**● उड़ान भरते वक्त रॉकेट में अग्नि प्रज्जवलित होती है**

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

दुर्गा पूजा की धूम है। जगह-जगह पंडाल सजे हुए हैं। पंडालों को सजाने के तरीके ही इसके आकर्षण बने हुए हैं। क्रॉसिंग रिपब्लिक एरिया में दुर्गा पूजा मैदान पर बनाया गया पंडाल इस बार सबसे अलग है।

ये पंडाल चंद्रयान थीम्स पर बनाया गया है। करीब 50 फुट ऊंचा चंद्रयान का मॉडल दूर से ही लोगों को अपनी ओर खींच रहा है। जब उड़ान भरते वक्त रॉकेट में अग्नि प्रज्जवलित होती है, ठीक उसी तरह इस मॉडल में लाइटिंग के जरिये अग्नि दिखाई गई है। पंडाल के अंदर प्रज्ञान रोवर घूमता है जो खुद बोलकर अपना परिचय देता है। क्रॉसिंग रिपब्लिक बंगाली कल्चरल एसोसिएशन द्वारा पुलिस स्टेशन के पास दुर्गा पूजा मैदान पर ये कार्यक्रम पिछले 13 साल से मनाया जा रहा है। इस पूजा में करीब 250 परिवार अपना योगदान देते हैं। आयोजकों ने कहा कि इस दुर्गा पूजा को हम कोलकाता में मनाए जाने वाले दुर्गा पूजा के स्तर पर लेकर जाना चाहते हैं। विदेश में रहकर कारोबार चलाने वाले दीपांकर चक्रवर्ती, शुभंकर चक्रवर्ती इस वक्त आयोजन में शामिल होने के लिए अपने घर आए हुए हैं। दुर्गा पूजा का आयोजन 20 अक्टूबर से शुरू हो चुका है, जो 24 अक्टूबर तक चलेगा। इसमें हर रोज सुबह पूजा होती है, दोपहर में भोग वितरण और रात में रंगारंग कार्यक्रम होते हैं। दशमी को विवाहित महिलाएं सिंदूर खेलेंगी।



### सोसाइटी में नवरात्रि महोत्सव की धूम

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार स्थित प्रतीक ग्रैंड सोसाइटी में नवरात्रि महोत्सव धूमधाम से मना। शाम 7 से 9 बजे तक भजन संध्या हुई। दिल्ली से आई मंडली ने कार्यक्रम में ऐसा समा बांधा की लोग झूमने के लिए मजबूर हो गए। रात नौ बजे से गरबा और डांडिया कार्यक्रम में लोग खूब थिरके। 12 बजे महाभंडारे के साथ इस आयोजन का समापन हुआ। सोसाइटी में पी 7.8 के वॉकवे में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में रेजिडेंट्स और उनके रिश्तेदारों की भी सहभागिता रही।

आयोजन में सुबोध धोर, सुमन मंडल, नोबा हालदार, फ ाल्गुनी साहा, ऊदालक दास, सुजोए घोष, प्रतीक, अभिजीत चैटर्जी, समीर दादा आदि सहयोग दे रहे हैं।

# पथरी के ऑपरेशन के बाद मरीज की मौत, अस्पताल में हंगामा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

पथरी का ऑपरेशन कराने के बाद एक मरीज की मौत हो गई। इससे आक्रोशित परिजनों ने हॉस्पिटल पर कई घंटे तक हंगामा किया। आरोप लगाया कि डॉक्टर ने ऑपरेशन में लापरवाही बरती हैए इस वजह से मौत हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पीड़ित परिजनों की तरफ से डॉक्टर के खिलाफलोनी बॉर्डर थाने में एप्लिकेशन दी गई है। लोनी बॉर्डर क्षेत्र की सुनीता विहार कॉलोनी में 40 वर्षीय सुभाष चंद्र अपने परिवार सहित रहते थे। वे वैशाली क्षेत्र के कार शोरूम में नौकरी करते थे। करीब सात महीने पहले पेट में दर्द होने पर जांच कराने में पता चला कि पेट में उन्हें पथरी है। 26 दिसंबर को परिजनों ने उन्हें शांतिनगर के गोपाल हॉस्पिटल में भर्ती कराया।

**● परिवार ने डॉक्टर के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई**

27 दिसंबर को सुभाष चंद्र का ऑपरेशन हुआ। 29 सितंबर को उन्हें हॉस्पिटल से छुट्टी मिल गई। परिजनों ने बताया, इसके बावजूद सुभाष चंद्र के पेट का दर्द कम नहीं हुआ। ऑपरेशन के बाद करीब 10 बार सुभाष चंद्र पुनरू इसी हॉस्पिटल में आए। आरोप है कि डॉक्टरों ने हर बार खानापूर्ति की। रविवार शाम को उनकी फिर तबियत बिगड़ गई।

# दमघोटू हवा और हो सकती है जहरीली

## तापमान में गिरावट, पराली जलाने से हवा की गुणवत्ता अगले कुछ दिनों तक रहेगी बहुत खराब

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में लगातार हवा की गुणवत्ता गिरती जा रही है। हालांकि सोमवार को मामूली सुधार हुआ और यह खराब श्रेणी में दर्ज की गई। इससे पहले रविवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक 313 दर्ज किया गया था। सोमवार को इसमें 62 अंकों के सुधार के साथ एक्यूआई 251 दर्ज किया गया।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारियों ने कहा कि तापमान में गिरावट और पराली जलाने से होने वाले उत्सर्जन के कारण दिल्ली-एनसीआर में हवा की गुणवत्ता अगले कुछ दिनों तक अत्यंत खराब श्रेणी में रहेगी। यह स्थिति 157 दिन यानी करीब पांच माह बाद बनी है। इससे पहले इसी श्रेणी में हवा 17 मई को रही थी। तब एक्यूआइ 336 दर्ज किया गया था, जबकि रविवार को 313 रहा।

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, मंगलवार और बुधवार को हवा की गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में रह सकती है। वायु गुणवत्ता के 26 अक्टूबर को भी बहुत खराब श्रेणी में ही रहने के आसार हैं।

मौसम कार्यालय ने कहा कि मंगलवार को आसमान मुख्यत: साफ रहेगा और सुबह में धुंध छाए रहने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमश: 32 डिग्री सेल्सियस और 17 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। अधिकारियों के अनुसार, हवा की गति धीमी है और पिछले दो वर्षों के विपरीत अक्टूबर में कम बारिश हुई है।

वायु गुणवत्ता प्रबंधन के लिए केंद्र सरकार की निर्णय समर्थन प्रणाली (डीएसएस) का अनुमान है कि सोमवार से धान की पराली जलाने में बढ़ोतरी हो सकती है। प्रणाली के मुताबिक, रविवार को दिल्ली में पीएम2.5 प्रदूषण में धान की पराली जलाने से निकलने वाले धुएं की हिस्सेदारी 16 फीसदी थी और सोमवार को यह बढ़कर 30-32 फीसदी हो सकती है।

केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय के अनुसार, दिल्ली में पीएम2.5 प्रदूषण में पराली जलाने की घटनाओं की अधिकतम हिस्सेदारी पिछले साल 3 नवंबर को 34 प्रतिशत और 2021 में 7 नवंबर को 48 प्रतिशत थी। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में मौजूदा 13 सर्वाधिक प्रदूषित क्षेत्रों के अतिरिक्त आठ और ऐसे ही क्षेत्रों की पहचान की है और प्रदूषण के स्रोत पर अंकुश लगाने के लिए विशेष दल तैनात किए जाएंगे।

राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण घटाने के उपायों को प्रभावी तरीके से लागू करने के वास्ते 28 विभागों के साथ हुई एक बैठक के बाद राय ने कहा कि सरकार ने धूल प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए धूल शामक पाउडर का इस्तेमाल करने का फैसला किया है। दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक मई के बाद पहली बार रविवार को बहुत खराब श्रेणी में चला गया था। इसका मुख्य कारण तापमान में गिरावट और हवा की रफ्तार में कमी आना है जिससे प्रदूषक जमा हो जाते हैं।

मंत्री ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, दिल्ली में मौजूदा सर्वाधिक प्रदूषित क्षेत्रों के अलावा हम ऐसे आठ और स्थानों पर ध्यान दे रहे हैं जहां एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) 300 अंक से ज्यादा है। इन स्थानों में शादीपुर, आईटीओ, मंदिर मार्ग, नेहरू नगर, पटपड़गंज, सोनिया विहार, ध्यानचंद स्टेडियम और मोती बाग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रदूषण के स्रोतों की पहचान करने के लिए आठ स्थानों पर विशेष दल तैनात किए जाएंगे और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति के सहयोग से सुधारात्मक उपाय किए जाएंगे। राय ने यह भी कहा कि जिलाधिकारियों को 25 अक्टूबर को क्षेत्र निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं और कहा गया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि प्रदूषण को कम करने के उपाय सख्ती से लागू हों।

धूल प्रदूषण को रोकने के लिए एंटी-स्मॉग गन में धूल शामक पाउडर का इस्तेमाल करने के भी निर्देश दिए गए हैं। धूल रोधी अभियान तेज़ किया जाएगा तथा और क्षेत्रों का निरीक्षण किया जाएगा। डीजल जेनरेटर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



लगातार जहरीली होती हवा के चलते एमसीडी कर्मी सड़कों पर पानी का छिड़काव करते हुए। फोटो: रंजन डिमरी

### मेट्रो के फेरे बढ़ाने के निर्देश

*नई दिल्ली। गोपाल राय ने बताया कि मेट्रो रेल निगम और दिल्ली परिवहन निगम से ट्रेन और बसों के चक्कर बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। राय ने इस पर चिंता जताई कि ऐसा लगता है कि कई विभाग प्रमुखों और वरिष्ठ अधिकारियों को वायु की बिगड़ती गुणवत्ता और प्रदूषण से निपटने के लिए उनके विभाग द्वारा लागू किए जा रहे उपायों की जानकारी नहीं है। मंत्री ने मुख्य सचिव से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि ये अधिकारी अगले महीने तक लगन से काम करें जब वायु प्रदूषण के चरम पर रहने की आशंका है।*

### रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ अभियान 26 से

**नई दिल्ली।** वाहन प्रदूषण पर रोक लगाने के उद्देश्य से रेल लाइट ऑन गाड़ी ऑफ अभियान को 26 अक्टूबर को फिर से शुरू होगा। इस साल मुहिम के लिए उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से की मंजूरी जरूरी नहीं होगी क्योंकि प्रतिभागियों को इस बार कोई मानदेय नहीं मिलेगा। एलजी ने एक साल पहले इसके असर पर सवाल उठाते हुए रोक लगा दी थी।

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने मीडिया से बातचीत में बताया कि बताया कि रेड लाइट ऑन गाड़ी ऑफ अभियान 26 अक्टूबर को शुरू होगा। इसका मकसद चालकों को यातायात सिग्नल पर हरी बत्ती जलने तक इंतजार करते समय अपनी गाड़ियों का इंजन बंद करने के लिए प्रोत्साहित करके वाहन प्रदूषण कम करना था। केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान द्वारा 2019 में कराए गए एक अध्ययन में दावा किया गया था कि किसी यातायात सिग्नल पर गाड़ी के रुके होने के दौरान उसके इंजन को चालू रखने से प्रदूषण का स्तर नौ प्रतिशत से अधिक बढ़ता है।

# विजया दशमी आज: कहीं पुतला बोलेगा हे राम तो कहीं रावण के निकलेंगे आंसू



लालकिला स्थित लवकुश रामलीला में रावण, कुभकरण और मेघनाथ के पुतले दहन होने को तैयार।

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

विजयदशमी पर होने वाले पुतला दहन को आकर्षक और हाइटेक बनाने के लिए रामलीला समितियों ने इस बार कई प्रयोग किए हैं। इतना ही नहीं सनातन विरोधियों का भी पुतला जलाने की तैयारी की जा रही है। मंगलवार सुबह तक सभी रामलीला मैदानों में पुतले खड़े हो जाएंगे। दिल्ली में कहीं पुतला बोलेगा हे राम, तो कहीं रावण के निकलेंगे आंसू। लाल किला मैदान स्थित लवकुश रामलीला कमेटी ने ऐसा पुतला तैयार किया है, जो जलने के बाद हे राम बोलेगा। इसी तरह नवश्री धार्मिक लीला में श्रीराम का तीर रावण के पुतले की नाभि तक जाएगा और जब पुतला जल रहा होगा तो वह रोता हुआ नजर आएगा।

लाल किला मैदान स्थित लवकुश रामलीला के लिए पुतले बनाने का कार्य कर रहे गाजियाबाद के फारूकनगर से आए कलाकार मोहम्मद आजम अली ने बताया लगभग 35 वर्षो से पुतला बनाने का कार्य कर रहे हैं। टीम में 50 से ज्यादा लोग जुड़े हैं। हिंदू भाइयों के साथ धार्मिक कार्य कर गंगा-जमुनी तहजीब का संदेश दे रहे हैं। पुतले में मेरठ का कागज व बरेली से बांस मंगाकर इस्तेमाल किया जाता है। हर वर्ष रामलीला में रावण दहन में नवीनतम तकनीक का इस्तेमाल होता है। इस बार बढ़े प्रदूषण के कारण पटाखे का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।

### 110 फीट का होगा रावण का पुतला

100 फीट का मेघनाथ, कुंभकरण 105 फीट और रावण का पुतला 110 फीट का तैयार किया गया है। रावण की नाभि में एलईडी लाइट जलने के साथ तीर लगने पर आंख मटकाते हुए ध्वनि के प्रयोग से मुख से निकलेगा हे राम।

इसी प्रकार लाल किला मैदान ही स्थित नवश्री धार्मिक लीला कमेटी में लगे पुतलों को 100 फीट तक का तैयार किया गया है। इसमें मंच से श्रीराम द्वारा रावण को उसकी नाभि में तीर मारने के दृश्य का इस तरह मंचन होगा कि श्रीराम के धनुष से निकला तीर पुतले तक जाएगा।

### 10 हजार दीयों से झिलमिलाएगी रामलीला



**नई दिल्ली।** मॉडल टाउन के डेरावाल नगर की नव श्री मानव धर्म रामलीला कमेटी द्वारा नौवें दिन की लीला में कुम्भकरण वध ,मेघनाद वध एवं अहिरावण वध का मंचन किया गया। कुम्भकरण वध ,मेघनाद वध के दौरान दर्शकों ने खूब तालियां बजाई। लीला से पहले रावण बने पुनीत इस्सर ने स्टेज पर आकर बताया कि दशहरे के अवसर पर शिव तांडव स्तोत्र प्रस्तुत किया जाएगा जब रावण शिव की पूजा करेगा। इसके बाद शक्ति पूजन गीत का भी मंचन किया जाएगा। नवश्री मानव धर्म रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अखिल सिंघल ने बताया कि दशहरा पर दर्शक भगवन राम का विराट विष्णु रूप देख सकेंगे।

# मच्छरों का प्रकोप रोकने का काम करें: उपराज्यपाल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने नई दिल्ली नगरपालिका परिषद, दिल्ली नगर निगम और दिल्ली सरकार को समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित करने और मच्छरों को पनपने से रोकने का काम युद्धस्तर पर करने का निर्देश दिया।

राजधानी में डेंगू के बढ़ते मामलों तथा उसके कारण अस्पतालों में मरीजों की बढ़ती संख्या को चिंताजनक बताया। सक्सेना ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, तापमान में गिरावट के बाद भी दिल्ली में डेंगू के बढ़ते मामले और उसके कारण अस्पतालों में तेजी से हो रही मरीजों की भर्ती चिंताजनक है। उन्होंने कहा वह मुख्य सचिव, एनडीएमसी अध्यक्ष, एमसीडी आयुक्त तथा दिल्ली सरकार के सचिव (स्वास्थ्य) से बातचीत कर उन्हें समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित करने और मच्छरों को पनपने से रोकने का काम युद्धस्तर पर करने को कहा है। उन्होंने लोगों से जरूरी एहतियाती कदम उठाने की अपील की।

### एलजी ने 27 अधिकारियों को पदोन्नति की मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने वित्त विभाग के 27 अधिकारियों की पदोन्नति को मंजूरी दे दी है। लेखा संवर्ग के विभिन्न ग्रेड में पदोन्नत अधिकारियों में 13 वरिष्ठ लेखा अधिकारी भी शामिल हैं, जो वर्तमान में तदर्थ आधार पर उप लेखा नियंत्रक के रूप में काम कर रहे थे। 2023 से पद पर नियमित किया है। इसमें कहा गया है कि अन्य पदोन्नत अधिकारियों में 14 लेखा अधिकारी शामिल हैं, जिन्हें तत्काल प्रभाव से नियमित आधार पर उप लेखा नियंत्रक के रूप में पदोन्नत किया गया है।

### इजराइली दूतावास के पास छात्रों का प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** इजराइली दूतावास के पास फलस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन करने का प्रयास कर रहे कुछ छात्रों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने के लिए जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू), जामिया मिल्लिया इस्लामिया और दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र बड़ी संख्या में इकट्ठा हुए थे।

पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम मार्ग स्थित इजराइली दूतावास तक पहुंचने से रोकने के लिए अवरोधक लगाए थे। अधिकारी ने बताया कि चूंकि छात्रों के पास प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं थी ऐसे में जब उन्होंने दूतावास की ओर बढ़ने का प्रयास किया।

# दुबई में नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले 7 गिरफ्तार

- ये लोग कंसल्टेशन के नाम पर हर एक से वसूले 59 हजार रुपये

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने सैकड़ों गरीब लोगों के साथ धोखाधड़ी करने वाले सात लोगों को गिरफ्तार किया है।

ये लोग दुबई में नौकरी दिलाने, कंसल्टेशन के नाम पर हर पीड़ित 59 हजार रुपये वसूलते थे। इस पूरे वीजा स्कैम का मास्टरमाइंड इनामुल हक है, जो दरभंगा का रहने नवाला है। इनामुल का ऑफिस दिल्ली के जाकिर नगर इलाके के जोगा बाई में था। पुलिस ने जब यहां पर छापेमारी की तो उसे ढेर सारे विवादित सामान मिले हैं। इसके अलावा इन लोगों के कब्जे से 8 लैपटॉप, 12 मोबाइल फोन, 110 पासपोर्ट, विभिन्न फर्जी कंपनियों के बिल बुक और लेटर हेड, 9 अलग-अलग चल रही कंपनियों के स्टांप, ऑनलाइन भुगतान प्राप्त करने के लिए 2 क्यूआर कोड स्कैनर, विभिन्न बैंकों की 11 चेक बुक और 2 पास बुक बरामद किए गए हैं।

भारत से हर साल लाखों की संख्या में लोग विदेश में नौकरियों के लिए जाते हैं। इनमें से ज्यादातर लोग ऐसे होते हैं, जो हाई-स्किल वर्कर्स होते हैं। इनके लिए विदेशों में नौकरी पाना आसान होता है। हाई स्किल वर्कर्स का अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी जैसे विकसित देश बांहें खोलकर स्वागत करते हैं. लेकिन कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो हाई-स्किल तो नहीं है, लेकिन विदेश जाना उनका सपना है। इस वजह से वीजा स्कैम करने वाले आरोपी ऐसे लोगों को अपना शिकार बना लेते हैं।

# गर्भवती महिलाओं को जागरूक कर रहीं आन्या

- 17 वर्षीय छात्रा महिलाओं को यूरिनरी इंकॉन्टीनेंस के बारे में दे रही जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को अपने शरीर में कई बदलाव देखने को मिलते हैं। इस समय होने वाले कुछ बदलाव बेहद परेशानी भरे भी होते हैं। इन्हीं परेशानियों में से एक है यूरिन पर नियंत्रण खोना। प्रेगनेंसी में अक्सर महिलाएं यूरिन कंट्रोल नहीं कर पाती, जिसकी वजह से उन्हें काफी परेशानी होती है। डिलीवरी के कुछ हफ्ते बाद तक यूरिनरी इनकांटीनेंस होना पूरी तरह से सामान्य है। इसके बावजूद गर्भवती महिलाएं अपने परिवार में यूरिनरी इंकॉन्टीनेंस की समस्या को चुपचाप और अनिच्छा से चर्चा करते हुए देखकर 17 वर्षीय छात्रा आन्या चौधरी समानता के प्रति जुनून और स्वास्थ्य देखभाल के बारे में जिज्ञासा के साथ, समाज में मौजूद कमियों को दूर करने की कोशिश में जुटी हैं।

आन्या चौधरी इस मुद्दे को जोरशोर से उठाना शुरू किया कि महिलाएं इस समस्या को चुपचाप क्यों सहन करती है जबकि इस समस्या का इलाज उपलब्ध है। इसके बावजूद वे इलाज कराने से झिझकती है। इससे उनके रोजमर्रा के कामकाज, सामाजिक क्षमता और उनके आत्मविश्वास में बाधा उत्पन्न होती है। चौधरी ने शोध में पाया कि यह झिझक जागरूकता की कमी और समाज में मौजूद कुछ कुरीतियों के कारण हुई। जबकि इस विषय पर दुनिया भर में और भारत के ग्रामीण हिस्सों में कई अध्ययन किए गए थे, जबकि शहरी जनसांख्यिकीय पर कोई अध्ययन नहीं किया गया था, बावजूद इसके कि उन्होंने इसमें गहरी जड़ें जमाई और इस समस्या को दूर करने में जुट गई।



उन्होंने पड़ोस के मनोरंजन केंद्र और ऑनलाइन माध्यम से कार्यशालाएं आयोजित कर महिलाओं को इस समस्या के बारे में जागरूक करना शुरू किया। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा और वे खुली चर्चा में विश्वास करने लगी। इन कार्यशालाओं के बाद आन्या को पता चला कि उनके चलाए जागरूकता अभियान में भाग लेने वाली कई महिलाएं यूरिनरी इंकॉन्टीनेंस और अन्य मूत्र रोग संबंधी समस्याओं के इलाज के लिए डॉक्टरों से संपर्क करने लगी। आन्या के अनुसार उसने इन कार्यशालाओं से डेटा एकत्र किया और महिला यूरिनरी इंकॉन्टीनेंस को लेकर जागरूकता, कुरीति से निजात दिलाने के मकसद से महिलाओं के स्वास्थ्य के मुद्दों से संबंधित सामाजिक धारणा को बेहतर बनाने के प्रभावी तरीकों पर एक शोध पत्र लिखा।

उनका पेपर एसएसआरजी इंटरनेशनल जर्नल ऑफ मेडिकल साइंसेज में प्रकाशित हुआ और उन्हें ब्रिटिश साइंस एसोसिएशन का क्रेस्ट गोल्ड पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अन्या चौधरी के मुताबिक, उन्होंने अपने अनुभव के माध्यम से न केवल पीड़ित महिलाओं के साथ एक मजबूत बंधन विकसित किया, बल्कि वैश्विक स्वास्थ्य समानता के अपने सपने की दिशा में पहला कदम भी उठाया। उन्होंने भरोसा जताया कि वह भविष्य में भी इस प्रयास को जारी रखूंगी और अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाते हुए इसी तरह की और अधिक विकसित परियोजनाएं विकसित करेंगी।

### अपनी लीकेज को समझें

सभी महिलाओं के लिए यह समझना बेहद महत्वपूर्ण है, कि किस स्थिति में उन्हें यूरिनरी लीकेज की समस्या हो रही है। कुछ महिलाओं को खांसने पर तो कुछ को बैठने पर वहीं कुछ महिलाएं एक्सरसाइज के दौरान भी लीकेज का अनुभव करती हैं। ऐसे में नोटिस करें की उनके साथ यह स्थिति कब उत्पन्न हो रही है और फिर उस स्थिति में अपने ब्लैडर को यूरिन होल्ड करने के लिए ट्रेन करना शुरू करें। समय के साथ आपको इसमें सुधार देखने को मिलेगा।

### कैफीन युक्त ड्रिंक्स से करें परहेज

*प्रेगनेंसी के दौरान कैफीन युक्त ड्रिंक और कैफीन के अन्य स्रोतों से खुद को दूर रखें। साधारण और सामान्य पानी पीने का प्रयास करें। कैफीन के कारण बार-बार यूरिन पास करने की इच्छा होती है, वहीं गर्भावस्था में इस दौरान यूरिन लीकेज होना बिल्कुल आम है। इसके अलावा स्पाइसी और एसिडिक खाद्य पदार्थों से भी परहेज करना जरूरी है। यह सभी चीजें ब्लैडर कंट्रोल में आपकी मदद करेंगी।*

# फुटओवर ब्रिज का हिस्सा गिरा, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर इलाके में एक मालवाहक ट्रक पर ले जाई जा रही क्रेन की चपेट में आने से एक फुट ओवर ब्रिज आंशिक रूप से ढह गया। पुलिस ने यह जानकारी देते हुए सोमवार को बताया कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

पुलिस ने बताया कि दुर्घटना रविवार देर रात तब हुई जब ट्रक क्रेन को अक्षरधाम मंदिर क्षेत्र से बुराड़ी लेकर जा रहा था। जब ट्रक ललिता पार्क के पास पुस्ता रोड पर पहुंचा, तो क्रेन का एक हिस्सा फुट ओवर-ब्रिज से टकरा गया, जिससे वह आंशिक रूप से ढह गया। ट्रक चालक फुट ओवर-ब्रिज की ऊंचाई का आकलन नहीं कर सका। शुक्र है कि न तो पुल पर कोई था और न ही उसके नीचे कोई था। चालक की पहचान नीरज कुमार के रूप में की गई है। ट्रक रुकने से पहले, ओवर-ब्रिज के ढह चुके हिस्से को कुछ मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। पुलिस ने कहा कि ट्रक चालक के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया, और उसे मौके पर ही पकड़ लिया गया है।

# चीनी मांझे पर निगरानी की जरूरत : अदालत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




उच्च न्यायालय ने पतंगबाजी के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले चीनी मांझे के कारण होने वाली मौतों और चोटों से बचने के लिए पुलिस को निगरानी और मामले दर्ज करना जारी रखने का निर्देश दिया है। उच्च न्यायालय ने दिल्ली पुलिस द्वारा दायर स्थिति रिपोर्ट पर गौर किया, जिसमें कहा गया कि थोक और खुदरा बाजारों में निरंतर निगरानी की जा रही है ताकि चीनी मांझे की बिक्री पर अधिकतम अंकुश लगाया जा सके।

न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह ने कहा, यह कहने की जरूरत नहीं है कि दिल्ली पुलिस निरंतर निगरानी और नियमित रूप से मामले दर्ज करना जारी रखेगी ताकि चीनी मांझे के कारण होने वाली मौतों चोटों को अधिकतम हद तक टाला जा सके। उच्च न्यायालय पॉलिएस्टर, नायलॉन, प्लास्टिक या किसी अन्य सिंथेटिक सामग्री, जिसे चीनी मांझा भी कहा जाता है, से बने धागे से गला कटने से चार लोगों की मौत से संबंधित चार मामलों की सुनवाई कर रहा है। ये याचिकाएं पीड़ित परिवारों द्वारा दायर की गई हैं, जिन्होंने अधिकारियों से मुआवजे की मांग के साथ ही जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्वाई की मांग की है।

अदालत के पहले के आदेश के अनुपालन में, दिल्ली राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण (डीएसएलएसए) ने एक रिपोर्ट दाखिल की जिसमें कहा गया कि चीनी मांझे के पीड़ित परिवारों को दिल्ली पीड़ित मुआवजा योजना, 2018 के तहत कवर किया जाएगा। योजना के तहत जानमाल के नुकसान पर अधिकतम मुआवजा 10 लाख रुपए है।

# दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स का बनेगा 8 मंजिला भवन

- डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने प्रज्ञान भवन का किया शिलान्यास, 29.73 करोड़ रुपए किए जाएंगे खर्च

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय में दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स और भूगोल विभाग का 8 मंजिला भवन बनेगा। लगभग 804100 वर्ग मीटर प्लॉट एरिया वाली इस परियोजना की अनुमानित लागत 29.73 करोड़ है। इसमें प्रज्ञान भवन नामक एक ब्लॉक होगा जिसकी इमारत में भूतल के अलावा सात मंजिलें होंगी।

187 वर्ग मीटर के यूजीटी पंप रूम क्षेत्रफल सहित इस भवन का कुल निर्मित क्षेत्र 4600 वर्ग मीटर होगा। इसमें प्रस्तावित 9 क्लास रूम और 8 ट्यूटोरियल रूम को मिलकर कुल 17 कमरों का निर्माण होगा। डीयू के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने विश्वविद्यालय में ढांचागत सुविधाओं का विस्तार करते प्रज्ञान भवन के निर्माण कार्य का शिलान्याश किया। यह भवन 24 माह में बनकर तैयार हो जाएगा। प्रो. योगेश सिंह कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय में वर्तमान विद्यार्थी संख्या के हिसाब से भवन सुविधाओं में कहीं-कहीं कमी नजर आती है। इस नए भवन के निर्माण से जहां पढ़ने और बैठने की व्यवस्था का विस्तार होगा। वहीं छात्रों को लिए आधुनिक स्तर की ढांचागत सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी। शिक्षा के लिए शैक्षणिक वातावरण और योग्य शिक्षकों के साथ ढांचागत सुविधाएं भी अनुकूल होना आवश्यक है। इसीलिए दिल्ली विश्वविद्यालय में इन सुविधाओं के विस्तार के लिए नए भवनों का निर्माण किया जा रहा है। इस भवन की अधिकतम ऊँचाई36.8 मीटर होगी।



आठ मंजिला भवन का उद्घाटन करते दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. योगेश सिंह।

# कार्टरपुरी में 23 कनाल 6 मरले जमीन मामले में सुप्रीमकोर्ट का स्टे

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


**सेक्टर-23ए** कार्टरपुरी में 23 कनाल 6 मरले जमीन अधिग्रहण के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले पर स्टे लगाकर जमीन मालिकों को राहत दी है। हरियाणा सरकार द्वारा 34 साल पहले अधिग्रहित की गई जमीन पर कब्जा नहीं लेने पर जमीन मालिक ने अदालत में नियमों का हवाला देकर याचिका दायर की थी। इस जमीन पर अब 60 परिवारों के 300 लोग मकान बनाकर रहे हैं।

वर्तमान में जमीन मालिक राकेश अग्रवाल के मुताबिक सेक्टर-23ए कार्टरपुरी में 23 कनाल 6 मरले जमीन पर करीब 60 परिवार घर बनाकर रह रहे हैं। वर्ष 1980 में हरियाणा सरकार ने इस जमीन का

## अधिग्रहण करने के 34 साल बाद तक सरकार ने जमीन की नहीं ली सुध

## जमीन मालिक ने हरियाणा सरकार से नहीं मिला था कोई मुआवजा

अधिग्रहण किया, मगर 34 साल तक सरकार ने इस जमीन को किसी उपयोग में नहीं लिया। लोगों ने सरकार से जमीन का कोई मुआवजा भी नहीं लिया। इस पर जमीन के मालिक ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर करके



सुप्रीम कोर्ट के फैसले की प्रति।

जमीन वापिस दिलाने की मांग की। जिस पर 20 मई 2014 को चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने अपने फैसले में कहा कि इतने वर्ष तक सरकार ने जमीन पर कब्जा नहीं लिया है। लोगों ने मुआवजा नहीं लिया। ऐसा लगता है सरकार को इस जमीन की जरूरत नहीं है। इसलिए जमीन असल मालिकों को सौंपी जाए। अगर सरकार को जरूरत लगे तो नियम, कायदे बनाकर वर्तमान के हिसाब से रेट तय करके एक साल के भीतर नये फिर से अधिग्रहण कर सकती है। एक साल बीत जाने के बाद भी सरकार ने कुछ कार्यवाही नहीं की।

**राकेश अग्रवाल ने खरीदी यह जमीन :** इस जमीन को राकेश अग्रवाल नाम व्यक्ति ने माथुर परिवार से खरीदा। रजिस्ट्री भी करवा ली। उन्होंने जनवरी 2017 में सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। वर्ष 2020 में सुप्रीम कोर्ट ने निर्णय दिया कि सरकार जमीन का अभी भी अधिग्रहण कर सकती है। इस आदेश को लेकर जमीन मालिकों ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट का रुख किया। वहां से पहले तो जमीन मालिकों के हक में अदालत से स्टे लगा, लेकिन सितम्बर 2023 में अदालत ने उनका केस डिसमिस कर दिया। जिला प्रशासन की ओर से वहां पर तोड़फोड़ भी की गई। जमीन मालिक राकेश अग्रवाल फिर से सुप्रीम कोर्ट गए।

सुप्रीमकोर्ट में यह याचिका अधिवक्ता अंकित गोयल द्वारा डाली गई है। याचिका में साफ तौर से संविधान के समता के मूल अधिकार की उल्लंघना बतायी गई है। क्योंकि साथ वाली लायन ब्रांड के नाम भूमि के बारे में सरकार द्वारा आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई, जबकि इस जमीन में सरकार ने बिना कोई अधिकारिक नोटिस के और सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका के बारे में बिना बताए तोड़फोड़ की गई।

## मेरी माटी मेरा देश अभियान का राज्य स्तरीय समारोह 25 को रोहतक में

**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में 25 अक्टूबर को रोहतक नई अनाजमंडी के समीप मेरी माटी मेरा देश अभियान का राज्यस्तरीय समारोह आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त हितेश कुमार मीणा ने सोमवार को बताया कि जिला के हर खंड और नगर निगम, नगर परिषद क्षेत्र में पिछले दो माह से मेरी माटी देश अभियान के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। प्रत्येक गांव व नगर निगम क्षेत्र के वीर शहीदों को इस कार्येम के माध्यम से याद किया गया और उस क्षेत्र की पावन माटी को अमृत कलश में एकत्रित किया गया है। मेरी माटी मेरा देश का राष्ट्रीय समारोह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में माह के आखिरी सप्ताह में दिल्ली में आयोजित किया जाएगा।

# संक्षिप्त समाचार

## तीरंदाजी खिलाड़ियों ने ऐलनाबाद में जीते स्वर्ण पदक



सिरसा में हुई सीबीएसई तीरंदाजी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर आए खिलाड़ी खुशी जाहिर करते हुए।

**सोहना।** ऐलानाबाद में हुई सीबीएसई नॉर्थ जोन तीरंदाजी चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में जिला गुरुग्राम के पांच खिलाड़ियों ने गोल्ड पर निशाना साधते हुए मेडल जीते। गुरुग्राम के 6 खिलाड़ियों का सीबीएसई राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। सिरसा के शहर ऐलानाबाद में 21 से 23 अक्तूबर को सीबीएसई नॉर्थ जोन की तीरंदाजी प्रतियोगिता हुई। जिसमें जिला गुरुग्राम की तरफ से खेलने वाले 5 खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल जीते है। तीरंदाजी के कोच भगवत सिंह ने बताया कि गोल्ड मेडल जीतने वालों में डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल भोंडसी की छात्रा नव्या अंडर-14 में कंपाउंड राउंड में स्वर्ण पदक जितने के साथ अपना चयन सीबीएसई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कराने में सफल रही है। इसी वर्ग में रियान इंटरनेशनल स्कूल भोंडसी की छात्रा देवकी, श्वेता सिंह, रिशा मेहता, अंडर-19 में जीत हासिल करते हुए अपना स्थान राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पक्का किया हैं। अंडर-17 में इंडियन राउंड में स्वर्ण पदक जीतने वाली तन्वी व स्वस्ति ने भी गोल्ड पर निशाना साधने के बाद राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में अपना स्थान पक्क किया है। खिलाडियों की जीत से खुशी उपजिला खेल अधिकारी गिरिराज, उपमंडल अधिकाी प्रदीप सिंह, जिला खेल अधिकारी संधु बाला आदि ने विजेता खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए आर्शीवाद किया।

## बाथरुम में पैर फिसलने से 70 वर्षीय वृद्ध महिला की मौत

**सोहना।** शहर के दौला मार्ग पर स्थित एमवीएन सोसायटी के फ्लैट में रह रही 70 वर्षीय वृद्ध महिला की बाथरुम में गिरने से लगी चोट से मौत हो गई। महिला फ्लैट में अकेली रहती थी। मौके पर पहुंची शहर थाना पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह कक्ष में रखवा दी है। जानकारी के अनुसार सोहना से दौला जाने वाले मार्ग पर बनी एमवीएन सोसायटी टॉवर नंबर 3 के फ्लैट 8 में 70 वर्षीय महिला कृष्णा अकेली रहती थी। कृष्णा रोजाना की तरफ से रविवार को भी बाथरुम में स्नान करने के लिए गई थी। आचनक से उसका पैर बाथरुम में लगी टेल के ऊपर फिसल गया। जिससे महिला का मुंह सामने बनी दीवार और सिर फर्श पर लगा। चोट लगने से 70 वर्षीय कृष्णा बेहोश हो गई और उसके बाद उसने दमतोड़ दिया। सोसायटी के प्रबंधक कुलदीप ठाकुर ने बताया कि कृष्णा पूजा पाठ अधिक करती थीं। दोपहर 12 बजे उनके साथ मंदिर जाने वाली महिलाओं ने दरवाजा खटखटाया था। लेकिन कोई आवाज न आने पर वे लौट गई। लेकिन सायं 4 बजे तक दरवाजा न खुलने पर पड़ोस में रहने वाली महिलाओं ने इसका सूचना एमवीएन कर्मचारियों को देकर और अपने परिजनों को भी बुलाया। दरवाजा खोलकर देखने के बाद कृष्णा अपने बाथरूम में मृत मिली। जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी और मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## करंट लगने से 17 वर्षीय किशोर की मौत

**सोहना।** नगर परिषद के गांव बालूदा में 17 वर्षीय किशोर की बिजली का करंट लगने से मोत हो गई। पुलिस ने मृतक किशोर के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार 17 वर्षीय विशाल अपने परिजनों के साथ गांव बालूदा में खेतों पर रहता था। परिजनों ने कुछ बकरियों को पाला हुआ है। विशाल रविवार को बकरियों को चारा खिलाने के उद्देश्य से खेत में खड़ा पेड़ पर टहनियां काटने के लिए चढ़ गया। पेड़ के बीच में से बिजली लाइन की नंगी तार जा रही थीं। जिनसे विशाल को बिजली का करंट लगने के साथ वह पेड़ की शाखाओं से टकराता हुआ नीचे जमीन पर आ गिरा। विशाल को पेड़ से जमीन पर गिरता देख परिजन दौड़कर उसके पास पहुंचे। जिससे आनन फानन में नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां डॉक्टरों ने विशाल को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक किशोर के शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

## निरीक्षण के दौरान मिली खामियां, सोसाइटियों के काटे चालान



**गुरुग्राम।** मानेसर नगर निगम की सेनिटेशन विंग ने सोमवार को निगम क्षेत्र की विभिन्न सोसाइटियों, गांवों में सफाई संबंधी कार्यों का औचक निरीक्षण किया। दो बल्क वेस्ट जेनरेटर्स (बीडब्ल्यूजी) सोसाइटियों में कूड़े के निष्पादन संबंधी कार्यों में खामियां मिली। खामियां मिलने पर इन दो सोसाइटियों के करीब 88 हजार रुपए के चालान किए। नगर निगम के सेनिटेशन ऑफिसर एमएस सोढ़ी की टीम ने निगम क्षेत्र के विभिन्न गांवों, आईएमटी क्षेत्र और सोसाइटियों का निरीक्षण किया। टीम ने सेक्टर-90, 91, 92, गांव कांकरौला, आईएमटी सेक्टर-3 आदि क्षेत्रों में निरीक्षण किया। जहां-जहां खामियां मिली,उन्हें दुरूस्त करने संबंधी आदेश सेनेटरी इंस्पेक्टर और सुपरवाइजर को दिए। इस दौरान उन्होंने पाया कि सेक्टर-90 स्थित वर्धमान ग्रीन कोर्ट और सेक्टर-92 स्थित अंसल हाइट्स सोसाइटियों में कूड़े का निष्पादन सही प्रकार से नहीं हो रहा है। गीले और सूखे कूड़े को अलग-अलग करके नहीं डाला जा रहा है। गीले कूड़े से खाद बनाने के लिए यहां पर कंपोस्टिंग पीट या मशीन भी नहीं लगी हुई है। इसके अलावा कूड़े को भी खुले में ही डाला जा रहा है। इन सभी खामियों के चलते वर्धमान ग्रीन कोर्ट का 62 हजार रुपए और अंसल हाइट्स सोसाइटी का 25800 रुपए का चालान किया। टीम ने पाया कि सेक्टर-91 स्थित डीएलएफन्यू टाउन हाइट्स सोसाइटी में कूड़े का निष्पादन सही प्रकार से किया जा रहा है। इसके अलावा उन्होंने गांव कांकरौला और मानेसर सेक्टर-3 आदि इलाकों में भी निरीक्षण किया।

---

धनकोट के पास से गाड़ियों के काफिले के साथ हुए रवाना

# ओमप्रकाश धनखड़ के जन्मदिन पर में पैतृक गांव ढाकला में लगाए 63 आयुर्वेदिक पेड़

## ढाकला गांव में साथियों के साथ नवीन गोयल ने लगाए पेड़

## नवीन गोयल ने प्रदेश अध्यक्ष को स्टेच्यू ऑफ यूनिटी स्मृति चिन्ह भेंट किया

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ का 63वां जन्मदिन पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत कमेटी के प्रदेश सह-संयोजक नवीन गोयल ने खास अंदाज में मनाया। उन्होंने अध्यक्ष के पैतृक गांव ढाकला जिला झज्जर में अपने साथियों के साथ 63 आयुर्वेदिक पेड़ लगाए। इसके बाद हसनपुर गांव में हजारों कार्यकर्ताओं के बीच प्रदेश अध्यक्ष ने जन्मदिन सेलिब्रेट किया। नवीन गोयल ने अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ को स्मृति चिन्ह के रूप में स्टेच्यू ऑफ यूनिटी भेंट किया।

पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा के प्रमुख नवीन गोयल,



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के जन्मदिन पर उन्हें स्मृति चिन्ह के रूप में स्टेच्यू ऑफ यूनिटी का प्रतीक चिन्ह भेंट करते नवीन गोयल

एनजीओ सैल भाजपा के प्रदेश सह-संयोजक डा. डीपी गोयल साथियों के साथ पहले तो धनकोट गांव में एकत्रित हुए। वहां सभी को प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के जन्मदिन की बधाई देते हुए इस दिन को यादगार बनाने के लिए सभी को प्रेरित किया। इसके बाद काफिले के रूप में प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के पैतृक गांव ढाकला जिला झज्जर के लिए रवाना हुए। वहां अध्यक्ष को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के साथ गांव में उनकी उम्र के बराबर यानी 63 साल के हुए प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के सम्मान में 63 आयुर्वेदिक पेड़ लगाए गए। यहां से सभी कार्यकर्ता गांव हसनपुर में पहुंचे, जहां प्रदेश अध्यक्ष के जन्मदिन का भव्य समारोह आयोजित किया गया।

ओमप्रकाश धनखड़ ने मंच पर सिर झुकाकर पूरी आत्मीयता के साथ कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया गया। नवीन गोयल ने कहा कि अध्यक्ष बनने के बाद ओमप्रकाश धनखड़ ने संगठन की मजबूती के लिए दिन-रात काम किया है और कर रहे हैं।

पार्टी में पर्यावरण संरक्षण विभाग का दायित्व संभाल रहे नवीन गोयल ने कहा कि अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के जन्मदिन की खुशी मनाने के साथ इसे यादगार बनाने के लिए उनके गांव ढाकला में साथियों के साथ मिलकर 63 पेड़ लगाए हैं।

# सीकरी की अगुआई में धनखड़ को पंजाबी शिष्टमंडल ने दी जन्मदिन की शुभकामनाएं



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ को जन्मदिन की बधाई देते बोधराज सीकरी।

**गुरुग्राम।** हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ के 63वें जन्मदिन पर पंजाबी बिरादरी महा संगठन का एक शिष्टाचार मंडल बोधराज सीकरी की अगुवाई में 63 महिला, पुरुषों के साथ उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं देने पहुंचा।

बोधराज सीकरी ने अपने सभी 63 पंजाबी साथियों के साथ ओमप्रकाश धनखड़ का पुष्प गुच्छ देकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। बोधराज सीकरी ने अपने सभी साथियों के साथ ओमप्रकाश धनखड़ को आयुष्मान भव, दीर्घायु भव, यशस्वी भव, तेजस्वी भव और विजयी भव का आशीर्वाद दिया। सीकरी के साथ शिष्टाचार मंडल में ज्योत्सना बजाज, पुष्पा, रचना बजाज, मीनाक्षी मुंजाल, रीटा, निशी मोंगिया, सिमरन बजाज, सीमा कपूर के अलावा संजीव कुमार, अशोक आर्य, धर्मेंद्र बजाज, प्रमोद सलूजा, रमेश चुटानी,

## बोधराज सीकरी ने अपने सभी 63 पंजाबी साथियों के साथ ओमप्रकाश धनखड़ को पुष्प गुच्छ भेंट किए

सुभाष गांधी, रवि मनोचा, सुभाष नागपाल, गजेंद्र गोसाईं, रामलाल ग्रोवर, युधिष्ठिर अलमादी, शेखर खनेजा, हेमंत मोंगिया, सतपाल नासा, सुरेश सेठी, अशोक कुमार, चांद आहुजा, अनिल कुमार, वासदेव ग्रोवर, ओमप्रकाश गाबा, राजेंद्र बजाज, रमेश मुंजाल, बलदेव गुगलानी, राजपाल नासा, द्वारिका नाथ मक्कड़, रमेश कामरा, अशोक ढींगरा, राजकुमार कथूरिया, एडवोकेट भीम सेन कामरा, रमेश खनेजा, राजीव छाबड़ा, सीबी मनचंदा, राजीव चोपड़ा, राजीव छाबड़ा व सतीश चावला शामिल रहे।

---

# कला के साथ प्रकृति के रंग दिखाएंगी गुंजन श्रीवास्तव ललित कला अकादमी में आयोजित होगी कला और प्रकृति प्रेमियों को लुभाने वाली अनूठी प्रदर्शनी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रतिभाशाली** चित्रकार गुंजन श्रीवास्तव धागों से तैयार अपनी अनूठी चित्रकारी से कला प्रेमियों और प्रकृति प्रेमियों दोनों को लुभाने के लिए तैयार हैं। 28 अक्टूबर से 3 नवंबर, 2023 तक नई दिल्ली स्थित ललित कला अकादमी की गैलरी नंबर 5 में विचारों को नई दिशा देने वाली इस प्रदर्शनी को आयोजित किया जाएगा। इस प्रदर्शनी का नाम है 'बोटैनिकल टेपेस्ट्री: थ्रेड्स ऑफ नेचर'।

अपने नाम की तरह ही इस प्रदर्शनी में कला के माध्यम से प्रकृति के विविध रंग देखने को मिलेंगे। इन तस्वीरों में गुंजन ने अनूठे तरीके से दर्शाया है कि कैसे फूल हमारे जीवन के अनुभवों में अपना खास स्थान रखते हैं। अपनी सुंदरता के साथ-साथ फूल कई भावनाओं के प्रतीक



हैं, कई कहानियों के शब्द हैं और हमारे सबसे मार्मिक क्षणों के गवाह भी हैं। प्रेम, दुख, जन्म, मृत्यु, उत्सव और अध्यात्म तक अलग-अलग भावनाओं के समय फूलों की उपस्थिति को यह प्रदर्शनी बहुत खूबसूरती से दिखाएगी। यह प्रदर्शनी प्रकृति की खूबसूरत देन कहे जाने वाले फूलों के साथ गुंथी हमारी भावनाओं को रंग देगी। गुंजन श्रीवास्तव एक पेशेवर चित्रकार, शिक्षाविद, कला समालोचक और यू लीड इंडिया फाउंडेशन की सह-संस्थापक हैं। वह कहती हैं, 'मैंने अपनी कला के लिए धागों को माध्यम चुना है। मुझे लगता है कि धागे बहुत गहरी भावनाओं का प्रतीक हैं। ये सुधार से लेकर जुड़ाव तक हर भावना को दिखाते हैं। सायनोटाइप और हैंड एंब्रॉयडरी को मिलाते हुए मैंने कला की धीमी प्रक्रिया को चुना है। हर रचना कई कहानियां कहती है। फूलों के साथ मेरा जुड़ाव बहुत खास रहा है। किताबों और डायरियों में फूल कई यादें समेटे हुए हैं।'आज की दुनिया में, जहां लोग तेज भागना चाहते हैं, वहां गुंजन ने कला की ऐसी विधा को चुना, जो धीमी गति से और समर्पण से आगे बढ़ती है। यह विधा उन्हें न केवल संतुष्टि देती है, बल्कि उन्हें प्रकृति के साथ जुड़ने का अवसर भी देती है। बोटैनिकल टेपेस्ट्री : थ्रेड्स ऑफ नेचर प्रदर्शनी को चार भागों में बांटा गया है। इनमें से प्रत्येक का उद्देश्य जीवन के अलग-अलग पड़ाव पर फूलों की उपस्थिति को अनुभव कराना है।

# करीना कपूर खान नजर आएंगी अक्षय और आईपी सिंह की 'रांझण आया' में

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**क्रिएटिविटी** और कल्चरल श्रद्धा के एक महत्वपूर्ण संगम में, अक्षय और आईपी सिंह सोनी म्यूजिक के सहयोग से सदाबहार पंजाबी टप्पे- "रांझण आया" के अपनी परफॉर्मेंस के लॉन्च की अनाउंसमेंट करते हुए बेहद रोमांचित नजर आए। यह एक शानदार म्यूजिकल मास्टरपीस जो मसाबा के लग्जरी ब्राइडल लेबल, "पटियाला पोर्टट्स" को दर्शाता है। इस कैंपेन में करीना कपूर खान की टाइमलेस एलिगेंस को दर्शाया गया है।

"रांझण आया" क्लासिक पंजाबी लोक गीत की एक भावपूर्ण प्रस्तुति है, जिसमें "काला शाह काला" की प्रिय धुनें शामिल हैं, जो अक्षय और आईपी की कलात्मक कौशल का प्रमाण है। यह संगीतमय



ओडिसी सहजता से विविध संगीत शैलियों और वाद्य यंत्रों की एक वाइब्रेंट टेपेस्ट्री को एक साथ बुनती है, जो विरासत की धुनों को कंटेम्प्रेरी धुनों के साथ सहजता से जोड़ती है। अपने मूल में, यह गीत पारंपरिक पंजाबी वैडिंग म्यूजिक की उत्साहपूर्ण भावना को समाहित करता है, एक सांस्कृतिक आधारशिला जिसने पीढ़ियों से अनगिनत समारोहों को खुशी और उत्साह से भर दिया है।

"रांझण आया" के बोल गांव के आकर्षण और कंटेम्प्रेरी इंटरप्रटेशन का एक शानदार मिश्रण हैं। यह फ्यूजन टाइमलेस मेलोडी में नई जान फूंकता है, एक फोक क्लासिक को एक ताजा और स्फूर्तिदायक रूप प्रदान करता है। यह गाना सीमाओं से परे है और श्रोताओं को पंजाबी संगीत विरासत की समृद्ध टेपेस्ट्री में डूबने के लिए आमंत्रित करता है। संगीत-निर्माता जोड़ी अक्षय और आईपी ने रिलीज पर अपना उत्साह शेयर करते हुए कहा कि, 'रांझण आया' और इसे जीवंत बनाने वाली कोलैब्रेशन जर्नी के बारे अपना उत्साह व्यक्त किया।

---

# एक्रोपोलिस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के विशाल उद्घाटन से स्वास्थ्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की उम्मीद

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**गुरुग्राम** के चिनार गार्डन, बादशाहपुर वाटिका चौक के पास, सेक्टर-69 में एक्रोपोलिस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का भव्य उद्घाटन किया गया, जो स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि है।

इस उद्घाटन समारोह का आयोजन दोपहर 1 बजे किया गया जिसमें विशिष्ट अतिथियों के साथ, स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र के पेशेवरों एवं सामुदायिक सदस्यों ने हिस्सा लिया। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में यह पदार्पण महत्वपूर्ण मील का पत्त्थर है। डॉ. अनु और डॉ. प्रतीक गिरोत्रा द्वारा शुरू किया गया एक्रोपोलिस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, स्वास्थ्य क्षेत्र में पीड़ितों की देखभाल, एवं उन्हें स्वस्थ जीवन प्रदान करने के प्रति समर्पित है। इसका उद्देश्य मरीजों की भलाई को प्राथमिकता देने के साथ उच्च गुणवत्ता वाला बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है।

हॉस्पिटल के भव्य उद्घाटन के संबंध में एक्रोपोलिस सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की सह-संस्थापक डॉ. अनु ने उत्साहित होते हुए कहा कि, हम स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एक्रोपोलिस के जरिये हमारा लक्ष्य उत्तम चिकित्सा प्रदान



करते हुए बीमार की देखभाल में नए मानक स्थापित करना है। हमारा मानना है कि स्वास्थ्य देखभाल करुणापूर्वक प्रदान की जानी चाहिए।

गौरतलब है कि एक्रोपोलिस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, अत्याधुनिक चिकित्सा प्रौद्योगिकी से सुसज्जित है और इसमें डॉक्टरों और स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों की एक उच्च कुशल टीम कार्यरत है। हॉस्पीटल, विभिन्न विशिष्टताओं वाली चिकित्सा सेवाओं की पेशकश के द्वारा उत्तम स्वास्थ्य देखभाल समाधानों तक लोगों की पहुंच सुनिश्चित करता है।

# निगमायुक्त पीसी मीणा ने सफाई एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त पीसी मीणा ने सोमवार को सफाई का कार्य करने वाली एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की तथा सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के स्पष्ट व कड़े निर्देश दिए।



गुरुग्राम नगर निगम में सफाई एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते निगमायुक्त पीसी मीणा।

उन्होंने कहा कि कार्य में कोताही बर्दाश्त नहीं होगी तथा संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। निगमायुक्त ने कहा कि सभी एजेंसियां अपने-अपने क्षेत्रों में आरएफपी व सीपीएचओ नियमों के तहत मैनपावर की तैनाती सुनिश्चित करें तथा एक सप्ताह में डिप्लॉयमेंट प्लान भिजवाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि डिप्लॉयमेंट प्लान में कर्मचारी का नाम, आधार नंबर तथा ईएसआई व ईपीएफ का होना अनिवार्य है। एजेंसियां सेक्टर, कॉलोनी, क्षेत्र अनुसार सफाईकर्मी व मशीनरी की लिस्ट उपलब्ध करवाएंगी। इसके साथ ही सभी एजेंसियां अपने यहां नियुक्त कर्मचारियों की बायोमैट्रिक हाजरी सुनिश्चित करेंगी तथा संयुक्त आयुक्त भी यह सुनिश्चित करेंगे कि भुगतान जितने सफाईमकर्मी लगे हैं, उसी अनुपात के हिसाब से ही होना चाहिए। नियमों के तहत सभी एजेंसियों को 2963 कर्मचारी तैनात करने हैं। साथ ही आरडब्ल्यूए, पूर्व पार्षद तथा गणमान्य नागरिकों से क्रॉस वैरीफाई करवाना अनिवार्य है।

# पंजाब से पॉप रॉयल्टी तक सिमरन चौधरी का एल्बम 'फॉल्किन रानी' जेनर को फिर से कर रहा डिफाइन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**ट्रेडिशन** और कंटेम्परेरी स्टाइल के शानदार फ्यूजन में, सिंगर-सॉन्गराइटर, सिमरन चौधरी, अपने बहुप्रतीक्षित एल्बम, "फ़ॉल्किन रानी" के साथ म्यूजिक वर्ल्ड में तूफान लाने के लिए तैयार हैं। एल्बम में छह ट्रैक हैं - माहिया मन्दा नहीं, आ ग्या नी, रामलीला, दब्बियां, मेरा रांझणा और आ ग्या नी 2.0, इनमें से सभी पंजाब की समृद्ध संगीत विरासत और मॉर्डन पॉप कल्चर का खूबसूरत का प्रमाण है। मॉर्डन टिव्स्ट के साथ ट्रेडिशन का अनूठा मिश्रण सिमरन को पॉप की क्वीन के सिंहासन तक ले जाता है।

'फ़ॉल्किन रानी' में सिमरन चौधरी ने न केवल अपनी आवाज दी हैं बल्कि राजा के साथ कम्पोजिशन में भी सहयोग किया है। टैलेंटेड



अदन द्वारा प्रड्यूज, राजा के लिरिक्स इस म्यूजिकल जर्नी का एक अभिन्न अंग हैं, इसके लिरिक्स पंजाबी डीएनए झलकता है जो सिमरन की आर्टिस्ट्री को परिभाषित करता है। 'फोल्किन रानी' संस्कृति, पहचान और संगीत की असीमित संभावनाओं का उत्सव है। यह एल्बम पारंपरिक धुनों में एक रिफ्रेशिंग ट्विस्ट पेश करता है, लोक धुनों में नई जान फूंकता है और उन्हें एक अनूठी मॉर्डन एनर्जी से भर देता है।

रिलीज पर अपना उत्साह शेयर करते हुए, सिंगर और कम्पोजर सिमरन चौधरी ने कहा कि, "फोल्किन रानी" प्यार का एक उदाहरण है जो मेरे दिल के करीब है। यह म्यूजिक का एक अनूठा ब्लेंड है जिसके साथ मैं बड़ी हुई हूं और मार्डन कंटेम्प्रेरी साउंड मुझे पसंद हैं। यह एल्बम न केवल मेरी म्यूजिकल जर्नी का प्रतिबिंब है, बल्कि पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए एक ट्रिब्यूट भी है, यह ट्रेडिशन को इनोवेशन के साथ सहजता से जोड़ता है। मुझे उम्मीद है कि सभी को एल्बम के सभी ट्रैक में उतना ही आनंद मिलेगा जितना मुझे मिलता है।

# प्रांतीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता में गुरुग्राम की टीम रही प्रथम

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**प्रांत** स्तरीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन पलवल शाखा द्वारा किया गया। यह प्रतियोगिता ब्राइट किंगडम प्रगमेटिक स्कूल शिव विहार में संपन्न हुई। कार्यक्रम में दक्षिण हरियाणा प्रांत की 25 शाखाओं द्वारा की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम रही 13 टीमों ने भाग लिया।

सभी टीमों की प्रस्तुति बहुत ही आकर्षक थी। बहुत ही कड़ी प्रतिस्पर्धा में हिंदी व संस्कृत गीतों की प्रतियोगिता में आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल सेक्टर-50 गुरुग्राम की टीम प्रथम रही। राज इंटरनेशनल स्कूल रिवाड़ी द्वितीय व लॉर्ड जेसिस पब्लिक स्कूल गुरुग्राम की टीम तृतीय रही। लोकगीत में सात टीमों ने भाग लिया। जिसमें सुचेता मेमोरियल स्कूल गुरुग्राम की टीम प्रथम, आरपीएस इंटरनेशनल सेक्टर-50 गुरुग्राम की टीम द्वितीय व सेंट जोन स्कूल फरीदाबाद की टीम तृतीय रही।

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय रही टीमों को ट्रॉफी व सर्टिफिकेट दिये गये। शेष टीमों को प्रतिभागिता स्मृति चिन्ह व सर्टिफिकेट दिये गये। कार्यक्रम में दीपक मंगला विधायक पलवल मुख्य अतिथि व अरूण अग्रवाल कार्यक्रम अध्यक्ष, अनिल मोहन मंगला वरिष्ठ सदस्य ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम में प्रांतीय अध्यक्ष अनिल बंसल, प्रांतीय महासचिव ऋषि अग्रवाल, प्रांतीय कोषाध्यक्ष दिनेश गर्ग, प्रांतीय महिला संयोजिका शशि मंगला, प्रांतीय उपाध्यक्ष संपर्क विवेकानंद तिवारी, प्रांतीय प्रकल्प संयोजक रामकिशन गोयल, पलवल जिला समन्वयक सतीश कौशिक, जिला सचिव नरेंद्र अग्रवाल, पलवल शाखा अध्यक्ष स्वतंत्र गोयल, माधव शाखा अध्यक्ष गुलशन गोयल, शाखा सचिव रविदत्त शर्मा, प्रकल्प संयोजक रघुवीर अग्रवाल व भगवत सिंगला, राहुल गर्ग, राजेंद्र बंसल शाखा के वरिष्ठ व कर्मठ सदस्यों की उपस्थिति रही। प्रांत की अन्य जिलों की शाखाओं के अध्यक्ष, सचिव व दायित्वधारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रांत ने पलवल शाखा की संपूर्ण टीम को बहुत-बहुत बधाई व साधुवाद दिया।



# सिक्किम में बादल फटने से लापता फौजी की कई दिन बाद मिली गाड़ी

## सेना को मोबाइल, डायरी मिली, मां के खून के सैंपल लिए

पायनियर समाचार सेवा। पलवल





**गत** तीन अक्टूबर को सिक्किम में बादल फटने से आई बाढ़ में लापता हुए सेना के जवानों में एक पलवल के खांबी गांव का युधिष्ठिर भी था। सेना को उनकी गाड़ी 10 फीट नीचे मलबे में मिल गई है। मलबे से निकली गाड़ी में लापता युधिष्ठिर का मोबाइल फोन व समय सारिणी वाली डायरी भी मिली है।

सेना लापता युधिष्ठिर को खोजने में जुटी हुई है, लेकिन अभी तक उसका सुराग नहीं मिला है। वहीं दिल्ली स्थित सेना के आरआर अस्पताल में लापता सैनिक युधिष्ठिर की मां के खून के नमूने लिए गए हैं। उनके डीएनए से मैच कर युधिष्ठिर की पहचान में सहायता ली जाएगी।

बता दें कि सिक्किम में तीन अक्टूबर को देर रात बादल फटने से वहां तीस्ता नदी में अचानक बाढ़ आ गई। बाढ़ का पानी वहां स्थित सेना के शिविर में 20 फुट से अधिक आ गया, जिसमें सेना के वाहनों सहित 23 जवानों के अलावा स्थानीय लोग बाढ़ के पानी में बहकर लापता हो गए। सेना के लापता जवानों में खांबी गांव निवासी युधिष्ठिर भी शामिल था, जो सेना की बटालियन 420 एफडी में मेडिकल वाहन पर बतौर ड्राइवर तैनात था। लापता जवान युधिष्ठिर के पिता ऋषिदेव उर्फ बिशन ने बताया कि सेना की तरफ से उन्हें उनके लापता बेटे के बारे में कुछ जानकारी दी गई है।

सेना के राहत बचाव दल टीम उसी दिन से सैनिकों को खोजने में लगी है। अब सेना को वह गाड़ी मिली है, जिस पर युधिष्ठिर ड्राइवर था। गाड़ी करीब 10 फीट नीचे मलबे में दबी हुई थी। सेना के जवानों ने बड़ी मुश्किल से जेसीबी से मलबा हटाकर गाड़ी को बाहर निकाला है। मलबे में दबी गाड़ी में सैनिक युधिष्ठिर का मोबाइल फोन व समय सारिणी वाली डायरी के अलावा अन्य सामान भी मिला है। सेना अब वहीं आसपास मलबे में युधिष्ठिर को खोजने में लगी है। सेना द्वारा दिल्ली अस्पताल में लापता युधिष्ठिर की मां किशनवती को बुलाकर उनके खून के नमूने लिए गए हैं। सेना उन नमूनों को अपने साथ लेकर गई है।

**परिजनों में सरकार के खिलाफ रोष :** वहीं लापता सैनिक युधिष्ठिर के परिजनों में स्थानीय जिला प्रशासन, केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर तथा हरियाणा के खिलाफ रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि जिला प्रशासन व केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने भी लापता जवान के परिजनों की कोई सुध नहीं ली है। प्रशासन व सरकार के रवैये से ग्रामीणों में भी रोष बना हुआ है। परिजनों व ग्रामीणों का कहना है कि वे लगातार गुहार लगा रहे हैं, लेकिन सरकार की तरफ से कोई आश्वासन तक उन्हें नहीं मिला है।

# आपसी रंजिश में युवकों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग, एक घायल



**पलवल।** गोंढ़ोता गांव में मामूली कहासुनी पर 9-10 युवकों ने तीन अन्य युवकों पर फायरिंग कर दी। युवक जान बचाने के लिए कार में सवार होकर भागने लगे तो एक गोली कार चला रहे युवक के पैर में लगी है। उसे अस्पताल में दाखिल कराया गा है। होडल थाना पुलिस ने आठ नामजद सहित अन्य के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

होडल थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह के अनुसार, करमन गांव निवासी अंकित उर्फ भोला ने दिए बयान में कहा है कि वह और उसका दोस्त भुलवाना गांव निवासी दिनेश कार में सवार होकर अपने दोस्त गोंढ़ोता गांव निवासी हितेश उर्फ हरबीर से मिलने उसके गांव पहुंचे। तीनों गोंढ़ोता गांव के चौक पर खड़े होकर बात कर रहे थे, वहीं ट्रैक्टर के पास गोंढ़ोता गांव निवासी दो भाई विरेंद्र व राहुल शराब के नशे में खड़े हुए, तभी वहां उनका तीसरा भाई बीर सिंह भी बाइक पर आ गया। तीनों उनके दोस्त हरबीर के साथ झगड़ा करने लगे। उन्होंने उनका बीच-बचाव करा दिया। लेकिन आरोपियों ने फोन कर गांव के ही मुनीष व अमित को और बेढ़ा पट्टी गांव निवासी सुरेंद्र, विकास व कुलदीप को बुला लिया। इसके बाद वे अपनी कार में सवार होकर खांबी गांव की तरफ चल दिए। लेकिन इसी दौरान विकास, अमित, सुरेंद्र व मुनीष ने अपने-अपने हाथों में लिए हथियारों से उनकी गाड़ी पर जान से मारने की नीयत से उन पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं।

अंकित उर्फ भोला ने बताया कि एक गोली गाड़ी की खिड़की से अंदर घुसकर उसके पैर की पिंडली में लगी। उसे नागरिक अस्पताल में लाया गया, जहां डॉक्टरों ने हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। थाना प्रभारी कुलदीप ने बताया कि घायल अंकित के बयान पर आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# साई मित्र मंडल चेरिटेबल ट्रस्ट ने वृद्ध आश्रम में व्हीलचेयर भेंट की



**फरीदाबाद।** सामाजिक संस्था साई मित्र मंडल चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सेक्टर-19 स्थित जनक सेवा समिति द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम में बुजुर्गों के लिए व्हीलचेयर भेंट की गई। साईं मित्र मंडल चेरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक नरेंद्र जैन ने बताया कि उनकी संस्था इससे पहले ताऊ देवीलाल वृद्ध आश्रम में भी नियमित तौर पर अपनी सेवाएं देती रही है। साथ ही गरीब, बुजुर्गों व जरूरतमंद लोगों के आंखों के निशुल्क ऑपरेशन, गरीब कन्याओं के लिए आर्थिक मदद के अलावा पढ़ाई में आर्थिक तौर पर कमजोर बच्चों को पढ़ाई के लिए कॉपी, किताब व अन्य पाठ्य सामग्री समय-समय पर उपलब्ध करवाई जाती है। इस मौके पर ब्रह्मानंद शर्मा, प्रधान जतिन गर्ग, विकास जैन भी कार्यक्रम में विशेष तौर पर उपस्थित थे।

# सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर में हुआ भव्य लंका दहन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सिद्धपीठ** श्री हनुमान मंदिर श्री सनातन धर्म महाबीर दल मार्केट नंबर-1 द्वारा भव्य लंका दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस भव्य आयोजन को देखने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुगण मंदिर प्रांगण में एकत्रित हुए इस शुभ अवसर पर प्राचीन श्री राम सेवा दल ऋषि मार्केट और फरीदाबाद से श्री मेहंदीपुर बालाजी स्वरूप रिशु वधावन व मन्नू अदावन की अध्यक्षता में प्रधान हिमांशु दत्त पाराशर महासचिव डॉक्टर गौरव पाराशर सेवादार मानव, किशोर, अरुण, अंकित व श्याम सभी कार्यक्रम के प्रारंभ से अंत तक शामिल रहे एवं दो नंबर बी ब्लॉक पार्क में स्थित श्री हनुमान मंदिर से श्री मेहंदीपुर बालाजी के दो स्वरूप एवं सेवादार तरुण चावला, चिराग झांब, हार्दिक भूटानी, पवन गेरा, रवि कपूर, सत्यम अरोड़ा, कमल माटा, हर्षित माटा, पीयूष गेरा, जितांशु इस कार्यक्रम में शामिल रहे और जैसे ही लंका दहन हुआ, सभी ने जय श्रीराम के उद्घोष लगाकर पूरे माहौल को गुंजायमान कर दिया। मंदिर के प्रधान राजेश भाटिया ने बताया कि लंका दहन कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए मंदिर के पदाधिकारीगण व कार्यकर्ता पूरी तत्परता से जुटे हुए थे और इस भव्य आयोजन के लिए वह सभी का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने बताया कि पहले बालाजी की चौकी का आयोजन किया गया और उसके बाद लंका दहन किया गया। राजेश भाटिया ने बताया कि हर वर्ष सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर नवरात्रि पर्व और दशहरा पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए प्रयासरत रहता है और इस बार भी भव्य आयोजन मंदिर द्वारा किए गए। उन्होंने बताया कि नवरात्रि पर्व के अवसर पर मंदिर में भव्य पूजा अर्चना की गई और कंजकों को भोजन करवाया गया। उन्होंने बताया कि दशहरा पर्व 24 अक्टूबर को मनाया जाएगा, जिसके अंतर्गत रावण दहन किया जाएगा और इसके पश्चात 25 अक्टूबर को सुबह 10 बजे भरत मिलाप का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बंसीलाल कुकरेजा, राजेश भाटिया, विपिन भाटिया, पवन माटोलिया, कैलाश गुगलानी, लोचन भाटिया, शेर सिंह, राकेश, रवि नागपाल, रमेश उप्पल, वेद भाटिया, ललित शर्मा, जितेंद्र बचवाल, विकास भाटिया, अजय शर्मा, अनिल अरोड़ा, प्रेम बब्बर, रिंकल भाटिया, गगन अरोड़ा, सचिन भाटिया, आशु अरोड़ा, संदीप भाटिया, रोमी भाटिया, गौरव गुलाटी, अमित नरूला, जतिन गांधी, रविंद्र गुलाटी, कमल कपूर, भारत कपूर, सतीश बांगा, राजा भाटिया, मुकुल कपूर, परीन अरोड़ा व अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।



# पलवल अनाज मंडी में एकाएक धान की आवक में बढ़ोतरी

## हर रोज हजारों क्विंटल धान बिक्री के लिए मंडी पहुंच रहा

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**अक्टूबर** महीने में एकाएक धान की आवक कई गुणा बढ़ गई है। हर रोज सैकड़ों किसान अपनी धान की फसल को बेचने के लिए पलवल की अनाज मंडी पहुंच रहे हैं। हर रोज हजारों क्विंटल धान यहां पर पहुंच रहा है। अब तक लगभग दो लाख 75 हजार क्विंटल धान की फसल मंडी में आ चुकी है। धान की फसल की आवक लगातार बढ़ने से मंडी के आढ़तियों के चेहरे पर रौनक लौट आई है। उनका कहना है कि जितनी अधिक फसल आएगी, उतनी ही उनकी आय में बढ़ोतरी होगी। इस बार फसल की पैदावार और क्वालटी अच्छी है, परंतु धान का रेट किसान को कम मिल रहा है। जिससे किसानों में सरकार के खिलाफ नाराजगी है।

पलवल व आसपास की होडल, हथीन, हसनपुर मंडियों में एकाएक धान की आवक में कई गुणा बढ़ोतरी हुई है। किसान अपनी फसल को ट्रैक्टर-ट्रॉली, ट्रकों व फोर व्हीलर के साथ पहुंच रहे हैं। किसानों का रुख मंडी की तरफ होने से पलवल शहर और यहां की सड़कों पर भी जाम के हालात बन गए हैं। धान की आवक बढ़ने के साथ ही इसकी कीमत में थोड़ी गिरावट आई है। जिससे किसानों के चेहरों पर थोड़ी नाराजगी भी दिखाई दे रही है। उन्होंने बताया कि पिछली साल धान की फसल की कीमत 4300 रुपये प्रति क्विंटल तक थी, जो इस बार 3300 रुपये तक ही सीमित है।

पिछले साल की जगह किसानों को 800 से 1000 रुपये तक कम दाम मिल रहे हैं। किसानों का कहना है कि कई बार फसल को बेचने के लिए किसानों को दो से तीन रुकना भी पड़ जाता है। फसल के खरीददार नमी का बहाना लगाकर फसल को सूखने की कह देते हैं। जिससे किसान को अपनी फसल के साथ ही मंडी में ही पड़ा रहना पड़ता है। मंडी के आढ़तियों का कहना है कि सुबह से ही मंडी में फसल बेचने के लिए किसानों का जमावड़ा लगना शुरू हो जाता है, यह शाम तक जारी रहता है। मंडी के अधिकारियों का कहना है कि इस बार धान की आवक पिछले साल की अपेक्षा थोड़ी अधिक हुई है। पिछली बार इस समय दो लाख 10 हजार क्विंटल ही धान की आवक हुई थी, जो इस बार बढ़कर दो लाख 75 हजार क्विंटल तक पहुंच गई। पिछले साल की अपेक्षा अब तक मंडी में 65 हजार क्विंटल धान की आवक अधिक हो चुकी है।

> **इस** बार मंडी में धान की आवक में बढ़ोतरी हुई है। हर रोज हजारों क्विंटल धान की फसल मंडी में बिक्री के लिए पहुंच रही है।
>
> -कुलदीप सिंह, आढ़ती

> **पिछले** कुछ दिनों से लगातार धान की आवक मंडी में बढ़ रही है। किसान अपनी फसल को जल्द से जल्द बेचना चाहते हैं। मंडी में चारों तरफ धान ही धान की ढेरियां दिखाई देती हैं।
>
> -सतबीर सिंह, आढ़ती

> **मंडी** में अब तक लगभग दो लाख 75 हजार धान की आवक हो चुकी है। जो पिछले साल की अपेक्षा अधिक है। आगे इसके और भी अधिक होने की उम्मीद है।
>
> -विजय गहोत, मंडी सुपरवाइजर

# इंसान को बहुत कुछ सिखाती है रामलीला

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**भगवान** श्री राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं, उन्होंने जो मर्यादाएं स्थापित की है, उसे अपने जीवन में आधारित कर हमें अपने जीवन को आगे बढ़ाना चाहिए, ताकि वह महान जीवन में एक बार फिर स्थापित हो सकें।

यह विचार आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना ने एनआईटी-86 विधानसभा क्षेत्र के नंगला रोड पर आयोजित रामलीला में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हर वर्ष रामलीला का मंचन इसलिए किया जाता है कि समाज को याद बना रहे कि प्रभु श्रीराम का जीवन संघर्षशील रहा। उनके जीवन से लोग सीख लें। रामलीला के माध्यम से भाई, पिता व पत्नी के प्रति प्रभु श्रीराम का प्यार किस तरह था, यह हमें याद दिलाता है। बुराई के प्रति अच्छाई कैसे होती है। किस तरह प्रभु राम ने भगवान होते हुए भी साधारण मनुष्य का जीवन अपना कर पिता के आदेश पर 14 वर्ष का वनवास काटा। हमें उनकी लीला से कुछ न कुछ सीख मिलती है। इस मौके पर रामलीला के आयोजकों ने मुख्य अतिथि धर्मवीर भड़ाना का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर जिला सचिव मेहरचंद हरसाना, अमित कुमार, सचिन चौधरी, सुभाष बघेल, नरेश शर्मा, राम गौर, नवीन कौशिक, जुगनू पहलवान सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# श्री बजरंग दल दशहरा कमेटी के दशहरा समारोह की तैयारियां पूर्ण

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**श्री बजरंग** दल दशहरा कमेटी की ओर से बराही तालाब ओल्ड फरीदाबाद में 24 अक्टूबर को मनाए जाने वाले दशहरा समारोह की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। आयोजन समिति के पदाधिकारी निर्वतमान पार्षद सुभाष आहूजा, परविंदर मल्होत्रा, प्रधान सन्नी नारंग, सह.अध्यक्ष सतीश आहूजा, कोषाध्यक्ष हेमंत खुराना, महासचिव पीयूष ग्रोवर, पवन डाबर सभी ने कार्यक्रम स्थल का मुआयना किया और रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतले बना रहे कारीगरों को कुछ सुधार करने के दिशा निर्देश दिए। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि कार्यक्रम को यादगार और ऐतिहासिक बनाने के लिए कोई भी कमी नहीं छोड़ी जा रही है।

उन्होंने बताया कि वे पिछले 23 वर्षों से दशहरे का सफल आयोजन करते आ रहे हैं और लोगों का भरपूर सहयोग मिलता है। सुरक्षा की दृष्टि से सभी प्रबंध किए गए हैं। दशहरा समारोह में केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, विधायक नरेंद्र गुप्ता, मुख्यमंत्री के पूर्व राजनैतिक सचिव अजय गौड, निर्वतमान वरिष्ठ उपमहापौर देवेंद्र चौधरी, हरियाणा स्टेट फार्मेसी काउंसलिंग के चेयरमैन धनेश अदलक्खा व सखी सरोवर बिरादरी के चेयरमैन ओम प्रकाश डाबर को भी आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर सेंट्रल मार्केट के प्रधान रिंकू गर्ग, शुभम अरोड़ा, अशोक ढींगड़ा, सैनी समाज से सचिव सैनी व अन्य पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।



# संक्षिप्त समाचार

## सेक्टर 21ए में जागरण एवं विशाल भंडारे का आयोजन



**फरीदाबाद।** सेक्टर 21ए के हुडडा मार्केट पार्क में नवयुवक संगठन के तत्वाधान में एक सप्ताह चले मां भवानी दरबार की फाइनल यज्ञाहुति एवं आरती भक्तिभाव से परिपूर्ण माहौल में सोमवार को संपन्न हुई। विपिन कुमार एवं सुनील कुमार ने बताया कि मंगलवार को दशहरा के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। समन्वय मंदिर सेक्टर 21डी के प्रतिनिधि पुजारी अमित पाठक एवं संतोष गौतम ने पूजा अर्चना अनुष्ठान मंत्रोच्चार के साथ पूर्ण करवाया। नवयुवक संगठन सेक्टर 21ए से जुड़े सदस्यों, पदाधिकारियों एवं उनके परिवारजनों ने सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए परस्पर दशहरा पर्व की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया। इस अवसर पर बलबीर, राजेश, गोलू, संतोष, छोटेलाल, भारत, विनोद कुमार, मनोज कुमार आदि कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

## दो बाइकों की टक्कर में कंपनी कर्मचारी की मौत

**पलवल।** नूंह-होडल मार्ग पर कोट-उटावड़ गांव के बीच दो बाइकों की टक्कर में एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वहीं युवक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। नांगल जाट गांव निवासी देवीराम ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसका बेटा सचिन तावडू में एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता था। सचिन ने वहीं कमरा लिया हुआ था, कभी-कभी घर आ जाता था। वह और उसका बड़ा बेटा जीतराम भी किसी निजी कार्य से तावडू गए हुए थे। उसी दौरान सचिन के मोबाइल से किसी ने उनके पास फोन किया कि जिसका यह नंबर है, उस लड़के का एक्सीडेंट हो गया है और ज्यादा चोटों के कारण हम उसे नल्हड़ मेडिकल कॉलेज उपचार के लिए ले जा रहे है। सूचना के बाद वे तुरंत मेडिकल कॉलेज पहुंच गए, लेकिन तब तक सचिन की मौत हो चुकी थी। सचिन अपनी बाइक से तावडू से अपने गांव नांगल जाट आ रहा था, तभी कोट-उटावड़ के बीच एक बाइक चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी।

## पौधारोपण कर दिया प्रकृति संरक्षण का संदेश



**पलवल।** नव दुर्गा व विजय दशमी पर्व के उपलक्ष्य में मिशन प्रकृति बचाओ पर्यावरण सचेतक समिति द्वारा गुलाबी नगरी जयपुर राजस्थान में दो दिवसीय प्रकृति पर्यावरण संरक्षण जागरूकता अभियान चलाया गया। विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण तथा पक्षियों के लिए जलपात्र रख जनक्रांति से हरितक्रांति की ओर संदेश दिया। संस्था संयोजक ग्रीन एंबेसडर डॉ. आचार्य राम कुमार बघेल ने देश-विदेश से आए पर्यटकों को संदेश देते हुए बताया कि प्रकृति के सुंदर स्वरूप को बचाने के लिए हरियाली को बचाना होगा। पर्यावरण को साफ और सुंदर रखने के लिए पक्षियों के योगदान को नहीं भुलाया जा सकता है। मानव द्वारा लगातार पशु-पक्षियों के प्राकृतिक आवास वृक्ष, जल व भोजन को समाप्त किया जा रहा है। जिसके कारण संपूर्ण जीव-जगत के प्राणों पर संकट बढ़ रहा है। प्रकृति को बचाने में सबके सहयोग की जरूरत है। मास्टर मानिकचंद ने बताया कि बढ़ते प्रदूषण रूपी बुराई को नष्ट करें तथा नव दुर्गाओं का आशीर्वाद सबपर बना रहे, इसके लिए पीपल वृक्ष पौधारोपण व पक्षियों के लिए जलपात्र रख रहे हैं। जलमहल, हवामहल तथा पार्कों आदि में राष्ट्रीय ध्वज तथा राज्य वृक्ष पीपल व पर्यावरण संरक्षण के स्लोगन लिए लोगों को जागरूक किया गया। मास्टर थानसिंह, मास्टर मानिकचंद, कृष्ण सहित पर्यटक व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## दो दिवसीय जोटा-जोटी जंबूरी कार्यक्रम संपन्न



**पलवल।** भारत स्काउट एंड गाइड्स राष्ट्रीय युवा परिसर गदपुरी में दो दिवसीय जोटा-जोटी कार्यक्रम विभिन्न गतिविधियों के साथ संपन्न हुआ। कैंप का संचालन संस्था के असिस्टेंट डायरेक्टर सिद्धार्थ मोहंती द्वारा किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला संगठन आयुक्त पलवल योगेश सौरोत ने बताया जोटा-जोटी एक अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम होता है, जिसमें स्वयंसेवक इंटरनेट के माध्यम से रूबरू होते हुए एक दूसरे से अपने विचारों का आदान-प्रदान करते हैं तथा विश्व शांति, पर्यावरण तथा यूथ डेवलपमेंट के लिए, उठाए जा रहे कदमों के बारे में जानकारी देते हैं। जिला पलवल से राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलावलपुर, भिडुकी, बाल पलवल, मॉडल संस्कृति होडल, माध्यमिक विद्यालय बढराम, एसडी पब्लिक स्कूल बाता के लगभग 100 स्काउट गाइड ने टीम लीडर मीना देवी, मोनिका देशवाल, राजेश कुमारी, महेश शर्मा, अनुज चौहान, वीर सिंह के नेतृत्व में भाग लिया है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश तथा रेलवे की टीम की भी उपस्थिति रही। सभी टीमों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से भारतीय संस्कृति से रूबरू कराया।

## श्री महावीर दुर्गा मंदिर के 35वें स्थापना दिवस पर रामायण पाठ



**फरीदाबाद।** ओल्ड फरीदाबाद पुरानी सब्जी मंडी स्थित श्री महावीर दुर्गा मंदिर के 35वें स्थापना दिवस पर रामायण पाठ का आयोजन किया गया। इस मौके पर मंदिर के प्रधान दिनेश छाबड़ा, सचिव तिलकराज ग्रोवर, सेवादार टोनी पहलवान, सुनील कुमार, चुन्नीलाल चोपड़ा, सतीश सेठी, संजय खंडेलवाल, रिंकू गर्ग, अमरनाथ सेठी, अनिल शर्मा और सेंट्रल मार्केट कमेटी की पूरी टीम के साथ मिलकर पंडित नरेश शास्त्री ने पूरे विधि विधाव से पूजा अर्चना की। इस अवसर पर प्रधान दिनेश छाबड़ा और सचिव तिलकराज ग्रोवर ने बताया कि यह मंदिर लगभग 34 वर्ष पुराना है, जिसका शिलान्यास वर्ष 1989 में संघण निवासी सभा के प्रधान स्वर्गीय निरंजन दास छाबड़ा द्वारा तत्कालीन हरियाणा के उपमुख्यमंत्री डॉ. मंगल सैन से कराया गया था। उन्होंने बताया कि 24 अक्टूबर को दशमी के अवसर पर सुबह नौ बजे हवन और दोपहर 12 बजे भंडारा होगा। इस मौके पर टोनी पहलवान ने बताया कि इस मंदिर में लोगों की विशेष आस्था जुड़ी हुई है। यहां आकर श्री महावीर दुर्गा मंदिर में मत्था टेकने वाले श्रद्धालुओं की मन्नत माता रानी सदैव पूरी करती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन होते रहने चाहिएं, जिससे 36 बिरादरी के लोगों में भाईचारे को बढ़ावा मिलता है।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 24 अक्टूबर, 2023



# गाजा के पीड़ित
## मामूली सहायता

**गाजा** में बहुत मामूली सहायता पहुंची है, हालांकि वहां रह रहे 2.3 मिलियन लोगों की पीड़ा दूर करने के लिए बहुत कुछ किया जाना चाहिए। गाजा में धीरे-धीरे मानवीय सहायता लेकर पहुंच रहे ट्रकों के काफिले से जीवन और आशा की किरण दिखी है। 20 वाहनों के इस काफिले ने मिस्र से अपनी यात्रा शुरू की और वह घेरेबंद गाजा में प्रवेश कर गया। इस काफिले का महत्व अनदेखा नहीं किया जा सकता है क्योंकि यह तीन देशों-अमेरिका, इज़राइल व मिस्र के बीच वार्ताओं का परिणाम है। यह 'जीवनरेखा' गाजा पट्टी में रहने वाले 2.3 मिलियन लोगों के समक्ष उपस्थित भारी चुनौतियों को रेखांकित करती है। हालांकि, सहायता महत्वपूर्ण कदम है, पर यह गाजा के लोगों की आवश्यकता पूरी करने से बहुत कम है जो इज़राइली बमबारी तथा लंबे समय से जारी नाकेबंदी का शिकार हैं। यह 7 अक्टूबर के बाद गाजा को मिली पहली सहायता है। इन ट्रकों में आवश्यक सामग्री, जैसे, भोजन और दवायें शामिल हैं। इससे पीड़ित जनता को थोड़ी राहत मिलेगी। लेकिन इसमें ईंधन नहीं है जिसका अर्थ यह होगा कि गाजा के एकमात्र कैंसर अस्पताल को बंद करना पड़ेगा। गाजा में ईंधन शानोशौकत की चीज न होकर आवश्यक सामग्री है। इससे अनेक महत्वपूर्ण सेवायें काम करती हैं जिसमें अस्पताल, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तथा बिजली जेनरेटर शामिल हैं। हालांकि, इज़राइल ने गाजा को सीमित सहायता पर सहमति जताई है, पर उसने बमबारी तेज कर दी है और वह इस 365 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को लगातार निशाना बना रहा है। गाजा पट्टी बहुत घना बसा क्षेत्र है जहां औसत जनसंख्या घनत्व प्रति वर्ग



किलोमीटर 5,700 लोगों से अधिक है। इस बमबारी से पहले से ही जीर्णशीर्ण अवस्था वाली ढांचागत संरचना को भारी नुकसान पहुंचा है। हमलों से गाजा पट्टी का कोई भी क्षेत्र नहीं बचा है, इसलिए उसे तत्काल राहत प्रयासों की आवश्यकता है।

विनाश बहुत भयंकर पैमाने पर हुआ है और गाजा के लोगों की पीड़ा बहुत गहरी है। राष्ट्रपति जो बाइडेन, इज़राइली प्रधानमंत्री नेतनयाहू व मिस्र के राष्ट्रपति सीसी के बीच गहन राजनयिक वार्ताओं के बाद मिस्र से सहायता का मार्ग खोला गया है। गाजा को थोड़ी सहायता पहुंचाने का श्रेय अमेरिकी राष्ट्रपति को दिया जाना चाहिए जिन्होंने न केवल पहल की, बल्कि वार्ताओं में व्यक्तिगत रूप से भाग लिया। बाइडेन ने शुरू में ही स्पष्ट कर दिया था कि मानवीय सहायता से कोई समझौता नहीं किया जा सकता है तथा यह एक मूल आवश्यकता है जिसे तत्काल पूरा किया जाना चाहिए। अमेरिकी विदेश सचिव एंटोनी ब्लिंकेन ने यह प्रतिबद्धता दुहराते हुए सभी पक्षों से राफा क्रासिंग खुली रखने को कहा जिससे सहायता का प्रवाह लगातार जारी रहे। हालांकि, 20 ट्रकों का पहुंचना एक सकारात्मक कदम है, पर यह तथ्य समझना जरूरी है कि गाजा की जनसंख्या की आवश्यकतायें बहुत बड़ी हैं तथा बढ़ रही हैं। महत्वपूर्ण होने के बावजूद यह सहायता गाजा निवासियों की बहुआयामी चुनौतियां संबोधित नहीं कर सकती है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय को एकजुट होकर सुनिश्चित करना चाहिए कि सहायता का प्रवाह जारी रहे तथा संकट के मूल कारणों को संबोधित किया जाए। दुनिया गाजा की त्रासद घटनाओं को देख रही है अत: उसे यह समझना जरूरी है कि मानवीय सहायता की आवश्यकता एक सहायता काफिले से पूरी नहीं हो सकती है। केवल सतत प्रयासों, राजनय तथा परस्पर सहयोग के माध्यम से हम सुनिश्चित कर सकते हैं कि वह सहायता सामग्री लगातार मिलती रहेगी जिसकी गाजा की जनता को बहुत आवश्यकता है।

# नागरिकों पर युद्ध के व्यापक प्रभाव

गाजा की त्रासद घटनायें तथा युद्धरत देशों का टकराव नागरिक जनसंख्या पर विनाशकारी प्रभाव डालता है। ऐसे में शांति स्थापना के तत्काल व्यापक वैश्विक प्रयास जरूरी हो गए हैं।

**राजदीप पाठक**
(लेखक, गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति से संबद्ध हैं)





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा दुनिया के अनेक नेताओं ने 18 अक्टूबर को गाजा में एक अस्पताल पर हुए हमले में 500 से अधिक लोगों की मृत्यु पर दु:ख प्रकट किया है तथा इस हमले की निन्दा की है। प्रधानमंत्री मोदी ने सिविलियन पीड़ितों की त्रासदी पर शोक प्रकट किया है। उन्होंने यह भी कहा है कि इस घटना के जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। गाजा में जारी इस टकराव में नागरिकों के हताहत होने को दुनिया भर में गंभीर व निरंतर जारी चिन्ता के रूप में अभिव्यक्त किया जा रहा है। इज़राइल व हमास के बीच टकराव गाजा पट्टी के सशस्त्र हमास उग्रवादियों द्वारा इज़राइल पर 7 अक्टूबर, 2023 को हवा, भूमि और समुद्र से अचानक व अभूतपूर्व हमले के बाद प्रारम्भ हुआ।

टकराव शुरू होने के बाद से 3,785 फिलिस्तीनी मारे गए हैं। टकराव बढ़ने के कारण होने वाली मानवीय त्रासदी से बहुत जल्दी मुक्ति मिलने की आशा नहीं है तथा हताहतों की संख्या लगातार बढ़ रही है। पूरे इतिहास में युद्धों को अक्सर राजनीतिक लक्ष्य प्राप्त करने के रूप में देखा गया है। इनके माध्यम से विभिन्न राजनेता या देश अपना प्रभुत्व स्थापित करने या राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा का प्रयास करते हैं। लेकिन इस कटु यथार्थ को अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि युद्धों के कारण सिविलियन जनसंख्या पर बहुत गंभीर व स्थाई नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं। इनसे खासकर महिलायें, बच्चे और पुरुष प्रभावित होते हैं। गाजा की हालिया घटनायें सशस्त्र टकराव के कारण निरपराध लोगों के जीवन पर विनाशकारी प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाती हैं और यह पूरी मानवजाति के लिए एक चुनौती व चेतावनी है। हताहतों के आंकड़े केवल संख्यायें भर नहीं है, बल्कि ये लोगों के सपने, परिवार और भविष्य टूटने के प्रमाण भी हैं।

सशस्त्र टकरावों का महिलाओं और बच्चों पर पड़ने वाला सर्वाधिक हृदय-विदारक परिणाम यह है कि अक्सर उनके विस्थापन, हिंसा तथा आवश्यक सेवाओं के नष्ट होने का खतरा बढ़ जाता है। निरपराध व मासूम बच्चे अक्सर युद्धों के बीच फंस जाते हैं और अकल्पनीय पीड़ा का शिकार बनते हैं। विस्थापन, आघात एवं शिक्षा के अवसरों की समाप्ति उनसे उनका सामान्य बचपन छीन लेते हैं। बच्चे एक मौन पीड़ित की तरह शारीरिक व मनोवैज्ञानिक पीड़ा झेलते हैं जो वयस्क होने के बाद भी उनके मन पर एक धब्बे की तरह अमिट हो जाती है। महिलाओं और बच्चियों के लिए युद्ध अक्सर आजीवन पीड़ा, क्रूरता, शारीरिक उत्पीड़न, बलात्कार व मानव व्यापार, आदि का कारण बनते हैं। गर्भवती महिलाओं के लिए युद्ध उनके मातृ स्वास्थ्य पर भी संकट पैदा करते हैं। युद्धों के कारण उनकी प्रसव-पूर्व देखभाल अत्यधिक सीमित हो जाती है जो सामान्य व स्वस्थ गर्भावस्था सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है।

सैनिक टकराव से पैदा तनाव व आघात के कारण समयपूर्व जन्म तथा प्रसव के दौरान जटिलताओं का सामना भी गर्भवती महिलाओं को करना पड़ता है। पुरुषों, महिलाओं और बच्चों की सिविलियन जनसंख्या अक्सर ऐसे टकरावों के कारण परिवारों के विस्थापन का सामना करती है जिससे उनको भीड़ भरी व अनुपयुक्त स्थितियों में रहने को मजबूर होना पड़ता है। लंबे समय से युद्धरत क्षेत्र में रहने का मनोवैज्ञानिक प्रभाव बहुत अधिक होता है जिसके मानसिक स्वास्थ्य पर दीर्घकालीन प्रभाव पड़ते हैं। इससे आर्थिक गतिविधियां बाधित होती हैं जिसके कारण अनेक लोगों की आजीविका व नौकरियों के अवसर छिन जाते हैं। युद्धों के कारण इतिहास की धारा बदल जाती है, लेकिन यह अक्सर इसे शुरू करने वालों की कल्पना से परे हो सकती है। प्रगति व समृद्धि के बजाय युद्ध अक्सर सभ्यताओं के संकट का कारण बनते हैं। सांस्कृतिक विरासत का विनाश, समुदायों के विस्थापन तथा समाजों पर पड़ने वाले आघात के कारण मानवता की सामूहिक स्मृति पर हमेशा के लिए काली छाया बन जाती है।

पूरे इतिहास में अनेक नेताओं ने युद्धों को 'उचित' या आदर्शों के लिए आवश्यक बताया है। लेकिन विडंबना है कि इस प्रकार के औचित्य अक्सर बहुत संकुचित होते हैं और अक्सर आक्रामकों व रक्षकों के बीच मनमाने अंतर करते हैं। निरपराध सिविलियन युद्धों में बदलने वाले ऐसे भू-राजनीतिक निर्णयों का झटका झेलते हैं, भले ही उनकी राष्ट्रीयता या वैचारिक जुड़ाव चाहे जो हो। दुर्भाग्य से अस्पतालों को निशाना बनाना तथा उन पर बम गिराना युद्धरत देशों की रणनीति बन गया है जिसे अक्सर संकटकालीन व रणनीतिक आयाम के रूप में देखा जाता है। कभी-कभी गैर-राज्य कारक या विद्रोही अस्पतालों को अपने कवच के रूप में प्रयोग करते हैं जिससे रोगी तथा चिकित्सा कर्मी संकट में फंस जाते हैं।

प्रथम विश्वयुद्ध के दौरान सीमाओं पर तथा सुदूर क्षेत्रों में स्थित अस्पतालों को बमबारी और तोपों का अक्सर निशाना बनाया गया था। खाइयों में युद्धों की विभीषिका ने अक्सर चिकित्सा के लिए सुरक्षित क्षेत्र निर्धारित करने में कठिनाइयां पैदा कीं जिससे अस्पतालों पर हमलों का खतरा बढ़ गया। द्वितीय विश्वयुद्ध में जानबूझ कर अस्पतालों पर निशाना लगाया गया तथा सैनिक रणनीतियों में दुश्मन की चिकित्सा देखभाल को बाधित करना भी शामिल था।

वियतनाम युद्ध में छापामार युद्ध की व्यापकता थी जिसमें युद्धरत व युद्ध न लड़ने वाले लोगों के बीच अंतर धुंधला हो गया। अस्पतालों को हमलों से अलग नहीं रखा गया तथा युद्ध की छापामार प्रकृति के कारण सुरक्षित चिकित्सा सुविधायें स्थापित करना कठिन हो गया। दक्षिण वियतनाम के सोन तिन्ह जिले में निहत्थे सिवियिलनों की व्यापक हत्या में 16 मार्च, 1968 को शामिल अमेरिकी सैनिकों द्वारा किए कुख्यात युद्ध अपराध 'माई लाई नरसंहार' से सपष्ट है कि एक अस्पताल पर अमेरिकी सैनिकों ने हमला किया था जिसमें निहत्थे वियतनामी सिविलियन तथा अस्पताल में भर्ती मरीज मारे गए थे। 1992-1995 के बोस्निया युद्ध में अस्पतालों तथा चिकित्सा कर्मियों पर जानबूझ कर नस्ली सफाया अभियान के दौरान निशाना लगाया गया था। खासकर 'सीज आफ साराजेवो' में अस्पतालों और एंबुलेंसों पर जानबूझ कर बम बरसाए गए थे। इससे भारी संख्या में सिविलियन हताहत हुए थे तथा चिकित्सा सहायता में बाधा आई थी।

तत्कालीन मानव त्रासदी के अलावा युद्ध देशों के इतिहास और सांस्कृतिक विरासत पर दीर्घकालीन विनाशकारी प्रभाव डालते हैं। इससे राष्ट्र की पहचान स्थापित करने वाले ऐतिहासिक स्थल खंडहरों में बदल जाते हैं। युद्ध की त्रासदी यह है कि इससे जनता या पीढ़ियों की सामूहिक स्मृति मिट जाती है तथा भावी पीढ़ियों को सांस्कृतिक ज्ञान संप्रेषित करने में बाधा आती है। केवल इतना ही नहीं, युद्धों के कारण समुदायों को अपने घर छोड़ कर भागना पड़ता है जिससे उनकी सांस्कृतिक पहचान नष्ट होती है। चूंकि विस्थापित जनसंख्या अपना जीवन बचाने के लिए संघर्ष करती है, इसलिए पीढ़ियों की परंपरायें, कहानियां और भाषायें संकट में पड़ जाती हैं। इसके साथ ही पुनर्निर्माण की समस्या भी सामने आती है। युद्ध के पश्चात पुनर्निर्माण में अक्सर ढांचागत संरचनाओं पर ध्यान दिया जाता है और राष्ट्रीय इतिहास के अन्य आयामों को अनदेखा किया जाता है।

पुनर्निर्माण से शहर हिल जाते हैं और ढांचागत संरचना इसका केवल एक आयाम है। नष्ट परिवारों का जीवन व खंडहर पुनर्निर्माण करना इसका एक बड़ा आयाम है। सैकड़ों-हजारों शरणार्थियों की आशायें तथा उनका पुनर्वास एक बिल्कुल अलग मामला है। गाजा की त्रासद घटनायें तथा युद्धरत देशों के टकराव सिविलियन जनसंख्या पर सशस्त्र टकराव की विभीषिकायें रेखांकित करते हैं। ऐसे में आवश्यकता है कि सारी दुनिया निरपराध लोगों को नष्ट होने से बचाने, सांस्कृतिक पहचान बनाए रखने तथा युद्ध की विभीषिकाओं से मुक्त भविष्य बनाने के लिए पहले के किसी भी समय की तुलना में तत्काल प्रयास करे। वर्तमान दुनिया में शांति सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

# लघु एवं मध्यम उद्यमों में जेंडर गैप

**"भारत में केवल 20 प्रतिशत व्यवसायों का स्वामित्व महिलाओं के पास है। जबकि भारत का स्टार्टअप परिदृश्य फल-फूल रहा है।"**

**विभा तिलवाली शर्मा**
(लेखिका, चार्टर्ड एकाउंटेंट हैं)



क्या पुरुष व्यवसाय कौशल स्वाभाविक रूप से श्रेष्ठ है? क्या एक पुरुष उद्यमी सफलता की गारंटी देता है? क्या रणनीतिक सोच और नवप्रवर्तन केवल पुरुषों के लिए हैं? क्या वाई गुणसूत्र उद्यमिता नियमावली के साथ आता है? क्या वित्तीय रास्ते वास्तव में लिंग-तटस्थ हैं, या क्या वे छिपे हुए पूर्वाग्रहों को आश्रय देते हैं? ये सवाल इसलिए उठते हैं, क्योंकि भारत में केवल 20 प्रतिशत व्यवसायों का स्वामित्व महिलाओं के पास है। जबकि भारत का स्टार्टअप परिदृश्य फल-फूल रहा है, महिला उद्यमियों को, विशेष रूप से एसएमई वित्तपोषण में, महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

विल्ग्रो और लीड द्वारा हाल ही में आयोजित एक अध्ययन जिसका शीर्षक है बियॉन्ड द नंबर्स: डिकोडिंग द जेंडर गैप इन फाइनेंसिंग एसएमईज़ इन इंडिया, 10 लाख से अधिक की क्रेडिट आवश्यकता वाले एसएमई को समझने पर केंद्रित है। यह अध्ययन वित्तीय चुनौतियों की जटिलताओं पर गहराई से प्रकाश डालता है, लैंगिक असमानताओं को उजागर करता है और संभावित समाधानों की सिफारिश करता है।

जबकि वित्त तक पहुंच दोनों लिंगों को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करती है, अध्ययन उन अतिरिक्त बाधाओं और पूर्वाग्रहों का खुलासा करता है जिनका महिला उद्यमियों को उनके लिंग के कारण सामना करना पड़ता है। यद्यपि वित्तपोषण अंतर और संपार्श्विक आवश्यकताएं लिंग के आधार पर बहुत भिन्न नहीं होती हैं, क्रेडिट अनुप्रयोगों के लिए टर्नअराउंड समय (टीएटी) में एक उल्लेखनीय अंतर उभरता है। पुरुषों की एक चौथाई से कुछ अधिक की तुलना में आधे से अधिक महिलाओं में 30 दिनों से अधिक का टीएटी था। इसके अतिरिक्त, महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों ने ब्याज दरों, प्रसंस्करण शुल्क, पूर्व भुगतान शुल्क आदि पर पुरुषों की तुलना में तीन गुना अधिक बातचीत की। अध्ययन महिलाओं को ऋण देने के व्यावसायिक मामले पर प्रकाश डालता है। महिलाओं की एनपीए दर कम है (सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में 6.2 प्रतिशत औसत एनपीए के विपरीत 4 प्रतिशत) और पुरुषों की तुलना में कम बैंकिंग संबंधों के कारण वे उच्च ग्राहक वफादारी दिखाती हैं। फिर भी, कई महिला प्रतिभागियों को ऋण के लिए एक पुरुष सह-हस्ताक्षरकर्ता की आवश्यकता थी और 46 प्रतिशत महिला उत्तरदाताओं को लगा कि बैंक पुरुषों की तुलना में महिलाओं से अधिक दस्तावेजों की मांग करते हैं।

लिंग वित्तपोषण अंतर को पाटने के लिए, भारत सरकार और भागीदारों ने महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने की पहल शुरू की। स्टैंडअप इंडिया योजना विशेष रूप से महिलाओं के लिए उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए ऋण (10 लाख रुपये से 1 करोड़ रुपये) प्रदान करती है। नीति आयोग का महिला उद्यमिता मंच (डब्ल्यूईपी) ज्ञान साझा करने, क्षमता निर्माण, वित्त पोषण पहुंच और डेसरा, नैसकॉम फाउंडेशन और सिस्को सिस्टम्स जैसे निजी खिलाड़ियों के साथ साझेदारी प्रदान करता है। सिडबी ने संपार्श्विक-मुक्त ऋण के लिए महिला उद्यम निधि (एमयूएन), विस्तार के लिए महिला विकास निधि (एमवीएन), और सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए महिला उद्यम निधि योजना (एमयूएनएस) जैसे वित्तीय उत्पाद पेश किए, जिससे आर्थिक विकास और महिला सशक्तीकरण हुआ। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की महिला उद्यमिता सेल लिंग-विशिष्ट वित्तीय उत्पाद प्रदान करती है और सरकारी प्राथमिकताओं के अनुरूप एमएसएमई, कृषि और खुदरा जैसे क्षेत्रों में विस्तार करते हुए सर्वोत्तम प्रथाओं को बढ़ावा देती है।

सरकारी प्रयासों के बावजूद, महिला उधारकर्ताओं के लिए 1.95 लाख करोड़ रुपये का महत्वपूर्ण क्रेडिट अंतर बना हुआ है। यह अप्रयुक्त बाजार वित्तीय संस्थानों के लिए काफी संभावनाएं रखता है। इसे संबोधित करने के लिए, विभिन्न हितधारकों को शामिल करते हुए एक केंद्रित बहुआयामी रणनीति महत्वपूर्ण है। अध्ययन मांग-पक्ष विश्लेषण, आपूर्ति-पक्ष एकीकरण और वित्तीय संस्थान की सिफारिशों पर जोर देता है। इन सुझावों को तीन प्रमुख क्षेत्रों में वर्गीकृत किया गया है: कार्यक्रम, प्रक्रिया और उत्पाद। कार्यक्रम-स्तरीय समाधान: एग्रीगेटर्स और सुविधा एजेंसियां आत्मविश्वास, सीखने, प्रवृत्ति जागरूकता और पेशेवर कनेक्शन को बढ़ावा देने के लिए उद्यमशील नेटवर्क और सदस्यता महत्वपूर्ण हैं। वे सहयोग और व्यवसाय वृद्धि को भी बढ़ावा देते हैं।

महिला विश्व बैंकिंग (डब्ल्यूडब्ल्यूबी) 2020 का एक अध्ययन ग्राहक संबंध प्रशिक्षण सहित बैंक प्रबंधकों के लिए बहु-स्तरीय हस्तक्षेप का सुझाव देता है। यह अवचेतन पूर्वाग्रह को लक्षित करता है, ऋण प्रसंस्करण में तेजी लाता है, बैंक दौरे को कम करता है, और अंतत: ऋण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करता है, जिससे महिला आवेदकों की अधिक भागीदारी को बढ़ावा मिलता है। उत्पाद-स्तरीय समाधान: वित्तपोषण के लिए नवीन उपकरण।

रिपोर्ट से पता चलता है कि पिछले 5 वर्षों में क्रेडिट चाहने वाले 75 महिलाओं के नेतृत्व वाले और 96 पुरुषों के नेतृत्व वाले व्यवसायों में से, क्रमश: 40 प्रतिशत और 43 प्रतिशत ने अस्वीकृति या क्रेडिट मानदंडों को पूरा नहीं करने के डर से आवेदन नहीं किया। वित्तीय संस्थान ऑनलाइन पात्रता जांच लागू करके, उत्पाद जागरूकता बढ़ाकर और प्रसंस्करण समय को कम करके ऋण आवेदन बढ़ा सकते हैं।

महिलाओं के नेतृत्व वाले एसएमई के लिए वित्त बढ़ाने के लिए, अनुरूप मिश्रित वित्त दृष्टिकोण मूल्यवान हैं। कार्यक्रम हस्तक्षेप और उत्पाद विकास में सुधार के लिए, आरबीआई और आईबीए जैसे नियामकों को महिला-केंद्रित डीएसए के लिए नीतियों को प्राथमिकता देनी चाहिए, जो ऋण प्रक्रियाओं में फ्रंट-लाइन गाइड के रूप में महत्वपूर्ण हैं। इसके साथ ही, महिलाओं के नेतृत्व वाले एमएसएमई के लिए समर्पित प्राथमिकता क्षेत्र ऋण लक्ष्य स्थापित करना और उनकी जरूरतों को बेहतर ढंग से संबोधित करने के लिए 1 लाख रुपये से अधिक की क्रेडिट सीमा को समायोजित करना तत्काल आवश्यक है। वित्तपोषण अंतर एक संख्या से अधिक है, यह आपस में जुड़े सामाजिक-सांस्कृतिक मानदंडों, संस्थागत ढांचे और पूर्वाग्रहों से उपजा है।

## आप की बात

### हिमालय की सुरक्षा

**जोशीमठ** और उसके बाद सिक्किम की साउथ लियोनार्डो लेक के भारी बारिश के कारण अचानक फटने और उससे होने वाली भारी तबाही ने दिखा दिया है कि हिमालय पर्वतीय क्षेत्र की सुरक्षा पर ध्यान देना जरूरी है। पर्यटन और विकास के नाम पर हिमालय पर सैकड़ों निर्माण कार्य चल रहे हैं जिनमें पहाड़ों की सुरक्षा व पर्यावरण प्रभाव को लेकर बरती जाने वाली सावधानी को नजरअंदाज किया गया है। देश की बढ़ती आबादी के साथ पहाड़ी क्षेत्रों में पर्यटकों की संख्या बहुत ज्यादा बढ़ गई है। उनके आवास भोजन व घूमने फिरने के लिए सभी तरह की सुविधाओं की व्यवस्थाओं में पहाड़ों पर खुदाई और बहुमंजिला होटलों का निर्माण ऐसी दुर्घटनाओं के लिए जवाबदेह है। प्रदूषण, विश्वव्यापी ग्लोबल वार्मिंग और मौसम की भयानक गड़बड़ियां पहाड़ों पर कुछ अधिक ही प्रभाव दिखाती हैं। सरकार को पहाड़ी क्षेत्रों में विकास व पर्यटन के लिए ऐसी योजना बनाई चाहिए कि स्थानीय जनता की आजीविका में पर्यटन के योगदान के साथ ही क्षेत्रीय परिस्थितिकी व जैव-विविधता में संतुलन बना रहे। पर्यटकों की संख्या सीमित करने के मामले में हमें अपने पड़ोसी देश भूटान से सबक लेना चाहिए जिसने पर्यावरण को सर्वाधिक महत्व दिया है।

-**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### गठबंधन में दरार

**मध्य प्रदेश** में सीटों के लिए सपा-कांग्रेस विवाद अब यूपी की ओर भी मुड़ गया है। यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि मुस्लिमों के लिए कांग्रेस पुराना घर है, आजम खान भले ही सपा नेता हैं किन्तु उनके मामले में हम उनको कंधे से कंधा मिलाकर साथ देंगे, भाजपा सरकार उनपर द्वेषपूर्ण व बदले की भावना से मुकदमें कराती आ रही है, वे सामाजिक व राजनीतिक रूप से सशक्त हैं। इन सब बातों से साफ़जाहिर होता है कि अब यूपी में भी कांग्रेस-सपा के बीच टकराव आरम्भ हो गया है। अखिलेश यादव ने कह दिया है कि इंडिया गठबंधन 2024 के लिए है और हम उसमें साथ-साथ लड़ेंगे। लेकिन सवाल यह है कि जब विधानसभा चुनावों में सपा-कांग्रेस युद्ध तीखा हो जाएगा तो लोकसभा चुनाव में दोस्ती कैसे संभव होगी। वैसे भी जनता सबकुछ देख रही है कि सत्ता के लालच में विपक्षी उसी तरह साथ आने की तैयारी कर रहे हैं, जैसे जंगल में बाढ़ आने पर एक दूसरे के दुश्मन जानवर पेड़ पर शरण लेते हैं और थोड़े समय के लिए अपनी दुश्मनी भूल जाते हैं। फिलहाल ऐसा नहीं लगता है कि इंडिया गठबंधन की दरार अगले साल भर जाएगी।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### स्वागत योग्य निर्णय

**सुप्रीम कोर्ट** ने केंद्र सरकार, सभी राज्य सरकारों व केंद्रशासित प्रदेशों को हाथ से सीवर सफाई या मैला ढोने की प्रथा को पूरी तरह समाप्त करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने इस दौरान मौत होने पर तीस लाख मुआवजा देने का आदेश भी दिया बताते हैं। भारत में मशीनों से सीवेज प्रबंधन प्रणाली के अभाव, जाति आधारित सामाजिक पदानुक्रम, जाति आधारित भेदभाव व आजीविका साधनों की कमी के कारण लोग इस अमानवीय काम के लिए मजबूर हो जाते हैं। यह पूर्णत: मानव गरिमा व मानवाधिकारों का उल्लंघन है। हाथ से मैला सफाई में लगे लोगों को मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक आघात के साथ-साथ स्वास्थ्य समस्याओं, जैसे, हैजा, टाइफाइड, हेपेटाइटिस आदि का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय बहुत ही स्वागत योग्य है। इसके समुचित, प्रभावी व जमीनी क्रियान्वयन के लिए उद्यमिता और विकास कौशल को बढ़ावा देने के साथ ही प्रौद्योगिकी-आधारित समाधान ढूंढ़ने होंगे ताकि हम मैन्युअल स्कैवेंजिंग या हाथ से मैला सफाई पर पूर्ण रूप से पूरे देश में प्रभावी पाबंदी लगा सकें।

**सुदर्शन सोराड़ी**,नानकमत्ता साहिब

### व्यापक चुनाव सुधार

**टीएन शेषन** के द्वारा किए चुनाव सुधार और उनकी कार्यशैली आज भी बहुत से लोगों के मन पर अंकित है। शेषन ने काफी हद तक चुनाव में होने वाले खर्च पर अंकुश लगा दिया था। लेकिन धीरे-धीरे चुनाव आयुक्तों का वह प्रभाव समाप्त होता गया और अब फिर से प्रत्याशी चुनाव में अनाप-शनाप खर्च के हथकंडे अपनाने लगे हैं। इससे आम जनता में यह समझ घर कर गई है कि काली कमाई के निवेश के लिए चुनाव अच्छा माध्यम है। इसके साथ ही प्रत्याशियों के चरित्र और शिक्षा का सवाल भी है। एक आठवीं पास विधायक जब एक आईएएस से असभ्य भाषा में बोलता है तो लगता है कि लोकतंत्र का चीरहरण हो रहा है। चुनाव से पूर्व जिस अपराधी के पीछे गिरफ्तार करने को पुलिस दौड़ती रहती है, चुनाव जीतने के बाद उसी की सुरक्षा करती है। इसके अतिरिक्त एक व्यक्ति द्वारा एक से अधिक स्थानों से चुनाव लड़ने पर भी प्रतिबंध लगना चाहिए क्योंकि इससे सरकारी धन व समय की बरबादी होती है। ऐसी अनेक समस्याओं से निपटने के लिए व्यापक चुनाव सुधार जरूरी हैं।

– **नरेन्द्र टोंक,** मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# बेटियों के पांव पखार कर सीएम ने की मातृ शक्ति की आराधना

## ● शारदीय नवरात्रि की महानवमी को नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं का गोरक्षपीठाधीश्वर ने पूजन किया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मातृ शक्ति** के प्रति अगाध श्रद्धा व सम्मान गोरक्षपीठ की परंपरा है। मुख्यमंत्री बनने के बाद गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने नारी सुरक्षा, स्वावलंबन और सम्मान की अनेक योजनाओं से इस परंपरा का व्यावहारिक धरातल पर विस्तार किया है। मातृ शक्ति के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत करते हुए सीएम योगी ने सोमवार को शारदीय नवरात्रि की महानवमी तिथि पर गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुरूप कन्या पूजन किया। गोरखनाथ मंदिर में आयोजित कन्या पूजन कार्यक्रम में गोरक्षपीठाधीश्वर ने नौ दुर्गा स्वरूपा कुंवारी कन्याओं के पांव पखारे, उनका विधि विधान से पूजन किया, चुनरी ओढ़ाई, आरती उतारी, श्रद्धापूर्वक भोजन कराया, दक्षिणा और उपहार देकर उनका आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री ने परम्परा का निर्वहन करते हुए बटुक पूजन भी किया।

सोमवार को मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने मंदिर के भोजनालय में पीतल के परात में भरे जल में नौ नन्ही बालिकाओं के बारी-बारी पांव धोए। दुर्गा सप्तशती के मंत्रोच्चार के बीच उनके माथे पर रोली, चंदन, दही, अक्षत और दूब ;दुर्वाद्ध का तिलक लगाया। माला पहनाकर, चुनरी ओढ़ाकर, उपहार एवं दक्षिणा प्रदान कर आशीर्वाद लिया। पूजन के बाद इन कन्याओं को मंदिर की रसोई में पकाया गया ताजा भोजन प्रसाद योगी ने अपने हाथों से परोसा। इन नौ कन्याओं के अतिरिक्त बड़ी संख्या में पहुंची बालिकाओं और बटुकों का भी मुख्यमंत्री ने पूजन कर आरती उतारी। सभी को श्रद्धापूर्वक भोजन कराकर उपहार व दक्षिणा दिया गया। अपने महराज जी (योगी बाबा) का प्यार-दुलार पाने के लिए नन्हीं बालिकाओं व बटुकों की आतुरता देखते ही बन रही थी। सत्कार और स्नेह के भाव से मुख्यमंत्री ने एक-एक कर नौ कन्याओं व बटुक भैरव के पांव पखारे और पूजन किया। इस दौरान सीएम के हाथों दक्षिणा मिलने से ये बालिकाएं काफी प्रफुल्लित दिखीं। पूजन के बाद कन्याओं व बटुकों को स्वयं अपने हाथों से भोजन परोसते समय सीएम निरंतर संवाद भी करते रहे। यह भी ख्याल रखते रहे कि किसी भी बालक-बालिका की थाली में प्रसाद की कोई कमी न रहे। इसे लेकर वह मंदिर की व्यवस्था से जुड़े लोगों को निर्देशित करते रहे। कन्या पूजन के दौरान गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, काशी से आए महामंडलेश्वर संतोष दास सतुआ बाबा, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास, गोरखनाथ मंदिर के पुरोहित आचार्य रामानुज त्रिपाठी वैदिक आदि मौजूद रहे। सीएम योगी ने इसके पूर्व प्रात:काल के पूजन सत्र में मंदिर के शक्तिपीठ में मां सिद्धिदात्री की विधि-विधान से आराधना की।

# मां सिद्धिदात्री की उपासना के साथ शारदीय नवरात्र अनुष्ठान पूर्ण

## ● गोरक्षपीठाधीश्वर ने मां जगतजननी से की लोक कल्याण की प्रार्थना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/गोरखपुर



**श्री गोरक्षनाथ** मंदिर में शारदीय नवरात्र के उपलक्ष्य में चल रहा आदिशक्ति मां भगवती दुर्गा की उपासना का अनुष्ठान महानवमी तिथि पर सोमवार सायंकाल विधि विधान से पूर्ण हुआ। इस अवसर पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंदिर के शक्तिपीठ में मां जगतजननी के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की आराधना कर लोक कल्याण की प्रार्थना की। सनातनी मान्यताओं के अनुसार मां सिद्धिदात्री अपने भक्तों के सभी मनोरथ को पूर्ण करती हैं। शास्त्रों में उन्हें सिद्धि और मोक्ष की देवी माना जाता है। माता सिद्धिदात्री के भक्त के मन में कोई ऐसी कामना शेष नहीं रहतीए जिसे वह पूर्ण करना चाहे। अर्थात माता उसकी सभी कामनाएं पूरी कर देती हैं। गोरक्षपीठाधीश्वर ने विधि विधान से माता का पूजन करने के बाद आरती उतारी। क्षमा प्रार्थना के बाद प्रसाद वितरण के साथ उपासना पूरी हुई।

इस अवसर पर गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, संतोषदास, सतुआ बाबा, एडीजी अखिल कुमार, कमिश्नर अनिल ढींगरा, पूर्व डीजीपी डीएस चौहान, पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह, राकेश सिंह बघेल, अरुणेश शाही, दुर्गेश बजाज, दीपक सिंह, पार्षद धर्मदेव चौहान, वीर सिंह सोनकर, अष्टभुजा तिवारी, मृत्युंजय सिंह, एमएलसी डॉ धर्मेन्द्र सिंह सहित गोरखनाथ मंदिर के भक्त उपस्थित रहे।

# सीएम 1086 स्कूलों में कल करेंगे स्मार्ट क्लास की स्थापना का शुभारम्भ

## ● गोरखपुर मंडल के परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों को टैबलेट व दिव्यांग बच्चों को उपकरणों का करेंगे वितरण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/ गोरखपुर

**परिषदीय** विद्यालयों के बच्चों को सक्षम व स्मार्ट बनाने के अभियान को गति देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को बेसिक शिक्षा विभाग के एक खास समारोह में सम्मिलित होंगे। इस समारोह में मुख्यमंत्री अध्यापन के लिए शिक्षकों को टैबलेट वितरित करेंगे, स्मार्ट क्लास की स्थापना का शुभारंभ करेंगे, प्री प्राइमरी शिक्षा के लिए वंडर बॉक्स वितरित करने के साथ दिव्यांग बच्चों को सहायक उपकरण वितरित करेंगे।

मंडल स्तरीय यह समारोह बुधवार को पूर्वाह्न 10.30 बजे से योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में होगा। इस अवसर पर सीएम योगी गोरखपुर मंडल के चार जनपदों (गोरखपुर, महराजगंज, देवरिया व कुशीनगर) के परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों के लिए 14360 टैबलेट वितरण का शुभारंभ करेंगे। उनके द्वारा गोरखपुर मंडल के 64 विकास खंडों में आईसीटी (इंफ ॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी) लैब्स का शुभारंभ भी किया जाएगा। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री मंडल के 1086 परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की स्थापना का शुभारंभ करेंगे।

बेसिक शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के मंच से मुख्यमंत्री द्वारा प्री प्राइमरी शिक्षा के लिए को.लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों को आईटीआई गांधीनगर द्वारा विकसित वंडर बॉक्स का वितरण किया जाएगा। कुल 3780 वंडर बॉक्स वितरित किए जाने है। इसके अलावा कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों को सुगम्य क्रेन, ब्रेल किट, बीटी हियरिंग एड, ट्राइसाइकिल, व्हील चेयर, क्रच, सीपी चेयर आदि का वितरण भी किया जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर 130 दिव्यांग बच्चों को 190 उपकरण वितरित किए जाएंगे।

# मिलेट्स पर काम करने वाले प्रगतिशील किसानों के कार्यों से भी सीखेंगे बच्चे

**लखनऊ।** योगी सरकार श्रीअन्न (मिलेट्स) पर काम करने वाले किसानों को प्रोत्साहित कर रही है। मिलेट्स वर्ष के अंतर्गत योगी सरकार की पहल पर दिसंबर में कृषि कुंभ 2.0 प्रस्तावित है। इसके पहले 27 से 29 अक्टूबर तक लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में तीन दिवसीय श्रीअन्न महोत्सव व राज्य स्तरीय मिलेट्स कार्यशाला भी कराई जाएगी। सीएम योगी आदित्यनाथ इसका शुभारंभ करेंगे। महोत्सव में कृषि विश्वविद्यालय व महाविद्यालय के छात्र भी हिस्सा लेकर मिलेट्स पर काम करने वाले किसानों के कार्यों से अवगत होंगे। त्रिदिवसीय महोत्सव के जरिए एक तरफ जहां प्रगतिशील किसानों से भावी पीढ़ी को जोड़कर खेत-खलिहान की चर्चा होगी, वहीं मिलेट्स उत्पादों के लिए अन्य किसानों को प्रेरित भी किया जाएगा।

# गोमती व घाघरा नदी के तल में उपखनिजों की जांच कराएगी सरकार

## ● बालू, मोरंग, बजरी व बोलेडर जैसे उपखनिजों की स्थिति का होगा आवलोकन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर प्रदेश** को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबदि्ध योगी सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। प्रदेश की नदियों के जलस्तर में सुधार तथा उसके अंदर व्याप्त खनिजों की मात्रा को भी संरक्षित करने के लिहाज से प्रदेश सरकार ने कई सकारात्मक प्रयास किए हैं। सीएम योगी की मंशा अनुसार प्रदेश में गंगा नदी के स्वच्छीकरण में पिछले कुछ वर्षों में काफ ी प्रयास हुए हैं। इसी से प्रेरित होकर प्रदेश की अन्य नदियों में भी इस प्रक्रिया को शुरू कर दिया गया है। इसी क्रम में अब खनन विभाग के दिशा-निर्देश पर बाराबंकी जिले में घाघरा व गोमती नदी के तल में स्थित उपखनिजों की स्थिति का पता लगाने के लिए एक व्यापक सर्वे को मूर्त रूप देने की योजना क्रियान्वित की जा रही है। इस सर्वे के जरिए घाघरा किनारे 7 व गोमती नदी किनारे के 2 क्षेत्रों समेत कुल 9 क्षेत्रों में नदी तल में स्थित उपखनिजों की स्थिति का पता लगाया जाएगा। इस सर्वे से ये निर्धारित किया जा सकेगा कि पिछले कुछ वर्षों में नदियों के तल स्थित उपखनिजों की स्थिति में क्या बदलाव आए हैं और साथ ही प्रतिपूर्ति की जरूरतों के बारे में भी निर्धारित किया जा सकेगा।

सर्वे के लिए घाघरा नदी में 34.91 व गोमती नदी में 12.62 हेक्टेयर समेत कुल 47.53 हेक्टेयर का क्षेत्र चिह्नित किया गया है। इन सभी क्षेत्रों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सर्वे करवाया जाएगा जिसकी फ ाइंडिंग्स को बाराबंकी के जिला सर्वेक्षण रिपोर्ट की डीएसआर रिपोर्ट के अंतर्गत संकलित किया जाएगा। इस प्रक्रिया को अंजाम देने के लिए खनन विभाग द्वारा नेशनल



एक्रिडिटेशन बोर्ड फ ॉर एजुकेशनल ट्रेनिंग (एनएबीईटी व क्वॉलिटी काउंसिल ऑफ इंडिया, क्यूसीआई) से मान्यता प्राप्त एजेंसी को कार्य सौंपा जाएगा। एजेंसी के निर्धारण की प्रक्रिया शुरू हो गई है और ई-टेंडर पोर्टल के माध्यम से इस कार्य आवंटन के निर्धारण को मूर्त रूप दिया जाएगा। इस सर्वे को कराने के लिए एजेंसियों के सामने जो शर्त रखी गई है उसमें कई दिशा-निर्देशों के साथ ही यह बात भी पूर्ण स्पष्टता के साथ जारी की गई है कि प्रदेश में रिवर बेड्स में उपखनिजों की मॉडिफिकेशन व रीप्लेनिशमेंट

स्टडी को अंजाम देने के लिए प्रति हेक्टेयर 14514 रुपए अधिकतम दिए जाएंगे। ऐसे में टेंडर पाने की इच्छुक एजेंसियों को इस शुल्क सीमा के अंदर ही निहित कार्यों को अंजाम देना होगा। इस निविदा में में भाग लेने के लिए ई-टेंडर पोर्टल पर आवेदन किया गया है।

ई टेंडर पोर्टल पर 25 अक्टूबर से लेकर 1 नवंबर तक इच्छुक एजेंसियों से आवेदन मांगे गए हैं। इस प्रक्रिया में भाग लेने वाली एजेंसियों को बतौर आवेदन शुल्क 1100 रुपए जमा कराने होंगे और इस निविदा की ईएमडी 14000 रुपए रखी गई है। इस कार्य को अंजाम देने के लिए एजेंसी के पास कम से कम संबंधित कार्यों को करने के लिहाज से 3 वर्ष का अनुभव होना आवश्यक है। इन सभी बातों के निर्धारण के उपरांत एजेंसियों को सर्वे का कार्य सौंपा जाएगा जो कि उत्तर प्रदेश शासन के रूलबुक के मुताबिक होगा। जिलाधिकारी बाराबंकी व खनन विभाग इस प्रक्रिया को मूर्त रूप देने के लिए उत्तरदायी होंगे।

# सीएम ने बेदी के निधन पर गहरा शोक जताया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान बिशन सिंह बेदी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि बेदी एक महान खिलाड़ी के रूप में हमारी स्मृतियों में सदैव जीवित रहेंगे। मुख्यमंत्री ने दि वंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

# जन समस्याओं का निस्तारण ऐसा हो कि पीड़ित को पुनः कहीं न भटकना पड़े: केशव

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपन कैम्प कार्यालय पर विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें पुन: कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़े। उन्होंने महिलाओंए दिव्यांगोंए बुजुर्गों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, बिजली, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गए और एक एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे रूबरू होकर सुना। जनता दर्शन में लगभग दो दर्जन से अधिक जिलों से आए सैकड़ों लोगों ने अपनी समस्याएं रखी। समस्याओं के निस्तारण के बावत कई जिलों के अधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता भी की।

# देश में लोकतंत्र नहीं बल्कि तानाशाही का राजः प्रमोद तिवारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा है कि कांग्रेस के अध्यक्ष एवं राज्य सभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बहुत ही उचित तथा उपयुक्त सवाल उठाया है कि भारतीय जनता पार्टी अब भारतीय सेना का भी राजनीतिकरण करने पर अमादा हो गयी है। अधिकारियों को भाजपा सरकार द्वारा बनायी गयी नीतियों के प्रचार- प्रसार के लिए संलिप्त किया जा रहा है अर्थात जब सेना के सैनिक छुट्टी पर अपने घर जाएं तो वहां पर ये सरकार के प्रचार-प्रसार में लगे एक एनजीओ से जुड़ें और प्रचार प्रसार में उनका साथ दें ।

तिवारी ने कहा है कि देश की सुरक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले हमारे जॉबॉज सैनिक छुट्टियों में अपने परिवारजनों के साथ रहने के लिए अपने घर जाते हैं, अपने परिजनों के प्रति अपने दायित्वों का निर्वाहन करने के लिए जाते हैं और उन पर भी अब 'मोदी सरकार' यह कदम उठा रही है और प्रतिबन्ध लगा रही है जो निन्दनीय है और चिन्ता का विषय है। तिवारी ने जोर देते हुये कहा है कि भाजपा सरकार जो कदम उठा रही है वह लोकतन्त्र के लिए पूरी तरह घातक है और शुभ संकेत नहीं है, इससे तो ऐसा प्रतीत होता है कि देश में लोकतन्त्र नहीं बल्कि तानाशाही का राज है।

# मरीजों की मौत के सही आंकड़े छुपाकर जनता को गुमराह कर रही सरकारः अखिलेश यादव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा की डबल इंजन सरकार में उत्तर प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाएं सुधरने वाली नहीं हैं। डेंगू-मलेरिया, बुखार के मरीजों की अस्पतालों में लम्बी-लम्बी लाइनें लग रही हैं। डॉक्टरए मेडिकल स्टाफ की भारी कमी के चलते मरीज बिना इलाज और जांच के इधर-उधर भटक रहे है। मरीजों के इलाज और जांच की व्यवस्था न कर पाने वाली भाजपा सरकार बयानबाजी करती रहती है। गंभीर रोगों से पीड़ित मरीजों के मौंत के सही आंकड़े छुपाकर जनता को गुमराह कर रही है। उत्तर प्रदेश की गरीब जनता जांच और दवा के अभाव में बेमौत मर रही है। संक्रामक बीमारियों की वजह से प्रदेश में हाहाकार मचा है।

यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की नाकामियों के कारण डेंगू बुखार से गरीब जनता रही है। बरेली में डेंगू मरीजों का आंकड़ा 550 के पार पहुंच गया है। डेंगूए मलेरिया आदि संक्रामक रोगों से लोगों की जानें जा रही है परन्तु सरकार और स्वास्थ्य विभाग बेपरवाह बना हुआ है। मच्छरों से बचाव के कोई इंतजाम नहीं हो रहे हैं। फागिंग कहीं नहीं हो रही है सिवा वीवीआईपी इलाकों के।

अखिलेश यादव ने कहा कि राजधानी लखनऊ में भी अस्पतालों में मरीजों की लम्बी-लम्बी कतारें सुबह तड़के से ही लग जाती है। पीजीआई और मेडिकल कॉलेज में तो रात में ही लोग पर्ची बनवाने के लिए लाइन लगा लेते हैं। इस सबके बावजूद बड़ी तादाद में लोग इलाज से वंचित रह जाते हैं। कहीं डॉक्टरों की कमी है, तो कहीं बेड नहीं है, कहीं मेडिकल स्टाफ की भारी कमी है। वीआईपी ड्यूटी के कारण बहुत से डॉक्टर ओपीडी में अनुपस्थित रहते हैं।

सबसे ज्यादा गंभीर मरीजों को इसलिए भी समय से सही इलाज नहीं मिल पा रहा है क्योंकि कई अस्पतालों में वेंटिलेटर, ऑक्सीजन का अभाव है। गोण्डा में बाबू ईश्वरशरण अस्पताल के बर्न वार्ड में एक साल से आक्सीजन सप्लाई ठप्प है। रेउसा सीएचसी में ऑन ड्यूटी डॉक्टरों की नदारत होने से मरीजों को बिना इलाज लौटना पड़ रहा है और गर्भवती महिलाओं को राहत नहीं मिल रही है।

यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों के कारण स्वास्थ्य विभाग भी बीमार पड़ गया है जबकि प्राइवेट अस्पतालों में लूट मची हुई है। गरीब जनता संक्रामक रोगों के कारण सरकारी अस्पतालों की अव्यवस्थाओं के कारण जीते जी मर रही है। भाजपा सरकार सरकारी संस्थानों को बीमार बनाकर प्राइवेट संस्थानों को बढ़ावा दे रही है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार का जनता से कोई सरोकार नहीं है, वह तो बस पूंजीपतियों के हित में लगी है। प्राइवेट नर्सिंग होम सरकार से सांठगांठ कर असहाय जनता को लूटने का काम कर रहे हैं। जनता भाजपा की इन जनविरोधी नीतियों के कारण बुरी तरह से हताश और परेशान है। जनता 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से हटाकर ही चैन की सांस लेगी।

# फूड पेंशनर्स फोरम का सम्मेलन 22 नवम्बर को

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**खाद्य** एवं रसद विभाग उप्र सरकार की सेवा से सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों, कर्मचारियों के फ ोरम यूपी फूड पेंशनर्स फोरम का प्रांतीय सम्मेलन मिलन समारोह आगामी 22 नवम्बर को स्थानीय गोमतीनगर स्थित होटल के हाल मे आयोजित किया गया है। जिसमे प्रदेश भर के विभागीय पेंशनर भाग लेंगे।

यह निर्णय आज विभाग के पूर्व मुख्य विपणन अधिकारी/ अपर आयुक्त (विपणन) बसंतलाल सिंह की अध्यक्षता मे सम्पन्न आयोजन समिति की बैठक मे लिया गया। बैठक मे पूर्व अपर आयुक्त अरुण कुमार सिंह, बीके सिंह, डीसी दुबे, एलके मिश्रा, डा. वीके त्रिपाठी, बीआर चतुर्वेदी, बीएलकुशवाहा आदि सदस्यों ने भाग लिया।

# सीएम योगी की अगुवाई में आज निकलेगी विजयदशमी शोभायात्रा

## ● समाजिक समरसता के ताने बाने को मजबूत करना गोरक्षपीठ का ध्येय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/गोरखपुर

**सामाजिक** समरसता के ताने.बाने को मजबूत कर समग्र रूप में लोक कल्याण की भावना को संजोए गोरक्षपीठ से प्रति वर्ष विजयदशमी को निकलने वाली विजय शोभायात्रा अनूठी होती है। गोरक्षपीठाधीश्वर की अगुवाई वाली परंपरागत शोभायात्रा में हर वर्ग के लोग तो शामिल होते ही हैं, इसका अल्पसंख्यक समुदाय (मुस्लिम व बुनकर समाज) के लोगों द्वारा भव्य स्वागत भी किया जाता है। वास्तव में विजयदशमी का पर्व गोरक्षपीठ की विशिष्टता और इसके ध्येय की व्यापकता को एक बड़े फ्लक पर अवलोकन करने का भी अवसर होता है।

गोरक्षपीठ ने कभी भी किसी को जाति या मजहब के दायरे में बांटकर नहीं देखा। गोरखनाथ मंदिर परिसर में अल्पसंख्यक समुदाय के ऐसे दुकानदार बहुतायत में हैं जो पीढ़ियों से यहीं रोजी-रोजगार में रत हैं। दशहरे के दिन गोरखनाथ मंदिर की विजयदशमी शोभायात्रा का इंतजार तो पूरे शहर को होता है लेकिन सबसे अधिक उत्साह अल्पसंख्यक समुदाय के उन लोगों में दिखता है जो मंदिर के मुख्य द्वार से थोड़ी दूर घंटों पहले फूलमाला लेकर गोरक्षपीठाधीश्वर के स्वागत को खड़े रहते हैं। गोरक्षपीठाधीश्वर का काफि ला जब यहां रुकता है तो सामाजिक समरसता की वह तस्वीर विहंगम होती है।

परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी विजयदशमी के दिन (मंगलवार) सायंकाल गोरखनाथ मंदिर से गोरक्षपीठाधीश्वर की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। पीठाधीश्वरए गुरु गोरक्षनाथ का आशीर्वाद लेकर अपने वाहन पर सवार होंगे। तुरही, नगाड़े व बैंड बाजे की धुन के बीच गोरक्षपीठाधीश्वर की शोभायात्रा मानसरोवर मंदिर पहुंचेगी। यहां पहुंचकर गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ गोरक्षपीठ से जुड़े मानसरोवर मंदिर पर देवाधिदेव महादेव की पूजा.अर्चना करेंगे। इसके बाद उनकी शोभायात्रा मानसरोवर रामलीला मैदान पहुंचेगी।

यहां चल रही रामलीला में वह प्रभु श्रीराम का राजतिलक करेंगे। इसके साथ ही प्रभु श्रीराम, माता जानकी, लक्ष्मण व हनुमानजी का पूजन कर आरती भी उतारी जाएगी। यही नहीं विजयादशमी के दिन गोरखनाथ मंदिर में होने वाले पारंपरिक तिलकोत्सव कार्यक्रम में गोरक्षपीठाधीश्वर श्रद्धालुओं को आशीर्वाद भी देंगे। विजयादशमी के दिन शाम को गोरखनाथ मंदिर में परंपरागत भोज का भी आयोजन होगा जिसमें अमीर-गरीब और जाति.मजहब के विभेद से परे बड़ी संख्या में सर्वसमाज के लोग शामिल होते हैं।

गोरक्षपीठ में विजयदशमी का दिन एक और मायने में भी खास होता है। इस दिन यहां संतों की अदालत लगती है और दंडाधिकारी की भूमिका में होते हैं गोरक्षपीठाधीश्वर। नाथपंथ की परंपरा के अनुसार हर वर्ष विजयदशमी के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर में पीठाधीश्वर द्वारा संतों के विवादों का निस्तारण किया जाता है। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ नाथपंथ की शीर्ष संस्था अखिल भारतवर्षीय अवधूत भेष बारह पंथ योगी महासभा के अध्यक्ष भी हैं। इसी पद पर वह दंडाधिकारी की भूमिका में होते हैं। गोरखनाथ मंदिर में विजयदशमी को पात्र पूजा का कार्यक्रम होता है। इसमें गोरक्षपीठाधीश्वर संतो के आपसी विवाद सुलझाते हैं। विवादों के निस्तारण से पूर्व संतगण पात्र देव के रूप में योगी आदित्यनाथ का पूजन करते हैं। पात्र देवता के सामने सुनवाई में कोई भी झूठ नहीं बोलता है। पात्र पूजा संत समाज में अनुशासन का पर्याय माना जाता है।

# इस वर्ष 25 हजार छात्र-छात्राएं और शिक्षक सजाएंगे 24 लाख दीयों की लड़ियां

## ● अयोध्या के दीपोत्सव कार्यक्रम में इस बार फिर कीर्तिमान रचेगी सरकारः जयवीर सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अयोध्या** में होने वाले भव्य और दिव्य दीपोत्सव में ठीक से 20 दिन भी नहीं बचे हैं। दुनिया 11 नवंबर को 21 लाख जगमगाते दीपों की अवलियां देखेगी। यह अद्भुत दृश्य फिर नयनों में बस जाएगा और नया इतिहास रच जाएगा। अपना ही बनाया विश्व रिकार्ड टूटेगा। 24 लाख दीपों की लड़ियां सजाई जाएंगी। दीपों को सजाने से लेकर प्रज्ज्वलित करने की जिम्मेदारी 25 हजार लोग निभाएंगे। इसमें डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या के कैंपस और संबद्ध महाविद्यालयों, इंटर कालेजों के छात्र-छात्राएं, अध्यापक और कुछ स्वयंसेवी संगठनों के सदस्य भी रहेंगे।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में दीपावली को दीप पर्व के रूप में मनाने की परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। प्रदेश सरकार इसे दीपोत्सव के माध्यम से फिर से प्रतिष्ठित कर संपूर्ण संसार को अयोध्याधाम की महिमा से परिचित कराने का कार्य कर रही है।

दीपों की लड़ियां सजाने से लेकर प्रज्ज्वलित करने की जिम्मेदारी डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या की है। विश्वविद्यालय परिसर और संबद्ध महाविद्यालय के हजारों छात्र इस बड़ी जिम्मेदारी में रहते है। पिछले वर्ष 21 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राओं व अध्यापकों ने पूरे दीपोत्सव को दिव्यता और भव्यता प्रदान की थी। यह संख्या इस बार 25 हजार होगी।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि दीपोत्सव में पहले डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय परिसर और संबद्ध महाविद्यालय के छात्र.छात्राएं ही हिस्सा लेते थे। इस वर्ष इंटर कालेज के छात्र भी रहेंगे। इंटर कालेजों के चार हजार छात्र-छात्राएं शामिल किए जाएंगे। दीपक बिछाने के करीब एक सप्ताह पहले घाट समन्वक, ग्रुप लीडर को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए जाएंगे। स्वयंसेवकों को आईकार्ड जारी किया जाएगा। खास बात यह है कि इस बार इसमें क्यूआर कोड लगा रहेगा। जयवीर सिंह ने बताया कि दीपोत्सव में इस वर्ष 21 लाख दीप प्रज्ज्वलित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 24 लाख दीये सजाए जाएंगे। इस वर्ष फिर हम कीर्तिमान रचने की तैयारी कर रहे हैं।

# डेंगू से बचाव के लिए वार्डों में करें सफाई: नगर आयुक्त

**संवाददाता।** शाहजहांपुर



**नगर** आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने निगम के सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें अपर नगर आयुक्त नगर स्वास्थ्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, समस्त सफाई एवं खाद निरीक्षक, सफाई नायकों द्वारा प्रतिभाग किया। बैठक में नगर आयुक्त ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत अब तक किये गए कार्यों की समीक्षा की तथा सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि नगर वासियों को डेंगू जैसी गम्भीर बीमारी से बचाये जाने के लिए समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अपने-अपने जोन में प्रतिदिन विशेष साफ-सफाई कार्य एवं सुबह.शाम एंटी लार्वा छिड़काव व फॉगिंग का कार्य कराये इसके साथ ही नगर क्षेत्र को गार्बेज फ्री सिटी के रूप में विकसित करने हेतु नगर निगम टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जिसमें नगर क्षेत्र में स्थित समस्त शौचालयों की नियमित विशेष सफाई व्यवस्था, वार्डों में स्थित प्लाटों पर फैली गंदगी की सफाई, कूड़ा उठान तथा कूड़े का ठोस निस्तारण आदि के सम्बंध में समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षकों व सफाई नायकों को निर्देशित किया गया। साथ ही नगर क्षेत्र में नगर निगम द्वारा संचालित प्लांट जैसे ऑटोमैटिक ट्रांसफर स्टेशन, मैटेरियल रिकवरी फैसेलिटी सेंटर को व्यवस्थित रखने हेतु निर्देशित किया गया।

महानवमी पर्व के दृष्टिगत नगर आयुक्त ने नगर के समस्त धार्मिक स्थलों, मार्गों, वार्डों में सफाई कार्य एवं चूना छिड़काव के कार्य को प्राथमिकता के आधार पर कराये जाने हेतु सम्बंधित को निर्देशित किया साथ ही कहा कि कार्यों में लापरवाही किये जाने और सम्बंधित के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## जुलूस के रूट का निरीक्षण किया

**रामनवमी** पर्व के दृष्टिगत नगर में निकलने वाले शोभायात्रा रूट मार्ग का निरीक्षण किया। निर्देशित किया गया कि रूट मार्ग पर यदि कहीं गड्ढे होए तो उनको तत्काल लेवल करा दिया जाएए जिससे आमजन को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। रामनवमी के उपरांत नदियों में मूर्ति विसर्जन के दृष्टिगत लोधीपुर स्थित घाट का निरीक्षण कर घाट के किनारे की स्थिति को देखा गया। निर्देशित किया गया कि घाट की भी सफाई विशेष अभियान लगाकर की जाए।

## निर्माणधीन स्मार्ट सिटी का निरीक्षण

**आयुक्त** आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने सुभाषनगर से नगरिया मोड़ तक निर्माणाधीन स्मार्ट रोड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सुभाषनगर से नगरिया मोड़ के मध्य स्थित रेलवे अंडर पास के पास निर्माण कार्य प्रगति पर पाया गया एनिर्देशित किया ग कि निर्माण कार्य को तेज गति से कराये जाने के साथ साथ निर्माण कार्य को शीघ्र ही कराया जाए। निरीक्षण के समय महाप्रबंधक जल सौरभ श्रीवास्तव, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्रा, अधिशासी अभियंता सिविल आशीष त्रिवेदी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# चार लुटेरे गिरफ्तार, लोन का कर्ज चुकाने के लिए दिया घटना को अंजाम

**संवाददाता।** बरेली

**थाना** प्रेम नगर पुलिस ने हार्डमैन रोड स्थित किप्स ऑटो सर्विस के सेल्स मैनेजर के साथ हुई 15 अक्टूबर को 1,10, 000 रुपये की लूट करने वाले चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है पकड़े गए चारों अभियुक्त कर्ज में लगे होने के कारण इस वारदात को अंजाम दे बैठे पकड़े गए चारों अभियुक्तों ने बताया कि उनके ऊपर लोन और कर्ज था उसको चुकाने के कारण उन्होंने कीप्स ऑटो सर्विस के कैशियर को लूटने का प्लान बनाया पकड़े गए अभियुक्त में से घटना का मास्टरमाइंड अभिषेक कुमार राघव है जो कुछ साल पहले कीप्स सेल्स सर्विस में कैशियर का काम करता था और उसको कैश ले जाने की पूरी जानकारी थी अभिषेक ने अपने दोस्त अभिषेक गंगवार पुत्र वीरेंद्र पाल सिंह निवासी राज नगर सेटेलाइट बस स्टैंड के पास थाना बारादरी, प्रशांत शर्मा उर्फ हिमांशु पुत्र धर्मेन्द्र शर्मा निवासी शांति विहार मढ़ीनाथ थाना सुभास नगर , सचिन पुंडीर पुत्र राकेश कुमार निवासी 47 सेक्टर 49 नत्थू कालोनी थाना बरोला जनपद गौतम बुद्ध नगर को लूट की योजना में शामिल कर लिया 15 अक्टूबर 2023 की शाम को किप्स ऑटो सर्विस का सेल्स मैनेजर दीपक कुमार जोशी और एक अन्य कर्मी विजय श्रीवास्तव के साथ कल बाग में 1,10,000 रुपए रखकर जमा करने जा रहे थे तभी हार्टमैन पुल के पास दो मोटरसाइकिल पर सवार पांचों बदमाशों ने कैशियर को रोक करके उसके पास से 1,10,000 रुपए और शोरूम की चाबियां सहित बैग छीन ले गए । लूट के रुपये से 151 रुपये के रामगंगा पर बंदरो को चना खिलाये और 500 रुपये भण्डारा में दान किये। थाना प्रेम नगर पुलिस के कुशल कार्यशैली के अंतर्गत गहन छानबीन करते हुए पुलिस लुटेरों की गर्दन पकड़ने में कामयाब हो गई उनके पास से 34,000 की लूटी हुई रकम बरामद की है पकड़े गए लुटेरों ने बताया कि उनके ऊपर बहुत अधिक कर्ज हो गया था और आज तक स्थिति खराब हो चली थी इस कारण उन्होंने यह कदम उठाया प्रेम नगर पुलिस ने उनके पास से दो मोटरसाइकिल मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं पांचवा लुटेरा मोहित यादव मणिनाथ निवासी है जो वांछित है पुलिस टीम में थाना प्रेम नगर के उपनिरीक्षक आनंद प्रकाश, दरोगा कुशल पाल सिंह, कांस्टेबल शाहरुख, विष्णु और अनित मौजूद रहे।

# शातिर चोर गिरफ्तार एक तमंचा, तीन मोबाइल बरामद

**संवाददाता।** गोला गोकर्णनाथ खीरी



**पुलिस** अधीक्षक के आदेशानुसार जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत वह अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी गोला खीरी प्रभारी निरीक्षक गोला खीरी के दिशा निर्देशन में कल दिनांक 23 अक्टूबर 2023 समय 8 बजे अलीगंज रोड ग्राम भुड़वारा से थाना गोला पुलिस द्वारा अभियुक्त मनोज कुमार तिवारी पुत्र ओमप्रकाश तिवारी निवासी भुड़वारा थाना गोला खीरी उम्र करीब 40 वर्ष के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस 315 बोर व चोरी के तीन अदद स्मार्टफोन बरामद करके गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार सुधा अभियुक्त के विरोध मे थाना हाजा पर मुकदमा संख्या 622, 2023 धारा 325 आर्म्स एक्ट के तहत 411, 413 पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम उपनिरीक्षक अरविंद कुमार मौर्य एकांस्टेबल सूर्य प्रताप राघव एकांस्टेबल मोहित कुमार एकांस्टेबल गौरव कुमार शामिल रहे। पुलिस अधिक अधीक्षक लखीमपुर खीरी के आदेशानुसार जनपद में वांछित वारंटी के अभियुक्त चलाए जा रहे हैं। अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी गोला खीरी प्रभारी निरीक्षक गोला खीरी के दिशानिर्देशन मे कल दिनांक 23 अक्टूबर 2023 समय गरीब 12 बजे को लालनगंज मोड़ से करीब 6 किलोमीटर से अभियुक्त इस्लाम पुत्र मनीउल्लाह उर्फ कटोली उम्र करीब 26 वर्ष के निवासी ग्राम भुड़वारा थाना गोला खीरी के कब्जे से कुल 2 किलो 752 ग्राम नाजायज गंजा बरामदकर थाना गोला पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार सुधाभियुक्त के विरुद्ध थाना हाजा पर मुकदमा संख्या 623ए 2023 धारा 8ए20 एनडीपीसी एक्ट पंजीकृत किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम उप निरीक्षक सिद्धांत पवार एकांस्टेबल गौरव एकांस्टेबल मोहित कुमार एकांस्टेबल अनुज सागर गिरफ्तार अभियुक्त के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# बिना जीएसटी फर्म पर लाखों का भुगतान, सीएम पोर्टल पर शिकायत

**संवाददाता।** मोहम्मदी खीरी

**चहेतों** को लाभ पहुंचाने के लिए मनरेगा से जुड़े अफसर अपनी आंखें बंद कर लेते हैं। केंद्र और राज्य सरकार भले ही कर चोरी रोकने को लेकर सख्त रुख अपना रही हो। लेकिन मोहम्मदी विकास खंड में जिम्मेदारों ने एक ऐसी फर्म को लाखों रुपये का भुगतान कर दियाए जिसका जीएसटी में रजिस्ट्रेशन ही नहीं है। खास बात यह है कि अधिकतर अफसरों को फर्म के जीएसटी में पंजीकरण न होने की जानकारी है लेकिन फिर भी चुप्पी साधे हैं।

मनरेगा के तहत कराए जाने वाले विकास कार्यों में दो तरह का भुगतान किया जाता है। निर्माण कार्य में लगने वाले मजदूरों को श्रमांश से भुगतान किया जाता है, जबकि निर्माण सामग्री का भुगतान सामग्री अंश से किया जाता है। सामग्री का कार्य करने के लिए विभिन्न फर्मों व वेंडरों को मनरेगा में रजिस्ट्रेशन कराना होता है। साथ ही इसके लिए जीएसटी नंबर होना भी आवश्यक है। ऐसे ही मामले से संबंधित एक मामले को लेकर मोहम्मदी निवासी एक जागरूक नागरिक ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत में बताया कि जिले के मोहम्मदी विकास खंड में अफसरों ने सामग्री का काम करने वाली फर्म के नाम पर बड़ा खेल कर दिया। एमएस राजेश कुमार कांट्रेक्टर एंड सप्लायर जिसका जीएसटी नंबर ;09ब्टच्ञ7291र्टद्ध के नाम से फर्म मनरेगा में सामग्री अंश का कार्य करने के लिए पंजीकृत कराई गई थी। दिसंबर 2020 में फर्म निरस्त हो गई । इसके बावजूद इस फर्म को वित्तीय वर्ष 2020-21, 2021-22, 2022-23 व 2023.24 में ब्लॉक में मनरेगा के जिम्मेदारों ने खूब काम दिया।

इन वित्तीय वर्षों में इस फर्म को 50 लाख रुपये से अधिक का भुगतान किया गया। बड़ा सवाल यह है कि जब फर्म जीएसटी से निरस्त हो चुकी थी तो फिर इसे काम किसने दिया और किसकी शह पर लगातार भुगतान भी होता रहा। नियम के मुताबिक जीएसटी के पंजीकरण के बिना किसी भी फर्म को मनरेगा से न तो काम दिया जा सकता है और न ही भुगतान। विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक एमएस राजेश कुमार कांट्रेक्टर एंड सप्लायर की फर्म के प्रोपराइटर तो राजेश कुमार हैं लेकिन इसमें पर्दे के पीछे ब्लॉक में मनरेगा सेल में तैनात एक कर्मचारी साझेदार है। उक्त कर्मचारी ने ब्लॉक में मनरेगा के जिम्मेदारों को उपहार व उपकार से उपकृत कर रखा है। इसी कर्मचारी की वजह से अफसरों ने भी भुगतान करते समय फर्म को लेकर कोई पड़ताल नहीं की और अब मामला तूल पकड़ रहा है।

**बीडीओ** मोहम्मदी अश्वनी सिंह ने बताया कि जीएसटी के लिए यहां कोई सूचना नहीं रहती है इसके लिए जीएसटी कार्यालय से पता चलेगा कि फर्म के द्वारा जीएसटी जमा की गई है या नहीं। जीएसटी के लिए सेल टैक्स विभाग अलग से बना हुआ है कौन सी फर्म जीएसटी जमा कर रही है या नहीं इसकी जानकारी ब्लॉक मे नहीं रहती है। अगर ऐसा कोई मामला है तो मेरे द्वारा भी नोटिस भेज कर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले से संबंधित पूर्ण जानकारी जांच के बाद ही बताई जा सकती हैं।

# मेघनाथ के ब्रह्मास्त्र से लक्ष्मण हुए मूर्च्छित

## श्री राम ने युद्ध में कुंभकरण को पहुंचाया यमलोक

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**सोमवार** श्री रामलीला मंचन का शुभारंभ सहायक कार्यालय प्रभारी श्री विजय भूषण तिवारी नौ देवियों के स्वरूप की झांकी की आरती उतार कर व नारियल फोड़ कर किया। आज के मंचन में दर्शया गया बाली का पुत्र अंगद रावण के पास संधि का प्रस्ताव लेकर जाता है रावण अंगद से प्रभु श्री राम के बारे में कड़वी बातें बोलता है। इस पर अंगद रावण से कहते हैं मेरे प्रभु श्री राम को कुछ भी कहने से पहले तू अपने आप को देख ले ! मेरे पिता बाली ने तुझे 6 महीने अपने शिकंजे में कस कर रखा था तब तेरी वीरता कहां थी कायर। तेरी वीरता के चर्चे तो मैं तुझे याद दिलाता हूं तेरी वीरता के चर्चे तो मेंने स्वयंबर ही सुने हैं। तुझे प्रभु श्री राम की ताकत का अंदाजा नहीं मूर्ख। प्रभु श्रीराम का मैं एक छोटा सा सेवक हूं हे तेरी इस राज्यसभा में कोई भी ऐसा है जो मेरा एक बार भी पैर हिला दे रावण के सारे राज्य पराक्रमी परासत हो जाते हैं इस पर रावण ही अंगद के पैर पकड़ने लगता है अंगद कहते हैं मेरे पैर पकड़ने से अच्छा है कि तू श्री राम के पैरों को पकड़ ले और सीता को वापस कर दे वे तुझे माफ कर देंगे। रावण का सबसे प्रिय पुत्र मेघनाथ जो कि इंद्रजीत कहलाता है अपने पतिव्रता पत्नी सुलोचना से युद्ध में जाने से पहले तिलक व आरती कराता है सती सुलोचना अपने सत्य बल पर कहती है आज आप की विजय अवश्य होगी। मेघनाथ अपनी पत्नी के सत्य बल से यह युद्ध पर जाता है और युद्ध में लक्ष्मण से सामना होता है लक्ष्मण को इंद्रजीत शक्ति के बल पर मूर्छित कर देता है लक्ष्मण की यह दशा देखकर श्री राम बहुत दुखी होते हैं तब प्रभु श्री राम को विभीषण सुषेण वैद्य के बारे में बताते हैं जो कि लंका में है हनुमान प्रभु श्री राम से आज्ञा लेकर सुषेण वैद्य को लंका से उठा लाते हैं सुषेण वैद्य लक्ष्मण के उपचार के लिए संजीवनी बूटी बताते हैं जोकि हनुमान जी जा कर सुबह होने से पहले लेकर आते हैं और सुषेण वैद्य वह बूटी से लक्ष्मण का उपचार करते हैं लक्ष्मण जय श्री राम का कर उठ कर खड़े हो जाते हैं। इसके उपरांत जब रावण को यह सूचना मिलती है की लक्ष्मण जीवित हो उठे हैं इसके बाद रावण अपने भाई कुंभकरण को युद्ध के लिए भेजता है युद्ध होने से पूर्व विभीषण की कुंभकरण को बहुत समझते हैं लेकिन कुंभकरण नहीं मानता है इसके बाद प्रभु श्री राम कुंभकरण के बीच घोर संग्राम युद्ध होता है तथा श्री राम के बाणों से कुंभकरण यमलोक सीधर जाता है।

इस मौके पर प्रसिद्ध कवित्री सरिता बाजपेई एवम एवं मेला महासचिव हितेश अग्रवाल व सचिव दिनेश सक्सेना एवम श्री रामलीला मंचन संयोजन समिति के अध्यक्ष एस सी सिंह, सचिव रवि बाबू, संयुक्त सचिव एवं निर्देशक पैट्रिक दास ए संयुक्त सचिव देवेश दीक्षितए सदस्य एवं निर्देशक अंकित सक्सेना, कलाकार सुरक्षा महेंद्र दीक्षित, मंचन मीडिया प्रभारी रोहित सक्सेना एमंच संचालक सतीश सक्सेना, सहायक व्यास की भूमिका धर्मेंद्र जी आदि के साथ ऑर्डनेंस ड्रामाटिक क्लब के कलाकार व मंचन समिति के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पीरो मुर्शिद हजरत शाह मुहम्मद सकलैन मियां हुजूर के सेम (तीजा) का एहतिमाम आज


**बरेली।** जांनशीने मियां हुजूर अल्हाज अश्शाह मुहम्मद गाजी सकलैनी उल कादरी के हुक्म पर ये जानकारी दी जाती है कि दीने इस्लाम की अजीम रूहानी शख्सियत, आरिफ बिल्लाह, जामय शरीयत ओ तरीकत, जां नशीने ओ खलीफा ए हजरत शाह शराफत, आकाई मौलाई व मुर्शिदी हजरत शाह मुहम्मद सकलैन मियां हुजूर रहमतुल्लाह तआला अलैहि की सोयम यानी तीजा आज दिनांक 24 अक्तूबर बरोज मंगलवार सुबह बाद नमाज फज्र होगा। इसके बाद 11 बजे दोपहर 2 बजे नमाजे जुहर तक महफिले ईसाले सवाब व फातिहा ख्वानी का इनिकाद किया जाएगा। सोयम (तीजे) में काफी तादाद में मुरीदीन, उल्मा ए किराम शिरकत करेंगे।किब्ला मियां हुजूर के लाखों मुरीदीन ने पूरे मुल्क में सोयम व इसाले सवाब का एहतमाम किया है।

# सचिन, मीता और शुभम बने स्टार मेम्बर

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी







**जेसीआई** लखीमपुर खीरी के जेसी सचिन अग्रवालए मीता गर्ग और शुभम टंडन विगत माहों के लिए स्टार मेंबर के रूप चुने गए।

जेसीआई लखीमपुर खीरी के अध्यक्ष जेसी सौरभ गुप्त और सचिव कुमार उत्कर्ष द्वारा विगत माहों मे सर्वोत्तम सक्रियता, सहयोग और योगदान के लिए चयनित स्टार मेंबर सदस्यों का नाम पूर्व मंडलाध्यक्ष जेसी राम मोहन गुप्त द्वारा डिजिटल मंचों पर घोषित किया गया। जिसके आधार पर जुलाई माह के लिए जेसी सचिन अग्रवालए अगस्त माह के लिए मीता गर्ग और सितंबर माह के लिए शुभम टंडन को स्टार मेंबर चुना गया। उपरोक्त सदस्यों के स्टार मेंबर चयनित किए जाने पर जेसी परिवार द्वारा हार्दिक बधाईयां देते हुए भविष्य हित उत्तरोत्तर सफताओं की कामना की गई है।

# सम्मेलन को सफल बनाने के लिए पूरी ताकत झोंकी

**संवाददाता।** शाहजहांपुर

**अखिल** भारतीय क्षत्रिय महासभा शाहजहांपुर के तत्वाधान में 25 अक्टूबर को होने वाले विशाल क्षत्रिय महासम्मेलन की सफलता के लिय आज पदाधिकारियों ने भ्रमण कर पत्रक वितरण कर अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की और जन सम्पर्क किया इस मौके पर विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष पदम सिंह एब जिला महामंत्री कुंवर मुनीश सिंह परिहार (एडवोकेट) ने सयुक्त बयान में बताया की कार्यक्रम के की सफलता के लिए सभी को अपने अपने क्षेत्र में भ्रमण कर समाज के लोगो से अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की एब आगे कहा की क्षत्रिय समाज के लोगो को जिस भी मध्यम से कार्यक्रम की सूचना मिले उसी को वह व्यक्तिगत निमंत्रण स्वीकार कर कार्यक्रम में आए और आरो को आने के लिय प्रेरित करे इस मौके पर बरेली मंडल बरेली के अध्यक्ष पवन कुमार सिंह, ओम सिंह, सुमित सिंह भदौरिया, प्रीतम सिंह पुजारी, ओमकार सिंह, निलय सिंह, रविंद्र पाल सिंह, प्रदीप सिंह, विजय प्रताप सिंह, शिवम सिंह, विपिन सिंह, प्रमोद सिंह, धर्मवीर सिंह चंदेल, योगेंद्र सिंह सोमवंशी, वीरपाल सिंह, महेंद्र पाल सिंह, करण सिंह, भूपेंद्र सिंह, उपेंद्र सिंह, रवि सिंह, जगत पाल सिंह, मान बहादुर सिंह, अमित प्रताप सिंह, उदित प्रताप आदि लोग उपस्थित रहे।

# दहेज में टेंपो न लाने पर पत्नी को पीटा, दिया तीन तलाक

**बरेली।** प्रेम विवाह के साढ़े आठ साल बाद पति ने इस बात पर पत्नी को तीन तलाक दे दिया क्योंकि वह अपने मायके से दहेज में टेंपो लेकर नहीं आई चचिया ससुर ने अश्लील हरकतें की बारादरी पुलिस ने पति, सास, ससुर और चचिया ससुर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी

बारादरी के एक मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि उसने आमिर के साथ 31 मार्च 2015 को प्रेम विवाह किया था इसके बाद से ही पति व सास, ससुर और चचिया ससुर गुड्डू आए दिन दहेज में टेंपो खरीदने के लिए दो लाख रुपये की मांग करने लगे विरोध करने पर मारपीट की जाती यहां तक की ठीक से खाना भी नहीं दिया जाता महिला ने यह बात अपने माता-पिता और भाई को बताई तो उन्होंने व्यवस्था करके 15 हजार रुपये आमीर को दिए लेकिन फिर भी आमीर और उसके परिवार वाले संतुष्ट नहीं हुए 15 जून 2023 को एकराय होकर महिला के पति आमीर, सास, ससुर, चचिया ससुर गुड्डू ने दहेज की मांग पूरी न होने पर लात घूसों से मारपीट की आरोप है कि चचिया ससुर गुड्डू ने अश्लील हरकतें की शोर सुनकर मदद के लिए पहुंचे मोहल्ले वालों ने किसी बचाया यह देख आमीर ने तीन तलाक देकर सात साल और एक साल की बेटी के साथ घर से निकाल दिया तभी से तलाक पीड़िता अपनी मां के साथ रह रही है एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कार्यवाही शुरू कर दी ।

# भारत जोड़ो यात्रा से प्रभावित होकर थामा कांग्रेस का हाथ



**संवाददाता।** बरेली

**शाहमत** गंज चौराहा स्थित जिला कांग्रेस कमेटी के जिला कार्यालय पर कई लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली ।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से प्रभावित होकर आज जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी की अध्यक्षता में बड़ी संख्या में लोग कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली । जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा कि वर्तमान समय में हर वर्ग भाजपा की डबल इंजन सरकार से तिरसत है अब लोग कांग्रेस पार्टी की ओर देख रहे हैं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष सांसद राहुल गांधी कि भारत जोड़ो यात्रा के बाद से देश में परिवर्तन की लहर चल पड़ी है मोहब्बत की दुकानों से प्यार भरा संदेश लोगों को मिल रहा है और उसी से लोग प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी से जुड़ रहे हैं कांग्रेस की विचारधारा से जुड़ रहे हैं और देश का हर वर्ग यह चाह रहा है कि अब केंद्र में कांग्रेस पार्टी सत्ता में आए ।कांग्रेस पार्टी में शामिल होने वालों में श्याम पाल सिंह, शिव शंकर शर्मा, पवन गुप्ता, सूरज सिंह, डॉक्टर कढेराम गंगवार, जय प्रकाश गंगवार , सहित बड़ी संख्या में लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ली।

उपस्थित कांग्रेस जनों में पूर्व विधायक मास्टर छोटे लाल गंगवार, जिला कोषाध्यक्ष कमरुद्दीन सैफी, ठाकुर दास कश्यप, हरदेव सिंह, जिला महासचिव जिया उर रहमान आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# जरूरतमंद की सेवा करना ही सच्ची समाज सेवा: बंटी ठाकुर

**संवाददाता।** बरेली

**एक** गुंज सेवा समिति बरेली उत्तर प्रदेश ने जरूरतमंद लोगों को कपड़ा, खाने की वस्तुओं का वितरण किया समिति के प्रदेश अध्यक्ष बंटी ठाकुर ने कहा समाज सेवा के क्षेत्र में मन में जज्बा और कार्य करने की ललक होनी चाहिए तो निश्चय ही जरूरतमंद की लोगों की मदद की जा सकती है इसलिए एक गुंज सेवा समिति उत्तर प्रदेश इस कार्य करने को वचनबद्ध है और लगातार ष्एक गुंज कपड़ा बैंकष् के माध्यम से लगातार कपड़ा वितरण कर जरूरतमंद लोगों की मदद की जा रही है समिति की प्रदेश कोषाध्यक्ष रश्मि जोशी ने कहा जरूरतमंद लोगों की मदद करना हमारा मुख्य उद्देश्य है और हम निरंतर इस कार्य को कर रहे हैं प्रदेश उपाध्यक्ष मनोरमा श्रीवास्तव और प्रदेश मंत्री अंजू ने कहा अगर कार्य जरूर लोगों के लिए किया जाए और मन में कार्य करने का संकल्प हो तो निश्चय ही सफलता मिलती है समिति द्वारा लगातार यह कार्य किया जा रहा है और आगे भी निरंतर जारी रहेगा समिति द्वारा समय-समय पर जागरूकता कैंप का आयोजन किया जाता है प्रदेश मीडिया प्रभारी अभिषेक श्रीवास्तव जरूरतमंद लोगों को कपड़ा और जरूरत का सामान वितरण कर मन को एक खुशी महसूस होती है समिति द्वारा केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं के भी बारे में जानकारी दी जाती है जिससे जरूरतमंद लोग इसका लाभ उठा सके और आगे भी निरंतर यह अभियान जारी रहेगा कपड़ा वितरण विकास भवन वाले रोड पर किया गया जिसमें प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष बंटी ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष मनोरमा श्रीवास्तव, प्रदेश कोषाध्यक्ष रश्मि जोशी, प्रदेश मंत्री अंजू, प्रदेश मीडिया प्रभारी अभिषेक श्रीवास्तव, पारस सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# तीसरे थिएटर फेस्टिवल 'इंद्रधनुष' की तैयारी शुरू

**संवाददाता।** बरेली




**एसआरएमएस** ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति ने यहां पर होने वाले तीसरे थिएटर फेस्टिवल 'इंद्रधनुष' की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश की साझा विरासत को संजोने और उसे पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से श्री राममूर्ति स्मारक ट्रस्ट की ओर से वर्ष 2021 में 8 फरवरी को श्री राममूर्ति स्मारक रिद्धिमा स्थापित किया गया था। कम ही समय में शास्त्रीय नृत्य शास्त्रीय और सुगम संगीत (गायन एवं वादन), नाट्य कला, ललित कला एवं रंगमंच के क्षेत्र में रिद्धिमा ने अपनी पहचान बना ली है। प्रचलन से बाहर हो चुके वाद्ययंत्रों को संजोने के लिए यहां स्थापित इंस्ट्रूमेंट म्यूजियम उत्तर भारत के चुनिंदा संस्थानों में से एक है। जहां शास्त्रीय नृत्य, शास्त्रीय और सुगम संगीत, नाट्य कला, ललित कला एवं रंगमंच की शिक्षा देने के साथ ही इंस्ट्रूमेंट म्यूजियम भी स्थापित हो। रिद्धिमा में 200 से ज्यादा दुर्लभ वाद्ययंत्रों का संग्रह किया गया है। इन सभी वाद्ययंत्रों का वादन योग्य होना सभी को आश्चर्य में डालता है। देव मूर्ति ने कहा कि शास्त्रीय नृत्य को आम लोगों तक पहुंचाने के लिए पिछले तीन वर्ष से यहां पर बसंतोत्सव, फागोत्सव का सफल आयोजन किया जा रहा है। बच्चों और युवाओं का रुझान चित्रकला के प्रति बढ़ाने के लिए तीन राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की जा चुकी हैं। थिएटर प्रेमियों के लिए श्री राममूर्ति स्मारक रिद्धिमा में दो थिएटर फेस्टिवल इंद्रधनुष किए जा चुके हैं। इस बार तीसरा थिएटर फेस्टिवल इंद्रधनुष का आगाज 25 अक्टूबर 2023 से होगा। इस बार थिएटर फेस्टिवल इंद्रधनुष बरेली में रंगमंच के संस्थापक जेसी पालीवाल को समर्पित किया गया है। कुछ माह पूर्व जो इस रंगमंच रूपी दुनिया से अपना किरदार शानदार तरीके से निभाकर रुखसत हुए। इंद्रधनुष का उद्घाटन 25 अक्टूबर को शाम पांच बजे मशहूर शायर वसीम बरेलवी करेंगे। इसके बाद एसआरएमएस रिद्धिमा की ओर से अश्वनी कुमार लिखित और शैलेंद्र शर्मा निर्देशित नाटक 'मैं अधर्मी क्यों... रावण' का मंचन होगा। थिएटर फेस्टिवल का समापन 31 अक्टूबर को पंख थिएटर ग्रुप के नाटक अनकही अन-जली से किया जाएगा। इसके लेखक और निर्देशक सुप्रसिद्ध अभिनेता और निर्देशक मुकुल नाग हैं।

सभी नाटकों की अवधि सवा घंटे है। दर्शकों की सुविधा को देखते हुए पहले दिन को छोड़ कर सभी नाटकों का मंचन प्रतिदिन दो बार किया जाएगा। पहला शो शाम 04.00 बजे और दूसरा शो शाम 6.30 बजे आरंभ होगा। इसकी विस्तृत जानकारी श्री राममूर्ति स्मारक रिद्धिमा की वेबसाइ के साथ रिद्धिमा के फोन नंबर 9458701600 पर भी हासिल की जा सकती है। प्रेस कांफ्रेंस में श्रीराम मूर्ति स्मारक शिक्षण संस्थाओं के प्लेसमेंट सेल के निदेशक डा.अनुज कुमार भी मौजूद रहे।

# पाठा की प्रतिभाएं दुनिया में चित्रकूट को कर रहीं गौरवान्वित: सांसद

● चित्रकूट सांसद और सदर विधायक ने किया प्रतिभाओं को सम्मानित



**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिले** के मानिकपुर तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत मडैयन में 27वां पाठा मेधावी छात्र अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल एवं विशिष्ट अतिथि के तौर पर सदर विधायक अनिल प्रधान मौजूद रहे। इस मौके पर सांसद ने कहा कि शिक्षा विकास की धुरी है। संसदीय क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नही है। पाठा के होनहार छात्र आज देश-दुनिया में प्रतिभा के दम पर चित्रकूट को गौरवांन्वित कर रहे। वहीं विधायक अनिल प्रधान ने पाठा वासियों से बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दिलाने का संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बांदा-चित्रकूट सांसद श्री पटेल ने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान भविष्य निवेश है। सफल छात्रों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित होने वाले युवा क्षेत्र की नई पीढी के लिए रोल माडल होते है। उनसे प्रेरणा लेकर अन्य छात्र भी कठिन मेहनत और संघर्ष के दम पर सफलता हासिल करते है। उन्होने कहा कि बदमाशों के लिए कुख्यात रहे पाठा क्षेत्र की आज पहचान बदल रही है। पाठा समेत पूरा बुंदेलखंड आज प्रतिभाओं एवं उन्नत खेती के लिए पहचाना जा रहा है। उन्होने क्षेत्रवासियों से एक समय भूखे रहकर भी अपने बच्चों को शिक्षित करने का आह्वान किया।

वहीं सदर विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि शिक्षा विकास की धूरी है। आज पाठा क्षेत्र का पिछड़ापन दूर हो रहा है। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी एवं आयोजन समिति के संरक्षक शिवफूल सिंह पटेल ने सांसद आर के सिंह पटेल एवं विधायक अनिल प्रधान का फूल मालाओं से स्वागत किया।

# तपोभूमि चित्रकूट में धूमधाम से निकला रामदल, हुआ स्वागत



**संवाददाता।** चित्रकूट

**भगवान** श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट में 162 वर्षो से चल रही पुरानी बाजार रामलीला कमेटी द्वारा नगर पालिका कर्वी के सहयोग से सोमवार को शहर में विशाल रामदल निकाला गया जिसका शहर के सभी चौराहों पर लोगों द्वारा आरती और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता एवं जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने प्रभु श्रीराम और लक्ष्मण के स्वरूपों की आरती और पूजन कर रामदल का शुभारंभ किया।

विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी पुरानी बाजार रामलीला कमेटी एवं नगर पालिका परिषद चित्रकूट धाम कर्वी के संयुक्त तत्वावधान में विशाल रामदल की शोभायात्रा गाजे-बाजे एवं हाथी घोडे के साथ शहर में धूमधाम एवं भक्ति भावना के साथ निकाली गई। रामदल की शुरुआत रामलीला भवन पुरानी बाजार से प्रारंभ हुई जो कच्ची छावनी होते हुए राजकीय बालिका इंटर कालिज कर्वी रोड होते हुए एलआईसी चौराहा,सदर बाजार होते हुए धनुष चौराहा पहुंची। वहां पर शानदार लंका दहन का मंचन कलाकारों द्वारा लाइव पुस्तुत किया गया। जिसे देख दर्शक जय श्री राम के नारों से धनुष चौराहे को गुंजायमान कर दिया। जगह-जगह राम दल का स्वागत नगर वासियों द्वारा किया गया।

# राम की लीलाओं से सीख जीवन में उतारें पितृ सेवा और भ्रात प्रेम: अभिषेक आनंद

**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिले** के मानिकपुर ब्लाक के गांव ऐंचवारा में चल रहे रामलीला मंचन में रविवार को राम वनगमन का मंचन हुआ। रात्रि में सीता हरण, बालि वध व लंका दहन का कलाकारों ने मंचन किया। रामलीला में ग्रामीण कलाकारों ने बेहतरीन तरीके से अपने हुनर का प्रदर्शन किया। डीएम अभिषेक आनंद ने राम-लक्ष्मण व मां सीता की आरती करके लीला का शुभारंभ कराया। रामलीला में भ्रात प्रेम की अनूठी मिसाल देखने को मिली।

रामलीला कमेटी की अगुवाई में नवरात्रि प्रतिपदा से रामलीला का मंचन चल रहा है। जिसमें राम लक्ष्मण व मां जानकी के साथ राम वन गमन का मंचन हुआ। जिसमें भगवान राम अयोध्या से वन के लिए रवाना हुए। इसके बाद देर शाम पहुंचे डीएम ने राम-लक्ष्मण व मां जानकी की आरती करके लीला का मंचन शुरू कराया। इस दौरान कमेटी के सदस्यों ने स्वागत किया। ग्राम प्रधान ऐंचवारा सुनील शुक्ला ने डीएम अभिषेक आनंद को राम दरबार का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डीएम ने कहा कि रामलीला का मंचन हर व्यक्ति को देखकर भगवान राम के आचरणों का पालन करना चाहिए। रामलीला के मंचन में पितृ सेवा व भ्रात प्रेम को अपने जीवन में उतारता चाहिए।



## रेड क्रॉस सोसाइटी ने बालिकाओं को किया जागरूक



**चित्रकूट।** सीएम योगी की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति अभियान-4 के क्रम में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में कर्वी शहर के शंकर बाजार में रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वाधान में डाबर इंडिया का रियल जूस भेंट कर महिलाओं/बालिकाओं को जागरूक किया गया। सोमवार को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहो मिशन शक्ति अभियान-4 के तहत में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में रेड क्रॉस सोसाइटी के तत्वाधान में कर्वी शहर के शंकर बाजार तिराहे स्थिति मंदिर के समीप नोडल अधिकारी मिशन शक्ति/क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय के पर्वेक्षण में न्यूट्रिशियन सपोर्ट के दृष्टिगत डाबर इंडिया का रियल जूस वितरण कर महिलाओं/ बालिकाओं को जागरूक किया गया।

# कोतवाली में कराया कन्याओं को भोजन, दरबार में चढ़ाए गए जवारे



**जालौन, उरई।** नवरात्र के अंतिम दिन नवमी को देवी भक्तों ने मंदिरों में मां सिद्धदात्री की पूजा-अर्चना की और घरों में बोए गए जवारों को भी चढ़ाया। नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र में देवी मंदिरों में देवी भक्तों की विशाल भीड़ उमड़ी। पहाड़पुरा में मां कामाक्षा देवी मंदिर पर व नगर की शक्तिपीठ बडी माता मंदिर, छोटी माता मंदिर पर सुबह से शाम तक भक्तों का तांता लगा रहा। नवरात्र में नवें दिन घरों व मंदिरों व दुर्गा पांडालों में मां सिद्धदात्री की पूजा अर्चना की गई। देवी भक्तों ने रोली, चंदन व फूल, मालाएं चढ़ाकर पूजा देवी मां की पूजा अर्चना की।

घरों में जवारों की स्थापना करने वाले नगर व क्षेत्र के देवी भक्त मुंह में सांग छेदकर व जवारे लेकर देवी मंदिर पहुंचे। नगर में छोटी माता मंदिर, बड़ी माता मंदिर, व ग्राम पहाड़पुरा में कामाक्षा देवी मंदिर पर सुबह से ही देवी भक्तों की भारी भीड़ लगी रही। सभी देवी भक्त अपने-अपने घटों को लेकर अचरी गाते हुए देवी मंदिरों की ओर खिंचे चले आ रहे थे। देवी मां के भक्त मुंह में सांग छेदकर रास्तों पर दौड़ लगाते हुए आ-जा रहे थे। वहीं महिलाएं भी अपने सिरों पर जवारों के घट रखे हुए भक्ति भाव से देवी मां के गीतों को गाते हुए रास्तों पर जा रहीं थीं।


## रामलीला महोत्सव में लक्ष्मण शक्ति व कालनेमि की माया का हुआ मंचन



**जालौन, उरई।** रामलीला महोत्सव में लक्ष्मण शक्ति व कालनेमि की माया का मंचन किया गया। जिसमें हनुमान-मेघनाद संवाद, लक्ष्मण-मेघनाद संवाद के अलावा कालनेमि की माया का दृश्य विशेष आकर्षक रहा। लक्ष्मण शक्ति की लीला को लेकर दर्शकों उत्साह दिखा। रामलीला महोत्सव का मंचन नगर के गोविंदेश्वर मंदिर के पास किया जा रहा है। जिसमें लक्ष्मण शक्ति, कालनेमि की माया, भरत-हनुमान संवाद, मेघनाद हनुमान संवाद के अलावा लक्ष्मण व हनुमान संवाद विशेष सराहनीय रहे। मंचन के प्रथम दृश्य में श्रीराम द्वारा लंका पर आक्रमण किए जाने की योजना बनाई गई। सभी वानरों ने लंका को चारों ओर से घेर लिया तभी रावण की आज्ञानुसार मेघनाद युद्ध करने के लिए आया। पहले मेघनाद व हनुमान के बीच जमकर संवाद होता है। लक्ष्मण के आने के बाद मेघनाद व लक्ष्मण संवाद प्रारंभ हो जाता है। दोनों के संवादों का बैठे दर्शकों ने आनंद लिया और तालियां बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन भी किया।

# विश्व विख्यात रामलीला में लंका दहन का कलाकारों द्वारा किया गया मंचन

**संवाददाता।** कोंच, जालौन



**धर्मादा** रक्षिणी सभा द्वारा संचालित कोंच रामलीला के 171वें महोत्सव में रविवार रात्रि रामलीला रंगमंच पर लंका दहन लीला का मंचन किया गया जिसमें हनुमान द्वारा अक्षय कुमार के वध और मेघनाद द्वारा हनुमान को ब्रह्म पाश में बांधने के प्रसंग दर्शाए गए।

सीता हरण के बाद सुग्रीव से राम की मैत्री के फलस्वरूप वानरों के झुंड के झुंड सीता की खोज में विभिन्न दिशाओं में भेजे जाते हैं। अंगद की अगुवाई में एक दल दक्षिण दिशा की ओर जाकर समुद्र तट पर पहुंचता है जहां गिद्ध संपाती उन्हें बताता है कि सीता रावण की लंका में अशोक वन में विद्यमान हैं। हनुमान समुद्र लांघ कर लंका जाते हैं और वहां सीता से भेंट करते हैं। अशोक वाटिका में रावण और मंदोदरी का प्रवेश और रावण द्वारा सीता को त्रास दिए जाने के प्रसंग दिखाए गए। मेघनाद हनुमान को ब्रह्मपाश में बंदी बनाकर रावण के दरबार में प्रस्तुत करता है। यहां रावण और हनुमान के बीच रोचक वार्तालाप होता है, रावण हनुमान की पूंछ में आग लगाने का आदेश देता है और हनुमान स्वर्णलंका में आग लगा देते हैं।

## मैदान में दौड़ेंगे रावण-मेघनाद के विशाल पुतले

**कोंच, जालौन।** धनुताल स्थित दशहरा मेला ग्राउंड पर इस बार तमाम व्यवस्थाएं बदली बदली दिखाई देंगी। अभी तक के इतिहास में रावण और मेघनाद के विशालकाय पुतलों को खुले मैदान में दौड़ाया जाता रहा है लेकिन इस बार प्रशासन के निर्देश पर पहली बार मैदान की वेरीकेटिंग की गई है ताकि पुतलों को दौड़ाने की जगह में दर्शक न घुस पाएं। ऐसे में यह देखना बाकई दिलचस्प होगा कि इस नई व्यवस्था के कितने सकारात्मक परिणाम होते हैं। गौरतलब है कि मैदान में पुतले दौड़ दौड़ कर रथ पर सवार राम-लक्ष्मण और हाथी पर सवार हनुमान से युद्ध करते हैं और इस दौड़-धूप में कई बार पुतलों का गिरना उठना होता है जिसके लिए उन्हें पर्याप्त जगह चाहिए होती है।

## क्विक न्यूज

### शहर में निकलेगी परंपरागत साईं पालकी यात्रा

**फतेहपुर।** शिव विराजमान मन्दिर कलेक्टरगंज में कमेटी की बैठक हुई जिसमें विगत वर्षों की भांति दशहरा के दिन साईं पालकी यात्रा निकाले जाने का निर्णय लिया गया। साई पालकी यात्रा पटेल नगर चौराहा, शादीपुर, रेल बाजार, हरिहरगंज होते हुए कलक्टरगंज स्थित साईं मन्दिर में समाप्त होगी। कमेटी के महामंत्री अजय अवस्थी (पूर्व चेयरमैन नगर पालिका परिषद) ने बताया कि साई पालकी यात्रा साईं भक्तों द्वारा गाजे-बाजे के साथ निकाली जाएगी। अपील की गई कि अधिक से अधिक साईं भक्त यात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें। बैठक में कमेटी के अध्यक्ष सुधाकर अवस्थी, राजकिशोर त्रिपाठी, सर्वराकार जैनेंद्र सिंह, शोभा दुबे, जे.पी. यादव, रंजना सिंह, माया पांडेय, पंकज मिश्रा, अंतुल अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

### बाइक पंचनद पुल की रेलिंग से टकराने से दो की मौत

**जगम्मनपुर, जालौन।** पंचनद संगम पर पुल की रेलिंग से तीव्र गति से चलती हुई मोटरसाइकिल टकरा गई जिसमें दो युवकों की ठौर मौत हो गई व एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। रामपुरा थाना अंतर्गत पंचनद पर जालौन इटावा को जोडने बाले कंजौसा के पुल पर एक प्लेटना मोटर साइकिल यूपी 92 एएम 1755 रेलिंग से टकरा गई जिसमें अमन पुत्र अर्जुन उम्र लगभग 20 वर्ष, सौरभ पुत्र सुखराम उम्र लगभग 19 वर्ष निवासीगण जगम्मनपुर थाना रामपुरा की ठौर मौत हो गई व आशीष पुत्र बृजेश कुमार दोहरे उम्र लगभग 17 वर्ष निवासी लौना थाना कोतवाली जालौन के सिर में गंभीर चोट आई है। बताया जाता है कि उक्त तीनों युवक पंचनद स्थित कालेश्वर मंदिर (बिठौली इटावा) से दर्शन करके वापस आ रहे थे की कंजौसा की पहूज नदी पुल की रेलिंग से तीब्र गति से चलती हुई मोटरसाइकिल टकरा गई और दो लोगों की मौत हो गई।

### केंद्रीय राज्यमंत्री आज जिले में

**फतेहपुर।** जिले की सांसद व भारत सरकार की राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति कल जिले में रहकर कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगी। भाजपा जिला मंत्री एवं सांसद कार्यालय प्रवक्ता शिव प्रताप सिंह ने बताया कि अपराह्न एक बजे तपस्वी नगर बांदा सागर रोड में ब्यूटी पार्लर का शुभारंभ करेंगी। अपराह्न दो बजे खागा सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं और सम्मानित क्षेत्रवासियों से भेंट करने के पश्चात सांय साढ़े पांच बजे बिंदकी नगर में श्रीरामलीला कमेटी के आयोजित विजयदशमी कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगी।

### महिलाओं व बालिकाओं से चौकी प्रभारी ने किया संवाद

**कोंच, जालौन।** मिशन नारी शक्ति अभियान के तहत कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लौना में मंडी चौकी प्रभारी नितेश कुमार महिलाओं, युवतियों व बालिकाओं से संवाद कर उन्हें सुरक्षा के प्रति जागरुक किया। चौकी प्रभारी ने उपस्थित लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि किसी भी स्थान पर कभी भी अगर कोई मान सम्मान और सुरक्षा से खिलवाड़ करने की चेष्टा करता है तो शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर्स 1090, 1076, 181, 112, 100 पर कॉल कर अपनी समस्या शिकायत दर्ज करा सकती हैं। शिकायत दर्ज कराने वाली संबंधित पीड़िता की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है। उन्होंने कहा कि चाहे घर हो अथवा बाहर, सुरक्षा और सम्मान के प्रति मुखर होकर अपनी आवाज उठाएं ताकि दोषियों को कानूनन दंड मिल सके।

### माता की प्रतिमा विसर्जन यात्रा बड़ी माता मंदिर से होगी शुरू

**जालौन, उरई।** नव दुर्गा सेवा समिति के संरक्षक शैलेंद्र सिंह कछवाह व अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह यादव ने बताया कि 24 अक्टूबर मंगलवार को दशहरा के पर्व पर मूर्ति विसर्जन होना है। सुबह आठ बजे से मूर्तियों की शोभायात्रा बड़ी माता मंदिर परिसर से प्रारंभ होगी। जिसमें सभी मूर्तियों को क्रमबद्ध तरीके से बड़ी माता मंदिर से झंडा चौराहा, बस स्टैंड, कांजी हाउस, काली माता मंदिर, देवनगर चौराहा से वापस डाकघर, तहसील रोड, पानी की टंकी, फुटकर सब्जी मंडी, छोटी माता मंदिर से होकर चुंगी नंबर चार पर पहुंचेगी। इसके बाद कोंच चौराहा, लौना रोड होकर नारायणपुरा बंबा के लिए रवाना होगी। शाम को राम दरबार शोभायात्रा संपन्न होना है। इसलिए सभी मूर्ति स्थापना समितियां समय से अपनी अपनी मूर्तियां लेकर बड़ी माता मंदिर परिसर में पहुंचें।

### मासूम की कुंए में डूबकर मौत

**फतेहपुर।** थरियांव थाना क्षेत्र के चौकीदार का पुरवा गांव निवासी जागेश्वर लोधी व उसकी पत्नी सुमन कल दूसरी पहर गांव के समीप खेतो में धान काटने गए थे। उनके साथ उनका तीन वर्षीय पुत्र रवि शंकर उर्फशोनू गया था। दोनों पति पत्नी धान काटने में मशरूफ हो गए तो बच्चा खेलते खेलते खेतो के समीप कुंए के पास पहुंच कर कुंए में गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। तलाश करने के बाद भी जब कुछ पता नहीं चला तो घटना की सूचना पुलिस को दी।

# मां सिद्धिदात्री की आराधना के साथ नवरात्र समाप्त

● दुर्गा पंडालों समेत घरों में कराया कन्याओं को भोज

● हर तरफ गूंजे मां जगत जननी के जयकारे



**संवाददाता।** फतेहपुर

**जगत** जननी मां जगदंबा के नवें स्वरूप सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना के साथ ही सोमवार को नवरात्र पर्व का समापन हो गया। सजाये गये दुर्गा पंडालों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा। सुबह एवं शाम की आरती में श्रद्धालु भक्ति में सराबोर दिखाई दिये। हर तरफ मां शेरावली के जयकारे गूंजते रहे। दुर्गा पंडालों के साथ-साथ बड़ी संख्या में घरों पर भी कन्याओं को भोज कराकर पुण्य लाभ कमाया। कुल मिलाकर नवरात्र पर्व का सकुशल समापन हो गया। कल विजयदशमी का पर्व समूचे जनपद में धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। नवरात्र के पावन पर्व पर हर तरफमां जगदंबा के पंडाल सजाये गये थे। शहर के अलावा गांव व कस्बों में मातारानी की धूम रही। नवमी के दिन भक्तों ने विधि विधान से मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की। पंडालों मे हवन की आहूतियों के बाद भंडारे का आयोजन हुआ। कन्या भोज भी कराया गया। शहर के दुर्गा नगर स्थित दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना के बाद भंडारे का आयोजन हुआ।

इसी प्रकार चौक हनुमान मंदिर, शीतला मंदिर, मुराइन टोला हनुमान मंदिर, पत्थरकटा चौराहा, शिवमंदिर, आबूनगर, पटेलनगर, नासिरपीर, रस्तोगीगंज, नई बस्ती व राधानगर में सार्वजनिक मां दुर्गा महोत्सव समिति के तत्वाधान में भी विशाल भंडारे का श्रद्धापूर्वक आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

## बोलेरो की टक्कर से दो बाइक सवारों की मौत

**फतेहपुर।** राधानगर थाना क्षेत्र के पूर्वी नई बस्ती निवासी स्व. महादेव का 45 वर्षीय सूरज पाल निषाद व किशनपुर थाना क्षेत्र के लोची का डेरा गांव निवासी देवपाल का 22 वर्षीय पुत्र महेश व उसका बीस वर्षीय भाई रमेश तीनों बाइक पर सवार होकर बाजार करने जा रहे थे। जब वह थाना क्षेत्र के नरैनी व इटरौरा के बीच पहुंचे तभी रोड से गुजरी बोलेरो ने टक्कर मार दी और ड्राइवर गिरधारी पुत्र दुलारे निवासी इटरौरा मौके फरार हो गया। टक्कर से सूरज पाल निसाद व महेश की मौत हो गई जबकि रमेश घायल हो गया। घटना की सूचना स्थानियों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मृतकों के शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेज घायल को इलाज के लिए सरकारी एम्बुलेन्स से जिला अस्पताल भेजा।

## रेलवे स्टेशन का नाम गणेश शंकर विद्यार्थी जी के नाम पर किये जाने की उठाई मांग

**फतेहपुर।** फतेहपुर प्रेस क्लब ने पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रेल मंत्री अश्विन वैष्णव एवं स्थानीय सांसद व केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को पुन: पत्र लिखकर स्थानीय रेलवे स्टेशन का नाम बदलने की तर्कपूर्ण मांग की है। क्लब अध्यक्ष नागेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि इस जनपद में क्रांतिकारी, अमर शहीद पत्रकार शिरोमणि गणेश शंकर विद्यार्थी जी का लम्बा समय गुजरा था। उनका स्वाधीनता आंदोलन से लेकर देश की आजादी तक अहम योगदान रहा है। विद्यार्थी जी ने आजादी के दौरान महात्मा गांधी, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, सुखदेव, बटुकेश्वरदत्त, राजगुरु और हैदर जैसे क्रांतिकारियों के साथ स्वाधीनता आंदोलन के लिए संघर्ष किया है। ऐसे महान क्रांतिकारी का जनपद से गहरा ताल्लुक होना सौभाग्य की बात है। ऐसे में उनके नाम पर स्थानीय रेलवे स्टेशन होने से जनपदवासियों में नई ऊर्जा का संचार होगा व प्रेरणा मिलेगी।

# चिता पर लेटे व्यक्ति के शरीर में हरकत होती देख पुनः अस्पताल पहुंचाया गया

**बांदा।** मौत के मुंह में समा जाने के बाद फिर जीवित हो जाना यह लाखों में कहीं एक व्यक्ति में होता है। ऐसा सीनियर फिजिशियन डॉक्टर एक भारद्वाज का कहना है कुछ मांसपेशियां शरीर मृत होने के बाद भी हरकतें करती रहती हैं लेकिन सच्चाई तो यहां कुछ और देखने को मिली जब मृतक व्यक्ति को चीता में लिटाया जा रहा था उस समय ओठ हिलने लगे बांदा हाथ पैर में कंपन जैसा महसूस किया गया। चिता को अग्नि देने से पहले अचानक पार्थिव शरीर के होठ और गाल हिले तो परिजन जीवित होने की आस में शव शमशान से उठाकर जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर पहुंच गए। यहां चिकित्सक ने परीक्षण किया और मृत घोषित कर दिया। उसके बाद फिर परिजन शव लेकर मुक्तिधाम पहुंचे और अंतिम संस्कार कराया।

नगर कोतवाली क्षेत्र के शंभू नगर निवासी वृंदावन पाल (75) की बीमारी के चलते गत दिवस की शाम निधन हो गया था। अगले दिन को क्योटरा के हरदौली मुक्तिधाम में उनके अंतिम संस्कार की तैयारी हो रही थी। पार्थिव शरीर को चिता पर लिटा दिया गया था। अग्निदाह से पहले अचानक उनके होठ और गाल हिले, इस पर परिजनों को उनके जीवित होने का आभास हुआ। फौरन परिजन चिता से शरीर को उठाकर ट्रामा सेंटर पहुंचे। चिकित्सक ने परिजनों को बताया कि उनकी मौत पहले ही हो चुकी है। बेटे सुधीर ने बताया कि तीन दिन बुखार के बाद उनकी मृत्यु हुई थी।

चिता में अचानक उनके चेहरे में हरकत दिखी तो उम्मीद जागी कि वह जीवित हैं। किंतु दोबारा मुक्तिधाम पहुंचकर बड़े पुत्र हेमंत ने शव को मुखाग्नि दी। इस बाबत डॉक्टर जे विक्रम ने बताया शरीर से जीवात्मा निकालने के बाद भी मांसपेशियां कोशिकाएं कुछ समय तक हरकत में रहती हैं, उसी के तहत लोगों को यह आभास हुआ कि यह जीवित है लेकिन ऐसा संभव नहीं था। उनकी मृत्यु पहले हो चुकी थी।

# पेज एक का शेष

## गाजा ने...

**इजराइल** ने गाजा में किसी भी ईंधन की आपूर्ति की अनुमति नहीं दी है, जहां एक सप्ताह से अधिक समय से बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बंद है। गाजा के अस्पतालों का कहना है कि वे समय से पहले जन्मे बच्चों के लिए जीवन रक्षक चिकित्सा उपकरण और इन्क्यूबेटरों का संचालन जारी रखने के लिए जनरेटर के ईंधन की तलाश कर रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा कि उत्तरी गाजा में सात अस्पतालों को हमले, बिजली आपूर्ति की कमी या खाली करने के इजराइली आदेशों के कारण बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। इजराइल ने लोगों से उत्तरी गाजा छोड़ने के लिए अपना आह्वान दोहराया। सेना ने विमानों से पर्चे भी गिराए। इजराइल ने कहा है कि अनुमानत: 7,00,000 लोग पहले ही क्षेत्र से निकल चुके हैं, लेकिन हजारों लोग अभी भी रुके हुए हैं। इससे किसी भी जमीनी हमले में बड़े पैमाने पर नागरिकों के हताहत होने का खतरा बढ़ जाएगा। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि इजराइल 'यथास्थिति में वापस नहीं जा सकता', जिसमें हमास का नियंत्रण गाजा पर हो और हमास फिर से इजराइल को चुनौती दे। इजराइल का गाजा पर शासन करने का 'बिल्कुल कोई इरादा नहीं' है। उन्होंने रविवार को एनबीसी के 'मीट द प्रेस' कार्यक्रम में कहा, 'कुछ ऐसा ढूंढने की जरूरत है, जो यह सुनिश्चित करे कि हमास दोबारा ऐसा नहीं कर सके।' इस बीच, राफा से मिली खबरों के मुताबिक सीरिया और वेस्ट बैंक में आतंकी ठिकानों पर इजराइल के हवाई हमलों और फलस्तीन में बढ़ते मानवीय संकट के बीच राहत सामग्री की दूसरी खेप रविवार को गाजा पहुंची। इस बीच, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने लेबनान के आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उसने युद्ध शुरू किया, तो 'हम उसे इतना जोर का झटका देंगे, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती।' माना रहा है कि इजराइल सात अक्टूबर को हमास के अप्रत्याशित हमले की प्रतिक्रिया के रूप में गाजा में जमीनी आक्रमण शुरू करने की तैयारी में है। सीमा पर टैंक और हजारों सैनिक लामबंद हो चुके हैं, जो आदेश आने के इंतजार में हैं।

## फिरकी के...

**पूर्व** क्रिकेटर गौतम गंभीर: बिशन सिंह बेदी जी के निधन से बेहद दुखी हूं। क्रिकेट में उनके अतुलनीय योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। भगवान उनके परिवार और प्रियजनों को शक्ति दे। मौजूदा खिलाड़ी रविचंद्रन अश्विन: महान बिशन सिंह बेदी के निधन के बारे में सुनकर दुख हुआ, एक महान क्रिकेटर होने के अलावा, वह एक मिलनसार व्यक्ति थे और युवा क्रिकेटरों की मदद के लिए अतिरिक्त प्रयास करते थे। पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन: बिशन सिंह बेदी सर के निधन के बारे में सुनकर मुझे दुख हुआ। उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। उसकी आत्मा को शांति मिलें। मौजूदा खिलाड़ी मोहम्मद सिराज: भारतीय क्रिकेट के एक दिग्गज। बिशन सिंह बेदी की आत्मा को शांति मिले। उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति मेरी संवेदना है। पूर्व खिलाड़ी सुरेश रैना: क्रिकेट के दिग्गज बिशन सिंह बेदी जी के निधन से गहरा दुख हुआ। खेल पर उनका अतुलनीय प्रभाव है और इस कठिन समय में उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना है। भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज: स्पिन के सरदार अब नहीं रहे। बिशन सिंह बेदी जी के निधन की खबर से दुखी हूं। वह हमेशा भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक रहेंगे। उनके परिवार और दोस्तों के प्रति मेरी संवेदनाएं। ओम शांति।

## पीएम ने...

**और** मुश्किल घड़ी में देश के साथ भारत की एकजुटता व्यक्त की। मोदी ने 10 अक्टूबर को इज़राइल के लिए अपना समर्थन दोहराया, जब उन्होंने पोस्ट किया था कि इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने उन्हें फोन किया था और उन्हें संघर्ष पर नवीनतम जानकारी दी थी। मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, 'मैं प्रधानमंत्री नेतन्याहू को उनके फोन कॉल और मौजूदा स्थिति पर अपडेट देने के लिए धन्यवाद देता हूं। भारत के लोग इस कठिन समय में इजराइल के साथ मजबूती से खड़े हैं। भारत दृढ़ता से और स्पष्ट रूप से आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा करता है।' उसी सप्ताह नई दिल्ली में जी20 संसदीय अध्यक्षों के शिखर सम्मेलन में बोलते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया में कहीं भी और किसी भी रूप में आतंकवाद मानवता के खिलाफ है और इस बात पर जोर दिया कि यह शांति और भाईचारे का समय है। दुनिया से मानव-केंद्रित दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने का आह्वान करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया के किसी भी हिस्से में संघर्ष और टकराव हर किसी को प्रभावित करते हैं और किसी को फायदा नहीं पहुंचाते हैं। इजराइल-हमास संघर्ष बढ़ने के बीच भारत ने रविवार को फलस्तीन को मानवीय सहायता भेजी। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने कहा कि फलस्तीन के लोगों के लिए लगभग 6.5 टन चिकित्सा सहायता और 32 टन आपदा राहत सामग्री लेकर आईएएफ सी-17 उड़ान मिस्र के एल-अरिश हवाई अड्डे के लिए रवाना हुई थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने जानकारी देते हुए कहा था, 'फलस्तीन के लोगों के लिए लगभग 6.5 टन चिकित्सा सहायता और 32 टन आपदा राहत सामग्री लेकर एक आईएएफ सी-17 उड़ान मिस्र में एल-अरिश हवाई अड्डे के लिए रवाना हुई है।' उन्होंने कहा कि सामग्री में आवश्यक जीवन रक्षक दवाएं, सर्जिकल सामान, तंबू, स्लीपिंग बैग, तिरपाल, स्वच्छता उपयोगिताएं, जल शोधन टैबलेट सहित अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल हैं। ये वस्तुएं मिस्र और गाजा के बीच राफा सीमा पार से फलस्तीन भेजी जाएंगी। सोमवार को अपने 17वें दिन का युद्ध दोनों पक्षों के लिए पांच गाजा युद्धों में से सबसे घातक है। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि कम से कम 5,087 फलस्तीनी मारे गए हैं और 15,270 घायल हुए हैं।

## पुलिस ड्यूटी ...

**पुलिस** ड्यूटी के लिए कुत्तों को किराए पर लेने और प्रशिक्षित करने वाले सीएपीएफ में बीएसएफ, सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी, एसएसबी, एनएसजी और असम राइफल्स शामिल हैं। अधिकारी के अनुसार, पुलिस कुत्तों को गश्त और अन्य कार्यों के अलावा आईईडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) और बारूदी सुरंगों जैसे विस्फोटकों तथा नशीले पदार्थों व नकली मुद्रा का पता लगाने जैसे कार्यों के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। उन्होंने बताया कि कभी-कभी आतंकवादियों का पता लगाने संबंधी तलाश अभियानों में भी इन कुत्तों का इस्तेमाल किया जाता है। गृह मंत्रालय ने पीएसके के संबंध में सीएपीएफ और अन्य पुलिस एवं कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच सीखने और सहयोग की संस्कृति तथा पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण कदम भी उठाए हैं। लगभग 4,000 कुत्तों के साथ सीएपीएफ देश में पुलिस कुत्तों का सबसे बड़ा उपयोगकर्ता है। यह हर साल लगभग 300 कुत्तों को तैनात करता है। एक अन्य अधिकारी के मुताबिक, सीएपीएफ में सबसे ज्यादा कुत्तों का इस्तेमाल सीआरपीएफ (लगभग 1,500) और सीआईएसएफ (लगभग 700) करते हैं। उन्होंने बताया कि आतंकवाद विरोधी बल राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के पास लगभग 100 कुत्ते हैं। गृह मंत्रालय ने के9 दस्ते की शुरुआत 2019 में अपने पुलिस आधुनिकीकरण कार्यक्रम के हिस्से के रूप में कुत्तों के प्रजनन, प्रशिक्षण और चयन को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से की थी।

# महिलाओं को सुरक्षा का भरोसा दिलाकर किया गया जागरूक

**संवाददाता।** कानपुर देहात

**उत्तर** प्रदेश शासन द्वारा कल्याणकारी व सुरक्षा योजनाओं के लिए जागरूकता अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में माननीय मुख्यमंत्री उप्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मिशन शक्ति अभियान-4 के तहत जनपद के समस्त थानों की महिला बीटों में नियुक्त महिला बीट अधिकारियों/कर्मचारियों व महिला सुरक्षा दल द्वारा त्यौहारों के दृष्टिगत अपने अपने थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया। महिला थाना पुलिस द्वारा लालपुर रेलवे स्टेशन पर झांसी मेमों पैसेंजर ट्रेन में सफर कर रही महिलाओं को उनकी सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए महिला सम्बन्धी अपराध/महिला सुरक्षा व महिला सशक्तिकरण के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी व महिलाओं /बालिकाओं की सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसी यूपी-112 नम्बर/ वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी काप एप/ 181 महिला हेल्पलाइन/ 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन/ 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 आदि के बारे में अवगत कराते हुए प्रदेश सरकार द्वारा महिला/ बालिका केन्द्रित विभिन्न कल्याणकारी सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुये पैम्पलेट वितरित किये गये।

पायनियर
नई दिल्ली , मंगलवार,24 अक्टूबर, 2023



# अमेरिका, ब्रिटेन, सहयोगी देशों ने इजराइल के प्रति समर्थन जताया

● मानवीय कानूनों के पालन का आग्रह किया



भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका,** ब्रिटेन, फ्रांस, कनाडा और इटली के नेताओं ने फलस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के खिलाफ खुद की रक्षा करने के इजराइल के अधिकार का समर्थन किया। हालांकि, उन्होंने इजराइल से अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानूनों का पालन करने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह भी दोहराया। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से फोन पर बातचीत करने के बाद व्हाइट हाउस ने रविवार को एक संयुक्त बयान जारी कर यह बात कही। बयान के मुताबिक, नेताओं ने इजराइल और आतंकवाद के खिलाफ खुद की रक्षा के उसके अधिकार के प्रति अपना समर्थन दोहराया। उन्होंने इजराइल से नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करने का आह्वान भी किया। हमास के आतंकवादियों द्वारा इजराइल पर सात अक्टूबर को हमला किए जाने के बाद से दोनों पक्षों में संघर्ष जारी है। इजराइल ने वर्ष 2007 से गाजा पट्टी पर हुकूमत कर रहे आतंकवादी समूह हमास के खिलाफ बड़े पैमाने पर जवाबी हमले शुरू किए हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, कनाडा और इटली के नेताओं ने शनिवार को दो अमेरिकी बंधकों की रिहाई का स्वागत करते हुए बंधक बनाए गए बाकी लोगों को भी तत्काल छोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने क्षेत्र में अपने नागरिकों, विशेष रूप से गाजा छोड़ने के इच्छुक लोगों का समर्थन करने के लिए एक-दूसरे के बीच करीबी समन्वय की प्रतिबद्धता भी जताई। नेताओं ने गाजा में फलस्तीनियों तक मानवीय सहायता पहुंचने की घोषणा का स्वागत भी किया। उन्होंने मानवीय जरूरतों को पूरा करने के लिए भोजन, पानी, चिकित्सा देखभाल और अन्य आवश्यक सहायता तक निरंतर और सुरक्षित पहुंच सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्र में भागीदारों के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखने की प्रतिबद्धता भी दोहराई। बयान में कहा गया है, नेताओं ने संघर्ष को अन्य इलाकों में फैलने से रोकने, मध्य-पूर्व में स्थिरता बनाए रखने और राजनीतिक समाधान एवं टिकाऊ शांति की दिशा में काम करने के लिए क्षेत्र में प्रमुख साझेदारों के साथ करीबी राजनयिक समन्वय जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई। इससे पहले, बाइडन ने गाजा और आसपास के क्षेत्रों के ताजा घटनाक्रम पर चर्चा करने के लिए इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात की। उन्होंने गाजा में मानवीय सहायता लेकर जा रहे दो काफिलों के प्रवेश का स्वागत किया। दोनों नेताओं ने गाजा में महत्वपूर्ण मानवीय सहायता का निरंतर प्रवाह सुनिश्चित करने की सहमति जताई।

## सीरिया, वेस्ट बैंक में विभिन्न ठिकानों पर इजराइल के हमले के बीच राहत सामग्री की दूसरी खेप गाजा पहुंची

**राफा (गाजा पट्टी)।** सीरिया और वेस्ट बैंक मे आतंकी ठिकानो पर इजराइल के हवाई हमलो और फलस्तीन मे बढ़ते मानवीय संकट के बीच राहत सामग्री की दूसरी खेप रविवार को गाजा पहुंची। इस बीच, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने लेबनान के आतंकवादी संगठन हिजबुल्लाह को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर उसने युद्ध शुरू किया, तो हम उसे इतना जोर का झटका देंगे, जिसकी कल्पना भी नही की जा सकती। माना रहा है कि इजराइल सात अक्टूबर को हमास के अप्रत्याशित हमले की प्रतिक्रिया के रूप मे गाजा मे जमीनी आक्रमण शुरू करने की तैयारी मे है। सीमा पर टैंक और हजारो सैनिक लामबंद हो चुके है, जो आदेश आने के इंतजार मे है। इजराइली सैना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने कहा कि इजराइल ने पूरे गाजा मे हमले तेज कर दिए है, ताकि युद्ध के अगले चरण मे सैनिको के लिए जोखिम कम हो सके। दोनो पक्षो मे जारी संघर्ष के बीच क्षेत्र मे बड़े पैमाने पर युद्ध की आशंकाएं बढ़ गई है, क्योकि इजराइली युद्धक विमानो ने गाजा मे विभिन्न ठिकानो पर हमले के साथ सीरिया मे दो हवाई अड्डो और वेस्ट बैंक मे एक मस्जिद को निशाना बनाया। इजराइल का आरोप है कि मस्जिद का इस्तेमाल आतंकी गतिविधियो के लिए किया जा रहा था। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने उत्तरी इजराइल मे सैनिको से कहा कि यदि हिजबुल्ला ने इजराइल के खिलाफ युद्ध शुरू किया, तो यह उसकी बड़ी भूल होगी। उन्होने कहा, हम उसे इतना जोर का झटका देंगे, जिसकी कल्पना भी नही की जा सकती। उसके और लेबनान के लिए नतीजे विनाशकारी होगे। हमास ने कहा कि उसने दक्षिणी गाजा मे खान यूनिस के पास इजराइली सेना के साथ लड़ाई के दौरान एक टैंक और दो बुलडोजर नष्ट कर दिए। वही, रविवार देर रात हगारी ने घोषणा की कि सात अक्टूबर को हमले के बाद अगवा किए गए 200 से अधिक बंधको को छुड़ाने के प्रयासो के तहत गाजा के अंदर एक अभियान के दौरान एक टैंक रोधी मिसाइल के हमले मे एक सैनिक की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।

## गाजाः अस्पताल के जेनरेटरों को ईंधन आपूर्ति घटने से इन्क्यूबेटर में रखे नवजात शिशुओं की जान जोखिम में

**दीर-अल-बलाह (गाजा पट्टी)।** गाजा पट्टी के मध्य मे स्थित अल-अक्सा अस्पताल के नवजात शिशुओं के वार्ड मे शीशे के इन्क्यूबेटर के अंदर रखा समय से पूर्व जन्मा नवजात शिशु रो रहा है। गहरी पीड़ा मे नजर आ रहे इस शिशु के नन्हे शरीर से इन्क्यूबेटर मे मौजूद नलिकाएं जुड़ी है। एक वेंटिलेटर उसे सांस लेने मे मदद करता है, एक नली के जरिए उस तक दवा पहुंचाई जाती है और मॉनिटर उसके नाजुक महत्वपूर्ण संकेतो को प्रदर्शित करता है। शिशु का जीवन बिजली के निरंतर प्रवाह पर टिका है क्योकि बिजली से चलने वाले इन उपकरणो के जरिए ही उस तक जीवनरक्षक दवाएं और संसाधन पहुंचाए जाते है और अगर अस्पताल को उसके जेनरेटरो के लिए ईंधन नही मिलता है तो बिजली की आपूर्ति के जल्द खत्म होने की आशंका है। अस्पताल के निदेशक इयाद अबू जहार इस बात को लेकर आशंकित है कि जेनरेटर बंद हो जाने पर वार्ड के मौजूद नवजात शिशुओं की ऑक्सीजन सपोर्ट की कमी के कारण मृत्यु हो जाएगी। उन्होने कहा, हमारे ऊपर जिम्मेदारी बहुत बड़ी है। समूचे गाजा मे समय से पूर्व पैदा हुए बच्चो का उपचार करने वाले चिकित्सको को यही डर सता रहा है। सहायता कर्मियो ने कहा कि नवजात शिशु इकाई मे भर्ती, समय पूर्व जन्मे कम से कम 130 बच्चो की जान अत्यंत जोखिम मे है। इजराइल द्वारा गाजा की घेराबंदी के कारण ईंधन की कमी का यह खतरनाक संकट पैदा हुआ है, जिसकी शुरुआत सात अक्टूबर को इजराइल पर हमास के हमले के बाद हुई। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, गाजा मे कम से कम 50,000 गर्भवती महिलाएं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओ की पहुंच से वंचित है और करीब 5,500 महिलाएं आगामी महीनो मे शिशुओं को जन्म देने वाली है। लगातार इजराइली हमलो से क्षति होने और बिजली, पानी एवं अन्य आपूर्ति की कमी के कारण लगभग 30 अस्पतालो मे से कम से कम सात को बंद करना पड़ा है। बाकी अस्पतालो के चिकित्सको ने कहा कि वे संकट के कगार पर है।

## युद्ध के दौरान संघर्ष बढ़ने या अमेरिकी सेना को निशाना बनाने की स्थिति से निपटने को तैयार : ब्लिंकन

**रेहोबोथ बीच (अमेरिका)।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि उनके देश को आशंका है कि ईरान की परोक्ष भागीदारी की वजह से इजराइल-हमास युद्ध तेज होगा। उन्होने जोर देकर कहा कि यदि अमेरिकी सैन्य कर्मियो या सशस्त्र बल को निशाना बनाकर कोई कार्वाई की जाती है तो बाइडन प्रशासन उसका जवाब देने के लिए तैयार है। ब्लिंकन ने कहा, हम तनाव नही बढ़ाना चाहते। हम नही चाहते कि हमारी सेनाएं या हमारे कर्मी गोलीबारी की चपेट मे आएं। लेकिन अगर ऐसा होता है तो हम इसके लिए तैयार है। ब्लिंकन की यह चेतावनी, सात अक्टूबर को हमास द्वारा दक्षिणी इज़राइल पर आम लोगो को निशाना बनाए जाने के बाद इजराइल की जवाबी सैन्य कार्वाई के तीसरे सप्ताह मे प्रवेश करने के बाद आई है। अमेरिका के विदेश मंत्री ने कहा कि मुझे आशंका है कि ईरान की ओर से लड़ाके हमारी सेनाओ, हमारे कर्मियो को निशाना बनाकर तनाव बढ़ाएंगे। हम यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठा रहे है कि हम अपने लोगो की प्रभावी ढंग से रक्षा कर सकें और जरूरत पड़ने पर निर्णायक जवाब दे सकें।

## न्यूयॉर्क में कार हादसे के बाद मारपीट में घायल सिख व्यक्ति की मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर मे एक कार हादसे के बाद मारपीट मे घायल हुए 66 वर्षीय सिख व्यक्ति की सिर मे लगी गंभीर चोट की वजह से मौत हो गई। पिछले बृहस्पतिवार को क्वीस मे एक वाहन से हुई मामूली टक्कर के बाद उसमे सवार 30 वर्षीय गिल्बर्ट ऑगस्टिन ने जसमेर सिंह पर हमला कर दिया था। यह न्यूयॉर्क मे पिछले एक हफ्ते मे किसी सिख व्यक्ति पर हमले की दूसरी घटना थी। पिछले हफ्ते न्यूयॉर्क मे 19 वर्षीय एक सिख युवक उस समय हमले का शिकार हुआ था, जब वह रिचमंड हिल मे बस से गुरुद्वारा जा रहा था। 26 वर्षीय क्रिस्टोफर फिलिपो ने युवक के सिर के पीछे मुक्का मारा था, उसकी पगड़ी उतारने की कोशिश की थी और उससे कहा था, हम इस देश मे इसे (पगड़ी) नही पहनते है। न्यूयॉर्क सिटी के मेयर एरिक एडम्स ने जसमेर सिंह पर हमले की निंदा करते हुए समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता जताई। एडम्स ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, जसमेर सिंह इस शहर से प्यार करते थे और अपनी दुखद मौत से पहले बहुत कुछ पाने के हकदार थे। सभी न्यूयॉर्क वासियो की ओर से, मै चाहता हूं कि हमारा सिख समुदाय यह जाने कि हमारे पास आपके लिए संवेदनाएं जताने से कही अधिक है। आपके लिए हमारी यह दृढ़ प्रतिबद्धता है कि हम उस नफरत को अस्वीकार करते है, जिसने इस बेकसूर की जान ले ली और हम आपकी रक्षा करेंगे। उन्होने कहा, इस चुनौतीपूर्ण पल मे इस महत्वपूर्ण समुदाय की जरूरतो पर चर्चा करने के लिए हमारी टीम इस सप्ताह सिख नेताओं के साथ बैठक करेगी।

## पाक सुप्रीमकोर्ट ने सैन्य अदालत में आम नागरिकों के खिलाफ मुकदमा चलाने को अमान्य करार दिया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को सैन्य अदालतो मे आम नागरिको के खिलाफ मुकदमा चलाने को अमान्य घोषित कर दिया। उच्चतम न्यायालय ने अधिकारियो को नौ मई को हुए हिसक विरोध प्रदर्शन मे शामिल होने के आरोप मे गिरफ्तार किए गए पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के समर्थको के मामलो की सुनवाई सामान्य अदालतो मे करने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति इजाजुल अहसन के नेतृत्व वाली पांच सदस्ईय पीठ ने अपने संक्षिप्त फैसले मे आदेश दिया कि सेना अधिनियम के तहत गिरफ्तार102 आरोपियो पर आपराधिक अदालत मे मुकदमा चलाया जाए। इससे पहले अदालत ने दिन के दौरान मामले मे फैसला सुरक्षित रख लिया था।न्यायमूर्ति अहसन, न्यायमूर्ति मुनीब अख्तर, न्यायमूर्ति याह्या अफरीदी, न्यायमूर्ति मजाहिर नक्वी और न्यायमूर्ति आयशा मलिक की पीठ ने नौ मई को पूर्व प्रधानमंत्री खान की गिरफ्तारी के बाद देश मे अभूतपूर्व हिंसा के बाद सैन्य अदालतो मे 100 से अधिक आम नागरिको के खिलाफ मुकदमा चलाने को चुनौती देने वाली कई याचिकाओ पर अपना फैसला सुनाया।

**PUBLIC NOTICE**
It is to inform to the public at large that **Mr. Chirag Jain is purchasing** the Entire Third floor, with roof rights "said floor" part of Property bearing No. C-46/1-F, Old Plot No. 10, area measuring 100 Sq., Yds., Situated in the area of Village Ghondli, in the abadi of East Azad Nagar, Gali No. 5, Illaqa Shahdara, Delhi.-110015 purchased from Mr. Nishant Maskeen (undivided 50 % share) and Mr. Ved Parkash Singh(undivided 50% share) Who is recorded owner vide Sale deed dated 06.05.2022 Document No. 4246, in Book No.1, Volume No. 3172, on Pages 155 to 164, on dated 06.05.2022, Sub Registrar IV B Vivek Vihar and same to be finance & mortgage by Aditya Birla Housing Finance Limited, That the Surviving Member Certificate (SMC) of Late Mr. Rakesh Jainis Lost/ Misplaced/Not available. To comply the requirements of BANK/NBFC, we give this public notice that if any Person having any type of claim /right/title/interest/ creating mortgage over the said property, may inform in writing, at the address mentioned below, about his objections, within **7 days** from today, failing which it shall be presumed that the said property is free from all type of Encumbrances, lien etc. **Lucem Legal LLP**
**B-93B, Second Floor, Opp. SBI Bank, Sector 2 Noida, UP-201301, Contact # 0120-4269379**

**PUBLIC NOTICE**
To be known to all that I, Iris Scott W/o Late Sh. V.P. Scott, Cont. 7303070600, Email: deepakscott@gmail.com, R/o. 140, Pocket 6, Sector-23, Rohini, Delhi-110085, has applied for the conversion of aforesaid property. The original documents like Demand cum Allotment letter, Payment deposit challan, DDA Possession letter, Site Possession letter, Electricity & Water connection NOC issued by DDA of aforesaid property has been lost. An F.I.R to this effect has been lodged in police station on dated 28/09/2023. Any person(s) claiming any right, having any objection or found in possession of original document may write/contact with above named person at above address within 15 days from the date of publication of this notice & can personally contact- Deputy Director (LAB housing) MIG, D- Block, 3rd Floor, DDA Vikas Sadan, INA, New Delhi

**PUBLIC NOTICE**
Notice is hereby given that my client Suman Gupta is in process to purchase the First Floor without Roof Rights (Said Floor) built on Property bearing No. WZ-1190, area measuring 210 sq. yds., out of Khasra No. 305, Situated in the area of Village Nangal Raya, Colony known as Nangal Raya, New Delhi (availing loan from Piramal Capital & Housing Finance Limited) from Mohit Gupta, acquired the said property vide Gift Deed dated 15.11.2010 (Doc. No. 14246) executed by Smt. Inderraj Wati
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.
**Kamal Kant Gupta (Advocate)**
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

**PUBLIC NOTICE**
Notice is hereby given that my client **Namita Yadav** is in process to avail the LAP from **Shriram Housing Finance Ltd.** against her Third Floor With Roof Rights of Property Bearing No. RZ-39/T, Area Measuring 110 Sq. Yds. Out of Khasra no. 64/1/2, Situated in Revenue estate of Village Palam, Delhi State Delhi Colony known as Raj Nagar-I, Palam Colony New Delhi-110045, and whereas she has lost one Original Sale Deed dated 16.06.2016 executed by Archana Sharma in favour of Jogender Singh. (Doc. No. 4717) pertaining to the said property (online FIR has already been lodged in lieu of that on dated 12/10/23)
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned. **Kamal Kant Gupta (Advocate)**
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

**ओके प्ले इंडिया लिमिटेड**
सीआईएन : एल28219एचआर1988पीएलसी030347
पंजी. कार्यालय : 17–18, रोज़–का–मेयो इंडस्ट्रियल एस्टेट, तहसील नूह, जिला मेवात, हरियाणा–122103
वेबसाइट : www.okplay.in ई–मेल : info@okplay.in
फोन : 011 46190000 फैक्स : 011 46190090
**सूचना**
सेबी (सूचीयन दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 29 के साथ पठित विनियम 47 के अनुसरण में एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक बृहस्पतिवार, 09 नवम्बर, 2023 को आयोजित की जाएगी, जिसमें (प) 30 सितम्बर, 2023 को समाप्त तिमाही और अर्द्ध वर्ष हेतु कम्पनी के अ–लेखापरीक्षित (पृथक्कृत और समेकित) वित्तीय परिणाम (पप) कम्पनी के संस्था ज्ञापन के पूंजी क्लॉज के संशोधन द्वारा रू. 10/– प्रत्येक के, पूर्ण चुकता, विद्यमान इक्विटी शेयर्स के उप–विभाजन/विखंडन विचारित और अनुमोदित किया जाएगा।
वास्ते ओके प्ले इंडिया लिमिटेड
हस्ता/–
तिथि : 23–10–2023 मीनू गोस्वामी
स्थान : नई दिल्ली कम्पनी सचिव

**PUBLIC NOTICE**
Notice is hereby given that my client Gagan Goyal & Mrs. Ankita Goyal are in process to purchase the DDA Janta Flat No. 906, on First Floor, in Pocket-B, Category-A, Group-2, situated at Sector-16-B, Dwarka, Phase-II, New Delhi (availing loan from Piramal Capital & Housing Finance Limited) from Ruchika Sharma and whereas she has lost the following documents pertaining to the said property (online FIR has already been lodged in lieu of that on dated 1/7/23)
a) Original Allotment Cum Demand Letter dated 08-04-05 issued by DDA in favour of Philonina Alosious
b) Original Transfer of Allotment Letter issued by DDA in favour of Jasmine Alosious
c) Original Conveyance Deed dated 23-11-07 executed by the President of India through DDA in favour of Ms. Jasmine Alosious (Doc No. 21962)
d) Original Sale Deed dated 14-12-2007 executed by Ms. Jasmine Alosious in favour of Mr. Vijay Sethi (Document No. 21962)
e) Original Sale Deed dated 26-02-2008 executed by Mr. Vijay Sethi in favour of Anita Kohli (Document No. 4282)
f) Original Sale Deed dated 08-10-2010 executed by Mrs. Anita Kohli in favour of Mr. Manoj Kumar Pandey (Document No. 25803).
g) Original Sale Deed dated 23-07-2012 executed by Mr. Manoj Kumar Pandey in favour of Mrs. Seema Bhaskar (Document No. 18768)
All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.
**Kamal Kant Gupta (Advocate)**
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

## तुर्किए के राष्ट्रपति ने स्वीडन की नाटो की सदस्यता अनुमोदन के लिए प्रोटोकॉल पेश किया

**अंकारा।** तुर्किए के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) मे स्वीडन को शामिल किए जाने के संबंध मे तुर्किए की संसद मे अनुमोदन के लिए एक प्रोटोकॉल प्रस्तुत किया है। राष्ट्रपति कार्यालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। एर्दोआन स्वीडन की नाटो सदस्यता के अनुमोदन मे कथित तौर पर देरी कर रहे है। उन्होने स्टॉकहोम पर कुर्द उग्रवादियो और अन्य समूहो के प्रति नरम रवैया अपनाने का आरोप लगाया था। राष्ट्रपति एर्दोआन इन समूहो को सुरक्षा के लिए खतरा मानते है। नाटो के सभी 31 सहयोगियो को स्वीडन की सदस्यता का समर्थन करना होगा। तुर्किए और हंगरी ने अभी तक इसका अनुमोदन नही किया है।

## भारत-पाकिस्तान बंटवारे के 76 साल बाद करतारपुर में मिले चचेरे भाई-बहन

**लाहौर।** भारत और पाकिस्तान के विभाजन के दौरान 76 साल पहले अलग हुए एक भाई और बहन ऐतिहासिक करतारपुर गलियारे मे एक बार फिर से मिल सके। उनका यह मिलन सोशल मीडिया की वजह से संभव हुआ। पाकिस्तान के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। मोहम्मद इस्माइल और उनकी बहन सुरिंदर कौर पाकिस्तान तथा भारत के अपने-अपने शहरो से करतारपुर मे गुरुद्वारा दरबार साहिब पहुंचे और रविवार को उनका भावनात्मक पुनर्मिलन हुआ। दोनो की उम्र करीब 80 साल है। इवेक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के एक अधिकारी ने पीटीआई को बताया कि करतारपुर साहिब के प्रशासन ने चचेरे भाई-बहन के पुनर्मिलन के लिए सुविधा प्रदान की। इस्माइल लाहौर से लगभग 200 किलोमीटर दूर पंजाब के साहीवाल जिले से है जबकि सुरिंदर कौर जालंधर से है। इस्माइल और सुरिंदर कौर के परिवार विभाजन से पहले जालंधर जिले के शाहकोट शहर मे रहा करते थे जब दंगो ने उन्हे अलग कर दिया।

## नेपालः राजदेवी मंदिर में लोगों ने 15 हजार से अधिक बकरों की बलि दी

**काठमांडू।** नेपाल के जनकपुर शहर मे स्थित राजदेवी मंदिर मे दशईं उत्सव के आठवे व नौवे दिन नेपाल और भारत के हजारो लोगो ने 15 हजार से ज्यादा बकरो की बलि दी। मंदिर के पदाधिकारियो ने सोमवार को यह जानकारी दी। दशईं 10 दिवसीय उत्सव है, जिसे पूरे नेपाल मे देवी दुर्गा की अराधना के लिए मनाया जाता है और विजय दशमी इस उत्सव का अंतिम दिन होता है। उत्सव का आठवां और नौवां दिन अष्टमी और नवमी के रूप मे मनाया जाता है तथा दोनो ही दिन एक समान माने जाते है। दोनो दिन लोग पशु बलि देते है। भारत के कई राज्यो मे इस तरह के रिवाजो पर प्रतिबंध के कारण बड़ी संख्या मे भारतीय हिंदू बलि देने के लिए उत्सव के दौरान नेपाल स्थित मंदिर आते है।

## श्रीलंका के राष्ट्रपति ने अपनी कैबिनेट में पहला फेरबदल किया

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने सोमवार को अपनी कैबिनेट मे पहला फेरबदल करते हुए दो मंत्रियो के विभाग बदल दिए। उन्होंने विपक्ष की इस आलोचना के बीच यह कदम उठाया है कि उनकी योजना नकदी संकट से जूझ रहे देश मे अगले साल होने वाले चुनावो को स्थगित करने की है ।स्वास्थ्य मंत्री केहेलिया रामबुक्वेला को अब पर्यावरण विभाग का जिम्मा सौंपा गया है। उनके कामकाज के तरीके को लेकर कई हफ्तो से जनता मे असंतोष था। रामबुक्वेला (69) के खिलाफ अक्षमता, भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए विपक्ष ने संसद मे उनके खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव भी पेश किया था लेकिन वह उसमे बच गए थे।

# गोपनीय जानकारी लीक मामले में इमरान व महमूद पर आरोप तय

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान की** एक विशेष अदालत ने गोपनीय राजनयिक दस्तावेज (सिफर) लीक करने और देश के गोपनीयता कानून का उल्लंघन करने से जुड़े मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी पर सोमवार को आरोप तय किए। इमरान (71) को पिछले साल मार्च में वाशिंगटन स्थित पाकिस्तानी दूतावास द्वारा भेजे गए एक गुप्त राजनयिक दस्तावेज (सिफर) को लीक करके आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम का उल्लंघन करने के आरोप में मामला दर्ज होने के बाद इस वर्ष अगस्त में गिरफ्तार किया गया था। संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने 30 सितंबर को खान और कुरैशी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था, जिन्होंने इसकी प्रतियों पर हस्ताक्षर किए थे। एफआईए ने आरोप पत्र में आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम की धारा 5 और 9 को शामिल किया है, जिसके तहत दोषी पाए जाने पर मौत की सजा या दो से 14 साल की कैद हो सकती है।इमरान के वकील उमैर नियाजी ने मीडिया से कहा कि उनके मुवक्किल ने अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने बताया कि निचली अदालत के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी जाएगी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख इमरान ने उक्त दस्तावेज का इस्तेमाल यह बताने के लिए किया था कि उनकी सरकार एक विदेशी साजिश के परिणामस्वरूप गिरा दी गई थी। विशेष अदालत के न्यायाधीश अबुल हसनत जुल्करनैन ने रावलपिंडी की अडियाला जेल में मामले की सुनवाई की। आरोप तय किए जाने के बाद विशेष अदालत ने कार्यवाही 27 अक्टूबर तक के लिए टाल दी, जब वह औपचारिक रूप से मामले की सुनवाई शुरू करेगी। संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) के विशेष अभियोजक शाह खावर ने मीडिया से कहा, चूंकि, आज की सुनवाई में सिर्फ आरोप तय किए जाने थे, इसलिए आदेश खुली अदालत में पढ़ा गया। वहीं, नियाजी ने कहा कि इमरान ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने पीटीआई प्रमुख के हवाले से कहा कि उनके (इमरान) खिलाफ साजिश रची गई, उनकी सरकार गिरा दी गई और जिस बैठक पर सवाल उठाए जा रहे हैं, उसका कोई ब्योरा उपलब्ध नहीं है। नियाजी ने कहा कि इमरान को लंदन प्लान के बारे में पहले से ही पता है, जिसका मकसद पीटीआई को खत्म करना है। नवाज शरीफ अंपायर के साथ मिलकर खेलते हैं। वह तब तक चुनाव नहीं लड़ सकते, जब तक उन्हें अपनी पसंद का अंपायर न मिल जाए। नियाजी के मुताबिक, इमरान का यह भी कहा है कि अगर किसी बड़े चोर को आजाद करना है, तो अडियाला जे में बंद आरोपी को भी रिहा किया जाना चाहिए। इमरान की विधि टीम में ाामिल वकील उस्मान रियाज गुल ने कहा कि उन्होंने अदालत को सूचित किया है कि भले ही अभियोग की तारीख तय हो गई हो, लेकिन गवाहों के पूरे बयान और केस मेमो प्राप्त होने तक संदिग्धों पर आरोप तय नहीं किए जा सकते। गुल ने कहा कि अदालत ने बचाव पक्ष की आपत्तियां खारिज कर दीं और इमरान तथा कुरैशी पर आरोप तय कर दिए। पीटीआई प्रमुख और कुरैशी ने स्पष्ट किया है कि वे तब तक आरोपों पर प्रतिक्रिया नहीं दे सकते, जब तक कि उन्हें मामले से जुड़े सभी दस्तावेज हासिल नहीं हो जाते। डियाला जेल में व्यायाम के लिए साइकिल उपलब्ध कराने की पीटीआई प्रमुख की गुजारिश स्वीकार कर ली गई है।



## नवाज शरीफ ने सजा के खिलाफ लंबित अपीलों को नए सिरे से दायर किया

**इस्लामाबाद।** पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने पाकिस्तान लौटने पर एवेनफील्ड अपार्टमेंट और अल-अजीजिया भ्रष्टाचार मामलो मे अपनी सजा के खिलाफ लंबित अपीलो को सोमवार को नए सिरे से इस्लामाबाद उच्च न्यायालय मे दायर किया। तीन बार के प्रधानमंत्री और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के प्रमुख 73 वर्षीय शरीफ लंदन मे आत्म-निर्वासन मे चार साल बिताने के बाद शनिवार को पाकिस्तान लौट आए। पूर्व कानून मंत्री आजम तरार और वकील अमजद परवेज ने शरीफ की ओर से उच्च न्यायालय मे याचिकाएं दायर की। उच्च न्यायालय ने 19 अक्टूबर को शरीफ को 24 अक्टूबर तक दोनो मामलो मे गिरफ्तारी से संरक्षण प्रदान किया था ताकि वह गिरफ्तारी के डर के बिना अदालत मे पेश हो सके। अपनी याचिकाओ मे, शरीफ ने अनुरोध किया कि उनकी दोषसिद्धि के खिलाफ अपील पर नए सिरे से सुनवाई की जानी चाहिए और कानून के अनुसार उचित फैसला किया जाना चाहिए।

## फिलीपीनी जहाजों को चीन के टक्कर मारने की घटनाः अमेरिका ने फिलीपीन की रक्षा करने की प्रतिबद्धता जताई



भाषा। मनीला

**दक्षिण चीन** सागर में फिलीपीन के तटरक्षक पोत को चीनी तटरक्षक बल के जहाज द्वारा टक्कर मारे जाने की घटना के एक दिन बाद सोमवार को अमेरिका ने कहा कि वह 1951 की संधि के तहत सशस्त्र हमले की स्थिति में अपने सहयोगी फिलीपीन की रक्षा करेगा। फिलीपीन ने सोमवार को चीनी दूतावास के एक अधिकारी को तलब कर इस घटना पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। अधिकारियों ने बताया कि सेकंड थॉमस शोल के पास हुई इन घटनाओं में कोई हताहत नहीं हुआ है। इस घटना में फिलीपीनी तटरक्षक बल का एक जहाज और एक नौका क्षतिग्रस्त हुई। तटरक्षक कोमोडोर जे तारिएला ने कहा कि लगभग पांच चीनी तट रक्षक जहाजों, आठ अन्य जहाजों और नौसेना के दो जहाजों ने फिलीपीन के दो तट रक्षक जहाजों और दो नौकाओं को फिलीपीन की नौसेना के एक फंसे हुए जहाज को सेकंड थॉमस शोल पर तैनात फिलीपीनी बलों को भोजन और अन्य आपूर्ति पहुंचाने से रोकने के लिए रविवार को नाकाबंदी की। गतिरोध के दौरान, फिलीपीनी तट रक्षक जहाजों में से एक और एक आपूर्ति नौका को एक चीनी तट रक्षक जहाज और एक अन्य जहाज ने अलग-अलग टक्कर मार दी थी।तारिएला ने कहा कि दो फिलीपीनी नौकाओं में से केवल एक ही फिलीपीनी बलों को आपूर्ति पहुंचाने में कामयाब रही।

# बांग्लादेश में ट्रेन दुर्घटना में 20 लोगों की मौत, अनेक घायल

भाषा। ढाका




**बांग्लादेश** में सोमवार को एक यात्री ट्रेन और एक मालगाड़ी के बीच टक्कर होने से कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई और अनेक यात्री घायल हो गए। भैरब रेलवे थाने के ड्यूटी अधिकारी सिराजुल इस्लाम ने मीडिया को बताया कि दुर्घटना तब हुई जब चटोग्राम की ओर जा रही मालगाड़ी किशोरगंज में स्थानीय समयानुसार अपराह्न करीब 3.30 बजे ढाका आ रही एगारो सिंदुर एक्सप्रेस से टकरा गई। विशिष्ट अपराध रोधी रैपिड एक्शन बटालियन के एक अधिकारी ने संवाददाताओं से कहा, अब तक 20 शव बरामद किए गए हैं। हम राहत अभियान में हरसंभव मदद कर रहे हैं। मौके पर मौजूद अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने कहा कि तीन यात्री डिब्बे पलट गए और आशंका है कि कई लोग डिब्बों के मलबे के नीचे फंसे हुए हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि लगभग 100 यात्रियों को घायल अवस्था में बचा लिया गया और विभिन्न अस्पतालों में ले जाया गया है। अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने घटनास्थल पर संवाददाताओं से कहा कि बचाव प्रक्रिया के दौरान और अधिक शव तथा घायल लोग मिल सकते हैं। क्रेन के साथ एक बचाव ट्रेन दुर्घटनास्थल के लिए रवाना हो गई है। बांग्लादेश अग्निशमन सेवा एवं नागरिक सुरक्षा मीडिया प्रमुख शाहजहाँ सिकदर ने कहा कि अग्निशमन सेवा की एक दर्जन से अधिक इकाइयां बचाव अभियान चला रही हैं। ढाका रेलवे पुलिस अधीक्षक अनवर हुसैन के हवाले से समाचार पोर्टल बीडीन्यूज24 ने कहा, "प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार मालगाड़ी ने एगारो सिंदुर एक्सप्रेस को पीछे से टक्कर मार दी।"

# अत्यधिक स्क्रीन समय न्यूरोलॉजिकल व समाजीकरण को पहुंचा रहे हानि

● हृदय क्षतिः बच्चों के स्क्रीन समय में कटौती का एक और कारण

भाषा। बार्सीलोना



**बचपन के दौरान** लंबे समय तक स्क्रीन के उपयोग के प्रभावों का हाल के वर्षों में बड़े पैमाने पर अध्ययन किया गया है। साक्ष्य इंगित करते हैं कि अत्यधिक स्क्रीन समय न्यूरोलॉजिकल विकास और समाजीकरण दोनों के लिए हानिकारक है। ऐसा इसलिए है क्योंकि, अन्य बातों के अलावा, वे हमें अपने परिवेश से अलग कर देते हैं, जिससे इनकी लत लग जाती है, जिसके लिए अक्सर मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर के हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है।इसके अतिरिक्त, स्क्रीन का उपयोग बचपन में व्यक्तित्व निर्माण के शुरुआती चरणों में तंत्रिका-संज्ञानात्मक सीखने के विकारों का कारण बन सकता है। लेकिन सबसे बढ़कर, बचपन और किशोरावस्था के दौरान टेलीविजन, वीडियो गेम, मोबाइल फोन और टैबलेट के सामने अत्यधिक समय बिताने से एक गतिहीन जीवन शैली पैदा होती है। वास्तव में, स्क्रीन के अत्यधिक उपयोग और बच्चों में गतिहीन जीवन शैली में वृद्धि के बीच पहले से ही एक सिद्ध संबंध है। अब बच्चों के टीवी, वीडियो गेम और मोबाइल फोन के सामने बिताए जाने वाले समय को सीमित करने के इन सभी कारणों में एक नया आयाम जुड़ सकता है। कुओपियो में पूर्वी फिनलैंड विश्वविद्यालय में एंड्रयू एग्बाजे के नेतृत्व में और यूरोपियन सोसाइटी ऑफ कार्डियोलॉजी कांग्रेस 2023 में प्रस्तुत एक नए अध्ययन के अनुसार, गतिहीन बच्चों में शुरुआती वयस्कता में हृदय क्षति का खतरा बढ़ जाता है। दूसरे शब्दों में, शैशवावस्था के दौरान निष्क्रियता जीवन में बाद में दिल के दौरे और स्ट्रोक के लिए मंच तैयार कर सकती है, भले ही वजन और रक्तचाप सामान्य सीमा के भीतर हो। अत्यधिक स्क्रीन समय हृदय के वजन को बढ़ाता है। अनुसंधान ने हृदय पर गतिहीन समय के संचई प्रभावों का विश्लेषण किया, जिसमें 90 के दशक के बच्चों से डेटा लिया गया, यह एक ऐतिहासिक बहु-पीढ़ीगत अध्ययन है जो अपनी व्यापकता और दायरे की गहराई में अद्वितीय है। इसने 1990 और 1991 में पैदा हुए 14,500 शिशुओं के वयस्क जीवन तक उनके स्वास्थ्य और जीवनशैली पर नज़र रखी। अध्ययन में जिन बच्चों को शामिल किया गया, उनमें से 766 (55 प्रतिशत लड़कियों और 45 प्रतिशत लड़कों) को 11 साल की उम्र में एक स्मार्ट घड़ी पहनने के लिए कहा गया, जो सात दिनों तक उनकी गतिविधि पर नजर रखती थी। 15 साल की उम्र में उन्हें इसे दोहराने के लिए कहा गया, और फिर 24 साल की उम्र में।

## शिक्षा में प्रकृति को शामिल करने से कौशल निर्माण और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार संभव

**ओंटारियो।** क्या झील के किनारे लकड़ी का चम्मच गढ़ना कनाडाई विश्वविद्यालयो मे मानसिक स्वास्थ्य संकट का जवाब हो सकता है और वैश्विक वहनीयता भी दे सकता है? स्पष्ट रूप से, नही। हालाँकि, हमारे शोध से पता चला है कि प्रकृति-आधारित शिल्प और कौशल का उपयोग कैंपस मे लगातार बढ़ते मानसिक स्वास्थ्य के संकटो को संबोधित करने की कुंजी हो सकता है क्योकि हमारी दुनिया वहनीयता को लेकर संघर्ष कर रही है। प्रकृति आधारित शिक्षा-वाटरलू विश्वविद्यालय मे हम लैंड स्किल्स फॉर वेलनेस एंड सस्टेनेबिलिटी नामक अपनी नई पहल के हिस्से के रूप मे कर्मचारियो और छात्रो के लिए कार्यशालाओ की एक श्रृंखला चला रहे है। वाटरलू विश्वविद्यालय अक्सर अपने विज्ञान, इंजीनियरिंग और तकनीकी विशेषज्ञता के लिए जाना जाता है, लेकिन इस पहल का उद्देश्य प्रतिभागियो को भूमि और प्रकृति से फिर से जोड़कर कल्याण का समर्थन करना और स्थाई व्यवहार के बारे मे चर्चा को बढ़ावा देना है। स्थानीय शिल्पकारो के नेतृत्व मे कार्यशालाएँ चम्मच नक्काशी, टोकरी बुनाई, प्रकृति बुनाई, हर्बल चाय तैयार करना, प्रकृति कनेक्शन वॉक और स्कैचिंग पर केंद्रित है। इनमे से प्रत्एक गतिविधि मे संवेदी संबंध, प्राकृतिक सामग्री के साथ संबंध निर्माण और हाथो और सरल उपकरणो के साथ शिल्प बनाने की शक्ति, ऐसे कौशल मे संलग्न होने पर जोर दिया गया है ।

# छत्तीसगढ़ में 175 करोड़ रुपए का चावल घोटाला: ईडी

● प्रवर्तन निदेशालय ने कहा, भुगतान ऊंचे पदों पर बैठे लोगों के लिए किया गया

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को चुनावी राज्य छत्तीसगढ़ में एक और घोटाले का आरोप लगाया है। इस सिलसिले में उसने दावा किया है कि छत्तीसगढ़ मार्कफेड के पूर्व प्रबंध निदेशक और एक स्थानीय चावल मिल मालिक एसोसिएशन के एक पदाधिकारी ने ऊंचे पदों पर बैठे लोगों के फायदे के लिए 175 करोड़ रुपए की रिश्वत जुटाई।

पिछले कुछ महीनों में ईडी ने कोयला लेवी, शराब शुल्क और एक अवैध ऑनलाइन जुआ ऐप से जुड़े घोटाले का पर्दाफाश करने का दावा किया है। राज्य में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार है।ईडी ने दावा किया है कि इन सभी प्रकरणों में स्थानीय नेताओं और नौकरशाहों की मिलीभगत से करोड़ों रुपए की रिश्वत राशि जुटाई गई। उसने अब तक उपरोक्त मामलों में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के कई अधिकारियों, एक पुलिस अधिकारी और कुछ अन्य को गिरफ्तार किया है। ईडी ने एक बयान में आरोप लगाया कि धान से चावल निकालने की प्रक्रिया पर प्रोत्साहन राशि से जुड़े नवीनतम घोटाले में उसे 20-21 अक्टूबर को मार्कफेड के पूर्व प्रबंध निदेशक मनोज सोनी, राज्य धान मिल मालिक संघ के कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर समेत उसके कुछ पदाधिकारियों, जिला विपणन अधिकारियों (डीएमओ), कुछ मिल मालिकों के खिलाफ तलाशी के बाद इसी तरह की साठगांठ का पता चला। उसने कहा कि धनशोधन रोकथाम अधिनियम के तहत उसकी आपराधिक कार्वाई राज्य की राजधानी रायपुर में एक अदालत में आयकर विभाग द्वारा दर्ज शिकायत पर आधारित है। कर विभाग ने आरोप लगाया था कि छत्तीसगढ़ धान मिल मालिक एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने राज्य विपणन फेडरेशन लिमिटेड (मार्कफेड) के अधिकारियों के साथ साठगांठ की तथा उस विशेष प्रोत्साहन राशि का दुरूपयोग करने की साजिश रची जो धान से चावल निकालने की प्रक्रिया पर मिल मालिकों को राज्य सरकार द्वारा प्रति क्विंटल चावल पर 40 रुपए के रूप में दी जाती है। छत्तीसगढ़ को चावल के अधिक उत्पादन के लिए धान का कटोरा कहा जाता है।ईडी ने कहा कि 40 रुपए की इस राशि को काफी बढ़ाकर 120 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया तथा उसका भुगतान 60-60 रुपए की दो किश्तों में किया जाता था।ईडी ने कहा, अपने कोषाध्यक्ष चंद्राकर के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ चावल मिल मालिक एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने मार्कफेड के प्रबंध निदेशक सोनी के साथ मिलीभगत की तथा मिल मालिकों से धान से चावल निकालने पर प्रति क्विंटल पर 20 रुपए की रिश्वत वसूलना शुरू किया।

## महुआ मोइत्रा के साथ अपने चित्रों को लेकर थरूर ने दी सफाई

**भाषा।** कोट्टयम



**कांग्रेस** सांसद शशि थरूर ने उन तस्वीरों को काटकर इंटरनेट पर प्रसारित किए जाने की सोमवार को आलोचना की, जिनमें उन्हें तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के साथ देखा जा सकता है। उन्होंने इसे ओछी राजनीति करार दिया। तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस के लोकसभा सदस्य थरूर ने कहा कि वह मोइत्रा के जन्मदिन की पार्टी में शामिल हुए थे, जिसमें उनकी बहन समेत करीब 15 लोग मौजूद थे। थरूर ने कहा कि जन्मदिन पार्टी में ली गई तस्वीर को काटकर (क्रॉप करके) उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा, यह ओछी राजनीति है। यह उस बच्ची (महुआ) की जन्मदिन पार्टी थी। माना वह बच्ची नहीं है, लेकिन मेरे लिए वह उसी तरह है। वह सांसद (महुआ), मुझसे 20 साल छोटी हैं। थरूर ने कहा, उनकी जन्मदिन पार्टी में करीब 15 लोग शामिल हुए थे, जिनमें मेरी बहन भी थीं। पूरी तस्वीर दिखाने के बजाय वे लोग उसके कटे हुए हिस्से को प्रसारित कर रहे हैं। कांग्रेस सांसद ने कहा कि वह इस तरह के लोगों को तवज्जो नहीं देते और जनता के लिए काम करने में व्यस्त रहते हैं। उन्होंने कहा, वे इसे निजी मुलाकात की तरह दिखा रहे हैं, अगर ऐसा था तो, फिर तस्वीर किसने खींची। मोइत्रा ने भी पहले कहा था कि भारतीय जनता पार्टी की ट्रोल सेना द्वारा सोशल मीडिया पर डाली जा रहीं उनकी कुछ निजी तस्वीरों को देखकर उन्हें हंसी आ रही है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, मुझे सफेद ब्लाउज से ज्यादा हरी ड्रेस पहनना बेहतर लगता है। और तस्वीर काटने की क्या जरूरत है। रात्रिभोज में शामिल अन्य लोगों को भी तो दिखाया जाए। बंगाल की महिलाएं अपना जीवन जीती हैं।

### कर्ण सिंह ने कार्यकारी समिति से अपना नाम हटाने को कहा

**जम्मू।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कर्ण सिंह ने पार्टी नेतृत्व से जम्मू-कश्मीर इकाई की 22 सदस्ईय कार्यकारी समिति से यह कहते हुए उनका नाम हटाने का आग्रह किया है कि वह कई वर्षो से राज्य की राजनीति मे सक्रिय नही है।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर 92 वर्षीय वरिष्ठ नेता ने यह अनुरोध किया है। कर्ण सिंह ने यह पत्र 21 अक्टूबर को लिखा है।खरगे ने 19 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की 22 सदस्ईय कार्यकारी समिति के गठन को मंजूरी दी थी जिसमे कर्ण सिंह और सैफुद्दीन सोज़ के साथ-साथ पार्टी के वरिष्ठ नेता गुलाम अहमद मीर, तारिक हमीद कर्रा और तारा चंद शामिल थे।सिंह ने खरगे को लिखे पत्र मे कहा, मेरा नाम पुनर्गठित जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कार्यकारी समिति मे शामिल किया गया है।

### संगीत में सुन सकेंगे रुद्राष्टकम श्लोक

**मुंबई।** प्रतिभाशाली विक्रम मॉन्ट्रोस ने पॉप भक्ति ट्रैक, भोले भोले को रिलीज़ किया है। एक ऐसा गीत जो रुद्राष्टकम श्लोक के कालातीत छंदों को एक सशक्त धुन के साथ जोड़ता है। भोले भोले श्रोताओं को अपनी आंतरिक शक्ति का उपयोग करने और जीवन की चुनौतियों पर काबू पाने के लिए आमंत्रित करता है। यह शक्ति और अनुग्रह के साथ प्रतिध्वनित होता हैए प्रत्येक स्वर में शिव की दिव्य ऊर्जा को समाहित करता है। विक्रम मॉन्ट्रोस द्वारा रचित लिखित और गाया गया भोले भोले एक ट्रांसफॉर्मेटिव एक्सपीरियंस है। गाने की मनमोहक धुन आपकी आत्मा को छूने के लिए तैयार हैए अपने शक्तिशाली बोल और विचारोत्तेजक कल्पना के साथ आपकी आत्माओं को ऊपर उठाती है। सिंगर कम्पोजर और लिरिस्ट विक्रम मॉन्ट्रोस ने कहा कि मैं भोले भोले को दुनिया के साथ शेयर करने के लिए उत्साहित हूं।

### भारत, मलेशिया ने मेघालय में दो सप्ताह का सैन्य अभ्यास शुरू किया

**नई दिल्ली।** भारत और मलेशिया की सेनाओं ने दोनों पक्षों के बीच अभियानगत सहयोग बढ़ाने के उद्देश्य से सोमवार को मेघालय के उमरोई मे दो सप्ताह का सैन्य अभ्यास शुरू किया।मलेशियाई सैन्य टुकड़ी मे उसकी पांचवी शाही बटालियन के सैनिक शामिल है, जबकि हरिमऊशक्ति अभ्यास मे भारतीय सेना की राजपूत रेजिमेंट के कर्मी हिस्सा ले रहे है।सैन्य अभ्यास का पिछला संस्करण नवंबर 2022 मे मलेशिया मे क्लुआंग के पुलाई क्षेत्र मे आयोजित किया गया था। भारतीय सेना के मुताबिक, इस अभ्यास का उद्देश्य उप-परंपरागत परिदृश्य मे विभिन्न अभियानो के संचालन के लिए सैन्य क्षमता को बढ़ाना है।

### फ्यूजन संगीत में दिखेगी पंजाब की संस्कृति

**चंडीगढ़।** ट्रेडिशन और कंटेम्परेरी स्टाइल के शानदार फ्यूजन में सिंगर सॉन्ग राइटर सिमरन चौधरी पंजाब की संस्कृति का गीत गाएंगे। एल्बम में छह ट्रैक हैं , माहिया मन्दा नहीं, आ ग्या नीए रामलीला, दब्बियां, मेरा रांझणा और आ ग्या नी 2.0, इनमें से सभी पंजाब की समृद्ध संगीत विरासत और मॉर्डन पॉप कल्चर का खूबसूरत का प्रमाण है। मॉर्डन ट्विस्ट के साथ ट्रेडिशन का अनूठा मिश्रण सिमरन को पॉप की क्वीन के सिंहासन तक ले जाता है। फ़ॉल्किन रानी में सिमरन चौधरी ने न केवल अपनी आवाज दी हैं बल्कि राजा के साथ कम्पोजिशन में भी कोलैब्रेट किया है। टैलेंटेड अदन द्वारा प्रड्यूज राजा के लिरिक्स इस म्यूजिकल जर्नी का एक अभिन्न अंग हैंए इसके लिरिक्स पंजाबी डीएनए झलकता है जो सिमरन की आर्टिस्ट्री को परिभाषित करता है। फोल्किन रानी संस्कृति, पहचान और संगीत की असीमित संभावनाओं का उत्सव है।

### राजा सिंह का निलंबन रद्द होने को लेकर ओवैसी ने भाजपा पर साधा निशाना

**भाषा।** हैदराबाद

**ऑल इंडिया** मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने तेलंगाना के विधायक टी राजा सिंह का निलंबन रद्द किए जाने की निंदा की है, जिनके खिलाफ पार्टी ने पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी करने के कारण पिछले साल कार्वाई की थी। ओवैसी ने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में नफरत फैलाने वाला भाषण तुरंत पदोन्नति पाने का सबसे आसान तरीका है। ओवैसी नेसिंह का निलंबन रद्द किए जाने के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, नरेन्द्र मोदी ने अपने प्रिय फ्रिंज एलिमेंट को पुरस्कृत किया है। भाजपा की तेलंगाना इकाई के प्रमुख जी किशन रेड्डी ने कहा था कि भाजपा नेतृत्व ने तेलंगाना की निवर्तमान विधानसभा में हैदराबाद के गोशामहल से विधायक राजा सिंह के निलंबन को पार्टी द्वारा पहले जारी कारण बताओ नोटिस के जवाब में उनकी तरफ से दिए गए स्पष्टीकरण पर विचार करने के बाद रद्द कर दिया है।

## आइए देश की समृद्धि, वंचितों की भलाई के लिए मिलकर काम करें : राष्ट्रपति मुर्मू

**भाषा।** नई दिल्ली



**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने दशहरा की पूर्व संध्या पर सोमवार को देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और सभी से देश की समृद्धि तथा समाज के सभी वर्गों, विशेषकर वंचितों की भलाई के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लेने को कहा। दशहरा का त्योहार, जिसे विजयादशमी के नाम से भी जाना जाता है, बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने संदेश में कहा, देश के पूर्वी और दक्षिणी राज्य दशहरा को दुष्ट राक्षस महिषासुर पर देवी दुर्गा की जीत के रूप में मनाते हैं, जबकि उत्तरी और पश्चिमी राज्य इस त्योहार को भगवान राम की रावण पर जीत के रूप में मनाते हैं। राष्ट्रपति ने कहा, यह त्योहार हमें बुराई के प्रतीक अहंकार और नकारात्मकता से छुटकारा पाकर सभी के लिए प्रेम और एकता की भावना को अपनाना सिखाता है, जो अच्छाई का प्रतीक है। भगवान राम के मूल्य हमें जीवन की सबसे कठिन परीक्षाओं में, और प्रतिकूल परिस्थितियों में भी धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा, आइए, इस दिन हम देश की समृद्धि और सभी की भलाई, विशेषकर वंचितों के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लें। राष्ट्रपति ने दशहरा के अवसर पर देश और विदेश में रहने वाले सभी भारतीयों को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

### सरकार मराठा समुदाय को आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध : फडणवीस

मुंबई। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार मराठा समुदाय को आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन उसे यह सुनिश्चित करना होगा कि यह कानूनी और संवैधानिक पड़ताल में खरा उतरे। फडणवीस का आश्वासन ओबीसी श्रेणी के तहत मराठा समुदाय के लिए कोटा घोषित करने की मांग को लेकर कार्यकर्ता मनोज जरांगे द्वारा सरकार को दी गई समयसीमा की समाप्ति की पूर्व संध्या पर आया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता ने यह भी कहा कि शिक्षा और सरकारी नौकरियों में कोटा देने पर जल्दबाजी में लिया गया फैसला उच्चतम न्यायालय द्वारा रद्द किया जा सकता है। फडणवीस ने नागपुर में संवाददाताओं से कहा, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने जोर देकर कहा है कि सरकार मराठा समुदाय को आरक्षण देना चाहती है जो कानूनी और संवैधानिक परीक्षण में खरा उतरे। मान लीजिए कि शिक्षा और सरकारी नौकरियों में आरक्षण देने का निर्णय जल्दबाजी में लिया जाता है।

### महाराष्ट्र सरकार को पूरे राज्य को सूखाग्रस्त घोषित करना चाहिए : वडेट्टीवार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नेता प्रतिपक्ष विजय वडेट्टीवार ने सोमवार को मांग की कि सरकार 40 तहसीलों में पानी की कमी को रेखांकित करने के बजाय पूरे राज्य को सूखाग्रस्त घोषित करे। विदर्भ क्षेत्र से ताल्लुक रखने वाले कांग्रेस नेता ने एक बयान में दावा किया कि राज्य के अधिकांश जिलों में औसत से कम बारिश हुई है और सरकार उन किसानों को धोखा दे रही है जिन्हें सहायता की आवश्यकता है। वडेट्टीवार ने कहा, महाराष्ट्र के अधिकांश जिलों में औसत से कम बारिश हुई है।

## 2014 से शुरू शासन सुधारों का सकारात्मक प्रभाव :जितेंद्र सिंह

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय मंत्री** जितेंद्र सिंह ने सोमवार को कहा कि शासन सुधार के लिए 2014 से ही केंद्र द्वारा उठाए जा रहे कदमों का दूरगामी और सकारात्मक सामाजिक असर हो रहा है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रशासनिक पहल, जैसे सेवानिवृत्ति पूर्व परामर्श कार्यशालाएं, अनुभव पुरस्कार और पेंशन अदालत ने हर साल बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को समय पर पेंशन लाभ सुनिश्चित किया है। कार्मिक राज्य मंत्री सिंह ने कहा कि संपूर्ण सरकार का दृष्टिकोण इस तथ्य से स्पष्ट है कि कोविड महामारी के दौरान भी विभाग द्वारा निर्बाध सेवाएं दी गईं और पेंशन भुगतान में देरी का एक भी मामला सामने नहीं आया। उन्होंने कहा, बैंक घर पर ही सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सालाना डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र (डीएलसी) जमा करने की सुविधा प्रदान कर रहे हैं। सिंह ने कहा, अब, भारत सरकार आधार-आधारित चेहरा पहचान तकनीक का उपयोग करने वाली पहली सरकार है। ऐसी प्रौद्योगिकियों के कारण, वरिष्ठ नागरिकों को जीवन प्रमाण पत्र जमा करने की कठिन प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़ता है। अधिकांश कार्यों को ऑनलाइन कर दिया गया है और पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिक भागीदारी लाने के लिए, मानवीय भूमिका को न्यूनतम किया गया है।



रामलीला के दौरान राम के किरदार की आरती उतारते राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव

## कश्मीर घाटी में मनाई गई महानवमी

**भाषा।** श्रीनगर

**कश्मीर घाटी** में दुर्गा महानवमी का पर्व पूरे धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया और लोगों ने एक स्थानीय मंदिर में शांति और समृद्धि के लिए विशेष प्रार्थना की। हरि सिंह हाई स्ट्रीट में हनुमान मंदिर के पुजारी महंत गणेश दास ने पीटीआई-भाषा से कहा, भक्त नवरात्र के दौरान नौ दिन प्रार्थना करते हैं, हवन करते हैं, उपवास रखते हैं और माता लोगों की प्रार्थनाओं को सुनती हैं। वह सभी को आशीर्वाद देती हैं। इन नौ दिनों का बहुत महत्व है। महानवमी के अवसर पर सोमवार को झेलम नदी के तट पर स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। महंत गणेश दास ने कहा, हमने कश्मीर में शांति और सौहार्द के लिए प्रार्थना की और कामना की कि घाटी पर्यटकों से भरा रहे, तथा यहां खुशी, समृद्धि और भाईचारा रहे। प्यारे लाल पंडित नामक एक स्थानीय श्रद्धालु ने कहा, आज (सोमवार) महानवमी मनाई जा रही है। हम खीर बनाते हैं। हम प्रार्थना करते हैं।

## आईएईए महानिदेशक ने की मोदी से मुलाकात

● जिम्मेदार परमाणु शक्ति के रूप में भारत की सराहना की

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रॉसी के साथ मुलाकात में शांति और विकास के लिए परमाणु ऊर्जा के सुरक्षित इस्तेमाल के प्रति भारत की स्थाई प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि ग्रॉसी ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की और एक जिम्मेदार परमाणु शक्ति के रूप में भारत के बेमिसाल रिकॉर्ड की सराहना की तथा साथ ही परमाणु विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में देश की प्रगति की प्रशंसा की। पीएमओ के मुताबिक, उन्होंने विशेष रूप से स्वदेशी परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के विकास और तैनाती को रेखांकित किया। बैठक में मोदी ने ऊर्जा मिश्रण के तहत पर्यावरण अनुकूल परमाणु ऊर्जा उत्पादन क्षमता की हिस्सेदारी बढ़ाने के भारत के महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को साझा किया। बयान में कहा गया है कि ग्रॉसी ने समाज के हित में असैन्य परमाणु अनुप्रयोगों में भारत की वैश्विक नेतृत्वकारी भूमिका की सराहना की। इसमें स्वास्थ्य, भोजन, जल शोधन, प्लास्टिक प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन सहित मानवता के सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए परमाणु प्रौद्योगिकी का उपयोग करने में भारत द्वारा की गई उल्लेखनीय प्रगति शामिल है। बयान में कहा गया है कि छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों और सूक्ष्म रिएक्टरों सहित नेट जीरो प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में परमाणु ऊर्जा की भूमिका का विस्तार करने पर उनके बीच विचारों का आदान-प्रदान किया गया। ग्रॉसी ने आईएईए और भारत के बीच उत्कृष्ट साझेदारी की प्रशंसा की। उन्होंने कई देशों की मदद करने वाले भारत के प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रमों की सराहना की। बयान में कहा गया है कि दोनों पक्ष ग्लोबल साउथ में असैन्य परमाणु प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों के विस्तार के लिए भारत और आईएईए के बीच सहयोग की संभावनाएं तलाशने पर सहमत हुए। इस बीच, आईएईए के महानिदेशक ने विदेश मंत्री एस जयशंकर से भी मुलाकात की। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मेरे मित्र आईएईए के महानिदेशक राफेल एम ग्रॉसी से आज मिलकर अच्छा लगा।

### पश्चिम बंगाल पासपोर्ट घोटाले में सीबीआई ने चार कर्मियों को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नेपाली नागरिकों को पासपोर्ट जारी करने के आरोप में कोलकाता स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के चार कर्मियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में - वरिष्ठ पासपोर्ट सहायक उत्तम कुमार, देबाशीष भट्टाचार्जी और निशित बरन साहा के अलावा स्टेनोग्राफर मनीष कुमार गुप्ता शामिल है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार कर्मियों को हाल ही में गंगटोक की एक विशेष अदालत में पेश किया गया, जिसने उन्हें 25 अक्टूबर तक जांच एजेंसी की हिरासत में भेज दिया। सीबीआई ने इससे पहले इस मामले में दो क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारियों और चार एजेंटों को गिरफ्तार किया था।

## क्विक न्यूज

### आईएएस परीक्षा की तैयारी कराने वाले 20 कोचिंग सेंटर सीसीपीए की जांच के घेरे में

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की भर्ती परीक्षा की तैयारी कराने वाले 20 कोचिंग सेंटर के खिलाफ अनुचित व्यापार व्यवहार की जांच कर रहा है। यह जांच भ्रामक विज्ञापनो तथा परीक्षाओ में सफल (टॉपर्स) रहे अभ्यर्थियो की तस्वीरो के अनुचित इस्तेमाल के लिए की जा रही है। सीसीपीए की चेयरपर्सन निधि खरे ने पत्रकारो को यह जानकारी देते हुए कहा कि 20 संस्थानो मे से चार.. राउज आईएएस स्टडी सर्कल, चहल अकादमी, आईक्यूआरए आईएएस और आईएएस बाबा पर एक-एक लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। उन्होने कहा कि वाजीराव एंड रेड्डी इंस्टीट्यूट, चहल अकादमी, खान स्टडी ग्रुप आईएएस, एपीटीआई प्लस, एनालॉग आईएएस, शंकर आईएएस, श्रीराम आईएएस, बायजू आईएएस, अनएकेडमी, नेक्स्ट आईएएस, दृष्टि आईएएस, आईक्यूआरए आईएएस, विजन आईएएस, आईएएस बाबा, योजना आईएएस, प्लूटस आईएएस, एएलएस आईएएस, राउज आईएएस स्टडी सर्कल को नोटिस जारी किया गया है। खरे ने कहा, सफल छात्रो के बारे मे जानबूझकर महत्वपूर्ण जानकारी छिपाने के लिए पिछले डेढ़ साल मे कोचिंग संस्थानो को नोटिस जारी किए गए है। हमने चार केंद्रो पर जुर्माना लगाया है, जबकि अन्य मामलो की जांच चल रही है। आमतौर पर यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) परीक्षा के परिणाम घोषित होने के बाद कई कोचिंग संस्थान विज्ञापनो की होड़ मे लग जाते है। उन्होने कहा कि हर साल 10 लाख से अधिक छात्रो मे से औसतन 900 छात्र यूपीएससी परीक्षा पास करते है। अधिकारी ने कहा कि 2022 मे यूपीएससी के अंतिम परिणाम आने के बाद कुल 933 उम्मीदवारो के नामो की सिफारिश की गई थी। हालांकि, 20 संस्थानो ने अपने जिन छात्रो के चयन का दावा किया, वह संख्या यूपीएससी की सिफारिशो से उल्लेखनीय रूप से अधिक थी। उन्होने कहा कि कई कोचिंग संस्थान जानबूझकर महत्वपूर्ण जानकारी छिपाकर अपने छात्र के समान रैंक धारक का दावा करते है। उन्होने कहा कि सफल उम्मीदवार ने विभिन्न विषयो और प्रारंभिक या मुख्य परीक्षा के लिए कई संस्थानो मे कोचिंग ली होती है। खरे ने कहा कि ए संस्थान स्पष्ट रूप से यह नही बताते है कि वे छात्र संस्थान मे किन पाठ्यक्रमो की पढ़ाई कर रहे थे। सीसीपीए के अनुसार, भारत मे कोचिंग उद्योग का मौजूदा राजस्व लगभग 58,088 करोड़ रुपए है। लगभग दो लाख छात्र सालाना इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की प्रवेश परीक्षाओ की तैयारी के लिए राजस्थान के कोटा जाते है। वही दिल्ली को यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा की कोचिंग का केंद्र माना जाता है।

### ज्ञात उम्र से चार करोड़ वर्ष अधिक पुराना हो सकता है चंद्रमा

**नई दिल्ली।** एक नए अध्ययन मे दावा किया गया है चंद्रमा की उम्र कम से कम 4.46 अरब वर्ष हो सकती है। इसका अर्थ है कि चंद्रमा की जितनी उम्र अभी बताई जा रही है, उससे वह चार करोड़ वर्ष अधिक पुराना हो सकता है।अनुसंधानकर्ताओ ने कहा कि चार अरब वर्ष से भी पहले, जब सौर मंडल अभी नया ही था तथा धरती बड़ी हो ही रही थी, तब मंगल ग्रह के आकार का एक विशाल पिंड हमारे ग्रह से टकराया। उनका कहना है कि प्रारंभिक पृथ्वी से टूटकर जो सबसे बड़ा टुकड़ा अलग हुआ, वही चंद्रमा बना।उन्होने कहा कि लेकिन यह कब हुआ, उसका सटीक समय अब भी रहस्य बना हुआ है। जियोकेमिकल पर्सपेक्टिव लेटर्स नामक एक पत्रिका मे प्रकाशित अध्ययन मे चंद्रमा के बनने के समय का पता लगाने के लिए 1972 मे अपोलो अंतरिक्षयात्रियों द्वारा वहां से लाए गए क्रिस्टल का इस्तेमाल किया गया। अमेरिका के शिकागो विश्वविद्यालय के प्रोफेसर और इस अध्ययन के वरिष्ठ लेखक फिलीप हेक ने कहा, ए क्रिस्टल सबसे पुराने ज्ञात ठोस हैं जो इस विशाल टक्कर के बाद बने थे। चूंकि हमें यह मालूम है कि ए क्रिस्टल कितने पुराने है, इसलिए वे हमें चंद्रमा के कालक्रम का पता लगाने में बुनियाद के रूप मे काम करते है। इस अध्ययन मे इस्तेमाल किए गए चंद्रमा के धूलकण के नमूने 1972 में अंतरिक्षयात्री लेकर आए थे। अनुसंधानकर्ताओ के अनुसार इस धूलकण में छोटे-छोटे क्रिस्टल है जो लाखों साल पहले बने थे और वे इस बात का संकेत देते है कि चंद्रमा कब बना होगा।उन्होंने कहा कि जब मंगल के आकार का एक पिंड धरती से टकराया और उससे जो ऊर्जा पैदा हुई उससे चट्टान पिघल गए और अंततः चंद्रमा की सतह बनी।

### बेसहारा महिलाओं की दी जाएगी मदद

**मुंबई।** विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले भारतीय कारोबारी घराने मलाबार ने बेसहारा महिलाओं के लिए कर्नाटक के बेंगलुरू में ग्रैंडमा होम की शुरुआत की है। भारत के अन्य हिस्सों में जल्दी ही बेसहारों के लिए इसी तरह के होम शुरू करने का है। ग्रैंडमा होम मलाबार ग्रुप की सीएसआर शाखा मलाबार चैरिटेबल ट्रस्ट से सपोर्टेड है और थानाल जैसे गैर सरकारी संगठनों द्वारा संचालित है। ग्रैंडमा होम में रहने वालों को मुफ्त आश्रय, भोजन, चिकित्सा सहायता और मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य के देखभाल की सुविधाएं मिलती हैं। चेयरमैन एमपी अहमद ने इस मौके पर कहाए मलाबार चैरिटेबल ट्रस्ट उन व्यक्तियों और समुदायों का समर्थन करने के लिए लगातार काम कर रहा हैए जो हाशिए पर हैं और सम्मान के साथ जीवन जीने के लिए जिनके पास बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच का अभाव है। हम जिस समाज में रहते हैंए उसे वापस लौटाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### वैज्ञानिकों ने अल्जाइमर और आंत विकार के बीच संबंध की पुष्टि की

**नई दिल्ली।** अनुसंधानकर्ताओ ने एक नए अध्ययन मे कहा है कि आंत विकार से पीड़ित लोगो मे अल्जाइमर होने का खतरा अधिक हो सकता है। इस अध्ययन के परिणामो से तंत्रिका तंत्र संबंधी विकार का पहले ही पता लगाने मे मदद मिल सकती है और नए उपचार संभव हो सकते है। अल्जाइमर रोग स्मृति लोप (डिमेंशिया) का सबसे प्रचलित रूप है। यह स्मृति और सोचने की क्षमता को नष्ट कर देता है। अध्ययन मे शामिल अनुसंधानकर्ताओ ने कहा कि इसका कोई ज्ञात उपचार नही है और 2030 तक इससे 8.2 करोड़ से अधिक लोग प्रभावित हो सकते है। पिछले अवलोकन संबंधी अध्ययनो मे भी अल्जाइमर और आंत विकारो के बीच संबंध की बात कही गई थी, लेकिन इन संबंधो का आधार स्पष्ट नही था। ऑस्ट्रेलिया स्थित एडिथ कोवान यूनिवर्सिटी (ईसीयू) के अनुसंधानकर्ताओ ने अब अल्जाइमर और कई आंत विकारो के बीच आनुवंशिक संबंध की पुष्टि करके इन संबंधो को लेकर नई जानकारी प्रदान की है। नए अध्ययन के परिणाम पत्रिका कम्युनिकेशंस बायोलॉजी मे प्रकाशित हुए है। इमैनुएल अडेवुई के नेतृत्व वाली टीम ने कहा कि यह अल्जाइमर और आंत संबंधी विकारो के बीच आनुवंशिक संबंध का पहला व्यापक मूल्यांकन है। अनुसंधानकर्ताओ ने पाया कि अल्जाइमर और आंत विकार वाले लोगो मे जीन समान होते है, जो कई कारणो से महत्वपूर्ण है। उन्होने कहा, "इससे इन स्थितियों के कारणो के बारे मे हमारी समझ मे सुधार होता है और बीमारी का संभावित रूप से पहले पता लगाने तथा नए उपचार विकसित करने के लिए जांच के नए लक्ष्यो की पहचान होती है।

### बिग बॉस कन्नड़ का प्रतिभागी बाघ के नाखून का बना पेंडेंट पहनने के मामले में गिरफ्तार

**बेंगलुरू।** कन्नड़ के एक टेलीविजन रियलिटी शो के एक प्रतिभागी को वन विभाग के अधिकारियो ने कथित रूप से बाघ के नाखून का बना पेंडेंट पहनने के मामले मे गिरफ्तार किया है। अधिकारियो ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियो ने बताया कि टेलीविजन पर प्रसारित हो रहे बिग बॉस कन्नड मे वरथूर संतोष द्वारा इस तरह की ताबीज पहनने की शिकायत मिलने के बाद यह कार्वाई की गई। उन्होंने कहा कि बेगलुरू (शहर) के उप वन संरक्षक एन रवींद्र कुमार के नेतृत्व मे एक दल शो के शूटिंग स्थल पर गया और रविवार रात को संतोष को गिरफ्तार कर लिया। वन विभाग के अधिकारियो के अनुसार, शो के सेट पर पहुंचने के बाद इसके निर्माण मे लगे लोगो को सूचित किया गया और संतोष को स्टूडियो के बाहर लाने को कहा गया। उन्होंने कहा कि सत्यापन के बाद इस बात की पुष्टि की गई कि संतोष वास्तव मे बाघ के नाखून का बना पेंडेंट पहने हुए थे और उन्हे वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) कुमार पुष्कर ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमारी टीम ने बाघ के नाखून का सत्यापन किया, जो उन्होंने पहना हुआ था। बाघ का नाखून होने की पुष्टि के बाद उन्हे हिरासत मे ले लिया गया और पूछताछ जारी है। इस संबंध मे वन्यजीव संरक्षण अधिनियम काफी सख्त है। हम कुछ दिनो के लिए उनकी न्यायिक हिरासत की मांग करेंगे, क्योंकि हमें मामले की जांच करनी है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि संतोष ने पूछताछ के दौरान वन अधिकारियो से कहा कि वह करीब तीन साल पहले कर्नाटक सीमा से लगे तमिलनाडु के होसुर मे एक स्थान से 20,000 रुपए मे बाघ के नाखून से बना पेंडेंट खरीदकर लाए थे।

### मादक पदार्थ बनाने वाली इकाई का भंडाफोड़, 36.9 करोड़ रुपए की मेफेड्रोन जब्त

**ठाणे।** महाराष्ट्र के पालघर जिले मे पुलिस ने 36.9 करोड़ रुपए मूल्य की मेफेड्रोन जब्त की, और पिछले पांच दिनो से जारी एक अभियान मे सात लोगो को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।अधिकारी के मुताबिक, अभियान मे पालघर जिले में स्थित एक फार्महाउस मे मादक पदार्थ बनाने वाली इकाई पर छापेमारी भी शामिल है। मीरा-भयंदर विरार-वसई (एमबीवीवी) पुलिस (अपराध) के उपायुक्त अविनाश अंबुरे ने संवाददाताओं को बताया कि पुलिस ने 18,453.7 ग्राम प्रतिबंधित मादक पदार्थ बरामद किया है, जिसमें से 18,100 ग्राम मोखादा मे स्थित एक फार्महाउस पर रविवार को छापेमारी के दौरान जब्त किया गया।अधिकारी ने बताया कि सात आरोपियो के पास से 2.73 लाख रुपए मूल्य के कच्चा माल, 2.59 लाख रुपए मूल्य का रसायन, वाहन, दो देशी कट्टे, चार मैगजीन और 14 कारतूस जब्त किए गए है।अधिकारी ने बताया कि गुप्त सूचना पर कार्वाई करते हुए पुलिस ने 18 अक्टूबर को एक होटल पर छापेमारी की थी और सनी भारत सालेकर, विशाल गोडसे, दीपक दुबे व शाहबाज ई. नाम के व्यक्तियो को गिरफ्तार किया था। उन्होंने बताया कि आरोपियो के पास से 251.7 ग्राम मेफेड्रोन, कुछ हथियार और नकदी भी जब्त की गई थी।

# गुरबाज-जादरान के आगे पस्त हुआ पाकिस्तान

भाषा। चेन्नई

**गत चैंपियन** इंग्लैंड को हराकर सनसनी फैलाने वाले अफगानिस्तान ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सोमवार को यहां खिताब के एक अन्य दावेदार पाकिस्तान को आठ विकेट से पराजित करके आईसीसी वनडे विश्व कप में एक और उलटफेर करके अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। अफगानिस्तान की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पाकिस्तान के खिलाफ यह पहली जीत है। इससे उसके पांच मैच में चार अंक हो गए हैं। पाकिस्तान के भी इतने ही अंक हैं लेकिन लगातार तीसरी हार से उसकी सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावनाओं को करारा झटका लगा है। अफगानिस्तान के सामने 283 रन का लक्ष्य था। रहमनुल्लाह गुरबाज (53 गेंद पर 65 रन) और इब्राहिम जादरान (113 गेंद पर 87 रन) ने पहले विकेट के लिए 130 रन जोड़कर अफगानिस्तान को शानदार शुरुआत दिलाई। इसके बाद रहमत शाह (84 गेंद पर नाबाद 77 रन) और कप्तान हसमतुल्लाह शाहिदी (45 गेंद पर नाबाद 48 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 96 रन की अटूट साझेदारी की

● विश्वकप में एक और उलटफेर : अफ्गानिस्तान ने 8 विकेट से रौंदा

जिससे अफगानिस्तान ने 49 ओवर में दो विकेट पर 286 रन बनाकर जीत दर्ज की। इससे पहले पिछले कुछ मैचों में रन बनाने के लिए जूझने वाले बाबर ने 92 गेंद पर 74 रन बनाए जिसमें चार चौके और एक छक्का शामिल है। शफीक ने 75 गेंद पर 58 रन की पारी खेली जबकि शादाब खान (38 गेंद पर 40) और इफ्तिखार अहमद (27 गेंद पर 40) ने बाद के ओवरों में छठे विकेट के लिए 73 रन की उपयोगी साझेदारी की। इससे पाकिस्तान सात विकेट पर 282 रन बनाने में सफल रहा, लेकिन अफगानिस्तान ने इसे बौना साबित कर दिया। जादरान और गुरबाज ने शुरू से ही सतर्कता और आक्रामकता का अच्छा नमूना पेश किया। उन्होंने पाकिस्तान के प्रमुख गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी के पहले ओवर में 10 रन लेकर संकेत दे दिए थे कि वे गेंदबाजों को हावी नहीं होने देंगे। इसके बाद जब हारिस रऊफ़ अपना पहला ओवर करने आए तो




बल्लेबाजों ने चार चौकों की मदद से उसमें 17 रन बटोरे। अफगानिस्तान ने पहले 10 ओवर में बिना किसी नुकसान के 60 रन बनाए।गुरबाज ने 38 गेंद पर अपना चौथा अर्धशतक पूरा किया जबकि जादरान उनसे पहले 54 गेंद पर इस मुकाम पर पहुंचे थे। अफरीदी ने 22वें ओवर में गुरबाज को आउट करके पाकिस्तान को पहली सफलता दिलाई लेकिन तब तक यह सलामी जोड़ी अफगानिस्तान की तरफ से विश्व कप में दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी निभा चुकी थी। गुरबाज ने अपनी पारी में नौ चौके और एक छक्का लगाया। जादरान ने रहमत शाह के साथ दूसरे विकेट के लिए 60 रन जोड़े लेकिन हसन अली की गेंद पर विकेट के पीछे कैच देने से वह शतक से अपना पांचवा शतक पूरा नहीं कर पाए। जादरान की पारी में 10 चौके शामिल हैं। रहमत शाह ने 58 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया और इसके बाद भी शाहिदी के साथ मिलकर पाकिस्तान के गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया तथा अपनी टीम को विश्व कप में कुल मिलाकर तीसरी जीत दिलाई। रहमत शाह ने अपनी पारी में पांच चौके और दो छक्के लगाए जबकि शाहिदी ने चार चौके जड़े जिसमें विजई चौका भी शामिल है। इससे पहले धीमी गति के गेंदबाजों के लिए अनुकूल पिच पर अफगानिस्तान ने चार स्पिनर अपनी अंतिम एकादश में शामिल किए। इनमें बाएं हाथ की कलाई के स्पिनर नूर अहमद सबसे सफल रहे। उन्होंने 49 रन देकर तीन विकेट लिए। तेज गेंदबाज नवीन उल हक ने 52 रन देकर दो विकेट हासिल किए। ऑफ स्पिनर मोहम्मद नबी (31 रन देकर एक विकेट) ने किफायती गेंदबाजी की जबकि प्रमुख स्पिनर राशिद खान और मुजीब उर रहमान को कोई सफलता नहीं मिली। पाकिस्तान टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और पहले पावरप्ले के 10 ओवर में बिना किसी नुकसान के 56 रन बनाए।

### स्कोरबोर्ड

**पाकिस्तान पारी:** शफीक पगबाधा नूर अहमद 58, इमाम उल हक का नवीन बो ओमरजई 17, बाबर का नबी बो नूर 74, रिजवान का मुजीब बो नूर 08, शकील का रशिद बो नबी 25, शादाब का नबी बो नवीन 40, अहमद का ओमरजई बो नवीन 40, **अतिरिक्तः** (लेग बाई: 04, नोबॉल: 01, वाइड: 12) 17, **कुल योगः** (50 ओवर में सात विकेट पर) 282 रन, **विकेट पतनः** 1-56, 2-110, 3-120, 4-163, 5-206, 6-279, 7-282, **गेंदबाजी:** नवीन 7-0-52-2, मुजीब 8-0-55-0, नबी 10-0-31-1, ओमरजई 5-0-50-1, राशिद 10-0-41-0, नूर 10-0-49-3

**अफगानिस्तान:** गुरबाज का उसामा मीर बो शाहीन अफरीदी 65, जादरान का मोहम्मद रिजवान बो हसन अली 87, शाह नाबाद 77 हसमतुल्लाह शाहिदी नाबाद 48, **अतिरिक्तः** (नोबाल 01 वाइड 08) 09, **कुलः** (49 ओवर में 2 विकेट पर) 286, **विकेट पतनः** 1-130 2-190, **गेंदबाजी:** शाहीन शाह अफरीदी 10-0-58-1, हसन अली 10-1-44-1, हारिस रऊफ़ 8-1-53-0, उसामा मीर 8-0-55-0, शादाब खान 8-0-49-0, इफ्तिखार अहमद 5-0-27-0

## कुलदीप मुश्किल परिस्थितियों में वापसी करने में सफल रहे



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के लिए मौजूदा विश्व कप में स्पिन गेंदबाजी काफी कारगर रही है और धर्मशाला में रविवार को न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों के द्वारा शुरुआती ओवरों में रन लुटाने के बाद कुलदीप यादव ने शानदार वापसी कर यह जता दिया कि वह हर परिस्थिति में चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार है। कुलदीप और रविंद्र जडेजा ने प्रतियोगिता में अब तक बीच के ओवरों में भारत को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली गेंदबाजी इकाई बना दिया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच से हालांकि यह साफ हो गया किसी खास दिन किसी भी गेंदबाज को मुश्किल चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। कानपुर के 28 साल के कलाई के स्पिनर के खिलाफ डेरिल मिशेल और रचिन रविंद्र ने आक्रामक रुख अपनाया तो इस गेंदबाज ने कई बार स्पिन की जगह तेज गेंद का सहारा लिया जो कारगर भी रहा। शुरुआती पांच ओवर में 48 रन लुटाने वाले कुलदीप ने वापसी करते हुए आखिरी पांच ओवर में दो विकेट झटके और इस दौरान सिर्फ 25 रन खर्च किए। उन्होंने टॉम लैथम और ग्लेन फिलिप्स जैसे आक्रामक बल्लेबाजों को चलता किया। कुलदीप ने मिशेल को भी अपनी फिरकी में फंसा लिया था लेकिन जसप्रीत बुमराह ने उनका आसान कैच टपका दिया। भारत के पूर्व स्पिनर और चयनकर्ता सरनदीप सिंह ने ब्लैक कैप्स के खिलाफ कुलदीप की वापसी की सराहना की।

## चोटिल टॉपली की जगह कार्स इंग्लैंड टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड ने चोटिल तेज गेंदबाज रीस टॉपली की जगह सोमवार को यहां अनुभवहीन तेज गेंदबाज ब्रायडन कार्स को मौजूदा आईसीसी विश्व कप की टीम में शामिल किया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को यह जानकारी दी। टॉपली शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। वह बाई तर्जनी अंगुली में फ्रैक्चर के कारण विश्व कप से बाहर हो गए है। विश्व चैम्पियन इंग्लैंड के वैकल्पिक खिलाड़ियों की सूची में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर भी शामिल है लेकिन टीम प्रबंधन ने कार्स पर दांव खेलना बेहतर समझा। कार्स को नियमों के मुताबिक इंग्लैंड की टीम में शामिल करने के लिए टूर्नामेंट की तकनीकी समिति द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है। कार्स ने महज 12 एकदिवसीय मैच खेले है। उन्होंने जुलाई में पाकिस्तान के खिलाफ पांच विकेट लेकर प्रभावित करने के बाद नीदरलैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैचों में दमदार प्रदर्शन किया था।

## बाहर बैठकर दुखी होने की जगह दूसरों की सफलता का लुत्फ उठाना चाहिएः शमी



**धर्मशाला।** अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने मौजूदा आईसीसी विश्व कप में अपने पहले मैच में पांच विकेट चटकाकर न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने के बाद कहा कि जब आप टीम से बाहर होते है तो दुखी होने की जगह दूसरों की सफलता का लुत्फ उठाना चाहिए। शमी ने कहा कि5 खिलाड़ियों में से 11 को ही खेलने का मौका मिलता है और चार बाहर रहते है इसलिए महत्वपूर्ण है कि बाकी खिलाड़ियों की सफलता का लुत्फ उठाओ और अपने मौके का इंतजार करो। जब मौका मिलेगा तब ही मै कुछ कर पाऊंगा। टीम से बाहर बैठना काफी मुश्किल होता है। लेकिन अगर आपकी टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही होती है और खिलाड़ी इस तरह की लय मे होते है तो मुझे नही लगता कि आपको बाहर बैठकर दुखी होना चाहिए क्योकि आप भी विश्व कप का हिस्सा हो, उस टीम का हिस्सा हो। सभी की सफलता का लुत्फ उठाना चाहिए। शमी ने न्यूजीलैंड पर भारत की चार विकेट की जीत के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, आपके पास 15 खिलाड़ी है तो चार को तो हमेशा बाहर रहना ही है। मुझे लगता है कि आप सकारात्मक रहकर और लुत्फ उठाकर ही बेहतर नतीजे हासिल कर सकते हैं। मै हमेशा यही सोचता हूं कि आज टीम मे नही हूं तो कल रहूंगा या कल नही हूं तो परसों रहूंगा। रोटेशन होती रहती है और आपको मौका मिलने पर अपना योगदान देने के लिए तैयार रहना चाहिए। शमी ने कहा कि गेंदबाजी करते हुए अपनी भूमिका और परिस्थितियो को ध्यान मे रखना काफी महत्वपूर्ण होता है। इस तेज गेंदबाज ने कहा, गेंदबाजी करते हुए यह ध्यान मे रखना होता है कि आपकी भूमिका क्या है, परिस्थितियां कैसी हैं, सभी चीजों को ध्यान मे रखना होता है। विकेट से जब मदद नही मिलती तो आपको लाइन और लेंथ पर ध्यान देना ही होगा और इसका नतीजा आपके सामने है। जब आप देश के लिए खेलते हो तो प्रत्एक विकेट आपके लिए महत्वपूर्ण होता है।

## आखिरी ओवरों में उम्मीद के मुताबिक बल्लेबाजी नही कर पाएः मिशेल

धर्मशाला। डेरिल मिशेल ने आईसीसी विश्व कप मैच मे भारत के खिलाफ चार विकेट की हार के बाद स्वीकार किया कि उनकी टीम अच्छे मंच का फायदा उठाने मे नाकाम रही और डेथ ओवरो मे उम्मीद के मुताबिक रन नही बना पाई। मिशेल ने कहा, मुझे लगता है कि हमने 35 ओवर के आसपास मंच तैयार कर लिया था। मुझे लगता है कि यह उस चरण मे भारत जैसी स्थिति ही थी और बेशक हम जानते है कि भारत के पास डेथ ओवरो मे गेंदबाजी के लिए एक विश्व स्तरीय इकाई है। हमे अंत मे तेजी से रन बनाने की जरूरत थी और मुझे लगता है कि भारत ने जिस तरह से गेंदबाजी की वह जाहिर तौर पर काफी खास थी। शमी को तो इनाम मिला ही, साथ ही (जसप्रीत) बुमराह और (मोहम्मद) सिराज ने भी शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने विकेट चटकाए और 40 ओवर के आसपास हम पिछड़ गए। लेकिन हम यह भी जानते थे कि अगर हम जल्दी विकेट लेते है और जैसा कि हमने दिखाया, बीच मे दबाव बनाने की कोशिश करते रहे तो फिर हम मैच को अंत तक ले जाएंगे और लड़ते रहेंगे। इसके बाद कुछ भी हो सकता है। मिशेल ने रविंद्र की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा, बेशक इस समय रैच (रविंद्र) काफी अच्छी फॉर्म मे है। हम बस मैदान पर बल्लेबाजी का लुत्फ उठा रहे थे। एक अद्भुत विश्व कप का हिस्सा बनने का आनंद ले रहे थे, इस तरह के मैदान और इस तरह के दर्शको के सामने खेलना खास है।

## खुशी है कि अंततः लय हासिल कर ली : सिराज



**धर्मशाला।** भारत के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने रविवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ चार विकेट की जीत के बाद खुशी जताई कि आईसीसी विश्व कप के शुरुआती मुकाबलों मे जूझने के बाद वह लय हासिल करने मे सफल रहे। सिराज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ किफायती गेंदबाजी करते हुए 45 रन देकर एक विकेट चटकाया। सिराज ने मैच के बाद कहा, तीन-चार मैच से मै वह लय हासिल नही कर पा रहा था। लय हासिल करने का प्रयास कर रहा था लेकिन ऐसा नही हो रहा था। आज अंततः लय हासिल की, मै जिस लेंथ पर गेंदबाजी करना चाह रहा था उस पर लगातार गेंद डाल पा रहा था। काफी खुश हूं क्योकि इस विकेट पर काफी स्विंग नही मिली, सीम वाली विकेट थी और सही लेंथ से मैने विकेट हासिल किया। इस तेज गेंदबाज ने कहा कि न्यूजीलैंड के 274 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम कभी तनाव मे नही थी। कोई तनाव नही था, ड्रेसिंग रूम का माहौल काफी अच्छा था और सभी एक-दूसरे पर भरोसा करते है। आपको यह सफलता के रूप मे दिख भी रहा है।

## शेन बॉन्ड राजस्थान के सहायक कोच के साथ तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त

**जयपुर।** न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज शेन बॉन्ड को सोमवार को आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स ने सहायक कोच और तेज गेंदबाजी कोच की दोहरी भूमिका सौंपी। बॉन्ड इससे पहले मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच थे। अपने समय में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में शामिल रहे बॉन्ड ने 2012 से 2015 के बीच अपनी राष्ट्रीय टीम के लिए गेंदबाजी कोच के रूप में काम किया था। इस 48 साल के पूर्व खिलाड़ी की देख रेख में न्यूजीलैंड 2015 विश्व कप के फाइनल तक पहुंचने में सफल रहा।

## पीसीबी ने पाकिस्तान टीम में अंदरूनी कलह की अटकलों को खारिज किया

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने भारत में आईसीसी विश्व कप में भाग ले रही राष्ट्रीय टीम में कलह और अंदरूनी झड़प की खबरों को सोमवार को खारिज कर दिया। पीसीबी ने एक विज्ञप्ति जारी कर बाबर आजम के नेतृत्व वाली टीम में किसी भी आंतरिक कलह के अटकलों का खंडन किया। टीम में फूट की बढ़ती अफवाहों के बाद पीसीबी को स्थिति साफ करने के लिए मजबूर होना पड़ा है।

## लाहिड़ी, डेचैम्ब्यू के शानदार खेल से गोल्फ में टीम खिताब जीता

**डोरल (फ्लोरिडा)।** अनिर्बान लाहिड़ी ने सात अंडर 65 का स्कोर किया और ब्रायसन डेचैम्ब्यू ने आखिरी नौ होल में कमाल की वापसी करते हुए रविवार को यहां क्रशर्स को एलआईवी गोल्फ टीम स्पर्धा में रेंजगोट्स पर दो शॉट की जीत दिलाई। एलआईवी गोल्फ के दूसरे सत्र के आखिरी आयोजन में प्रत्एक टीम के सभी चार खिलाड़ियों के स्कोर को गिना गया। इसमें क्रशर्स की टीम शीर्ष पर रही। लाहिड़ी के अलावा क्रशर्स टीम में शामिल डेचैम्ब्यू ने 67, चार्ल्स हॉवेल ने 72 और पॉल केसी ने 73 का स्कोर बनाया।

# भारतीय स्पिन चौकड़ी में अबूझ पहेली थे बेदी



### मैंने एक सच्चा दोस्त खो दिया : चंद्रशेखर

बेंगलुरु। भारत की मशहूर स्पिन चौकड़ी के सदस्य भागवत चंद्रशेखर ने अपने साथी बिशन सिंह बेदी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए सोमवार को कहा कि उन्होंने अपना सच्चा दोस्त खो दिया। भारत की तरफ से 67 टेस्ट मैचों में 266 विकेट लेने वाले बेदी का सोमवार को नई दिल्ली में निधन हो गया। वह चंद्रशेखर, ईरापली प्रसन्ना और एस वेंकटराघवन के साथ स्पिन चौकड़ी के सदस्य थे। वहीं पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंतखाब आलम सीमा पार अपने सबसे करीबी दोस्त भारतीय महान स्पिनर बिशन सिंह बेदी के निधन के बारे में सुनकर सन्न रह गए। आलम ने लाहौर से फोन पर पीटीआई-भाषा से बातचीत मे बेदी के निधन को व्यक्तिगत क्षति की तरह बताया। उनकी दोस्ती 1971 से चली आ रही थी जब बेदी ने भारतीय टीम के साथ इंग्लैंड का दौरा किया था और आलम ने सरे का प्रतिनिधित्व करते हुए एक मैच में उनका सामना किया था।

### क्रिकेट जगत ने दी बेदी को श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान और बाएं हाथ के देश के महानतम स्पिनर बिशन सिंह बेदी का लंबी बीमारी के बाद सोमवार को निधन हो गया। क्रिकेट जगत ने इस पूर्व दिग्गज को सोशल मीडिया के जरिए श्रद्धांजलि दी। पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीरः बिशन सिंह बेदी जी के निधन से बेहद दुखी हूं। क्रिकेट में उनके अतुलनीय योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। भगवान उनके परिवार और प्रियजनों को शक्ति दे। मौजूदा खिलाड़ी रविचंद्रन अश्विनः महान बिशन सिंह बेदी के निधन के बारे में सुनकर दुख हुआ, एक महान क्रिकेटर होने के अलावा, वह एक मिलनसार व्यक्ति थे और युवा क्रिकेटरों की मदद के लिए अतिरिक्त प्रयास करते थे। पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीनः बिशन सिंह बेदी सर के निधन के बारे में सुनकर मुझे दुख हुआ। उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। उसकी आत्मा को शांति मिले। मौजूदा खिलाड़ी मोहम्मद सिराजः भारतीय क्रिकेट के एक दिग्गज। बिशन सिंह बेदी की आत्मा को शांति मिले। उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति मेरी संवेदना है। पूर्व खिलाड़ी सुरेश रैनाः क्रिकेट के दिग्गज बिशन सिंह बेदी जी के निधन से गहरा दुख हुआ। खेल पर उनका अतुलनीय प्रभाव है और इस कठिन समय में उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना है। भारतीय महिला टीम की पूर्व कप्तान मिताली राजः स्पिन के सरदार अब नही रहे। बिशन सिंह बेदी जी के निधन की खबर से दुखी हूं। वह हमेशा भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक रहेंगे। उनके परिवार और दोस्तों के प्रति मेरी संवेदनाएं। ओम शांति। पूर्व खिलाड़ी इरफान पठानः बिशन सिंह बेदी। हमारे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक अब नही रहे। यह हमारी क्रिकेट बिरादरी के लिए क्षति है। उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिकः एक दिग्गज और खेल के सच्चे राजदूत बिशन सिंह बेदी सर के निधन के बारे में सुनकर गहरा दुख हुआ। भारतीय क्रिकेट मे उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदना। मौजूदा क्रिकेट शिखर धवनः क्रिकेट के सच्चे दिग्गज की कमी हमेशा खलेगी।

**भाषा।** नई दिल्ली

**अपनी आर्म बॉल** से लेकर फ्लाइट लेती गेंदों से दुनिया भर के बल्लेबाजों को चकमा देने वाले बिशन सिंह बेदी भारतीय स्पिन चौकड़ी की वह अबूझ पहेली थे, जो अपने फैसलों और बेबाक टिप्पणियों के कारण विवादों में भी रहे। दुनिया के सबसे लोकप्रिय क्रिकेटरों में से एक बेदी का लंबी बीमारी के बाद सोमवार को 77 साल की उम्र में निधन हो गया। इसके साथ ही विश्व क्रिकेट ने एक ऐसे सितारे को अलविदा कह दिया जिसने कई दशक तक भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने में अपना अमूल्य योगदान दिया। बेदी का जन्म 25 सितंबर 1946 को पंजाब के अमृतसर शहर में हुआ था। वह भारत की उस स्पिन चौकड़ी का हिस्सा थे जिसमें उनके अलावा इरापल्ली प्रसन्ना, भागवत चंद्रशेखर और श्रीनिवास वेंकटराघवन शामिल थे। बेदी ने लगभग 12 साल तक भारतीय गेंदबाजी का जिम्मा संभाला। यह बेहद कलात्मक बाएं हाथ का स्पिनर अपनी पीढ़ी के बल्लेबाजों के लिए हमेशा अबूझ पहेली बना रहा। वह गेंद को जितना संभव हो उतनी ऊंचाई से छोड़ते थे और उनका नियंत्रण गजब का था। बेदी ने टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण 31 दिसंबर 1966 को वेस्टइंडीज के खिलाफ कोलकाता के ईडन गार्डन्स में किया था और वह 1979 तक भारतीय टीम का हिस्सा रहे। उन्होंने इस बीच 67 टेस्ट मैच खेले जिनमें 28.71 की औसत से 266 विकेट लिए। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में बेदी के नाम पर 1560 विकेट दर्ज हैं। बेदी 22 मैचों में भारत के कप्तान भी रहे जिनमें से छह में भारतीय टीम ने जीत दर्ज की। क्रिकेट संन्यास लेने के बाद बेदी भारतीय टीम के कोच और राष्ट्रीय चयनकर्ता भी रहे। बेदी 1990 में न्यूजीलैंड और इंग्लैंड दौरे के दौरान कुछ समय के लिए भारतीय क्रिकेट टीम के मैनेजर थे। वह मनिंदर सिंह और मुरली कार्तिक जैसे कई प्रतिभाशाली स्पिनरों के गुरु भी थे। बाएं हाथ के स्पिनर बेदी स्पिन की हर कला जानते थे। चाहे वह तेजी में बदलाव हो या वैरीएशन। उनकी फ्लाइट, आर्म बाल और अचानक से की गई तेज गेंद पर बल्लेबाज चकमा खा बैठते थे। विश्व क्रिकेट में जब भी आर्म बॉल का जिक्र आएगा तब जेहन में पहला नाम बिशन सिंह बेदी का होगा, जिन्होंने बाएं हाथ के स्पिनरों की गुगली कही जाने वाली इस गेंद को नया जीवन दिया था। बेदी ने अपनी आर्मर से दुनिया के कई दिग्गज बल्लेबाजों को चकमे में डाला। यदि यह रिकार्ड भी रखा जाता कि एक गेंदबाज ने किस तरह की गेंद पर सर्वाधिक विकेट लिए तो निश्चित तौर पर आर्म बॉल के मामले में बेदी बाजी मार जाते। जब भी कोई बल्लेबाज उन पर हावी होने की कोशिश करता था तब वह आर्मर का उपयोग करते थे। ऐसा नहीं कि उन्हें हर बार आर्म बॉल करने पर सफलता ही मिलती थी लेकिन इस गेंद ने उन्हें कई अवसरों पर विकेट दिलाए। बेदी ने 15 साल की उम्र में उत्तरी पंजाब की तरफ से 1961-62 में रणजी ट्राफी में पदार्पण किया और बाद में वह दिल्ली की तरफ खेले। विकेट निकालने में वह माहिर थे और इसलिए कभी उनका तीर खाली नहीं जाता था। एक समय नार्थम्पटनशर को उन्होंने काउंटी क्रिकेट में खासी सफलता दिलाई थी। बेदी का विवादों से भी पुराना नाता रहा है। अपनी बेबाक टिप्पणियों के कारण वह जब तब विवादों में भी फंसते रहे। वह 1976-77 में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जान लीवर के वैसलीन का उपयोग करने पर आपत्ति जताने और 1976 में वेस्टइंडीज की खौफनाक गेंदबाजी के कारण किंग्सटन में भारत की दूसरी पारी समाप्त घोषित करने के कारण भी चर्चा में रहे थे। बेदी दुनिया के ऐसे पहले कप्तान थे जिन्होंने टीम के जीत के करीब होने के बावजूद गलत अंपायरिंग का विरोध करके मैच गंवा दिया था।

## दक्षिण अफ्रीका के सामने बांग्लादेश के खिलाफ उलटफेर से बचने की चुनौती

**मुंबई।** इंग्लैंड के खिलाफ 229 रन की बड़ी जीत दर्ज करने वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम मंगलवार को यहां विश्व कप मैच में जब बांग्लादेश के खिलाफ उतरेगी तो उसके सामने शानदार प्रदर्शन को जारी रखने की चुनौती होगी। बांग्लादेश की टीम मौजूदा विश्व कप में अब तब संघर्ष करती दिखी है लेकिन इस टूर्नामेंट में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उसका रिकॉर्ड अच्छा है। दक्षिण अफ्रीका की टीम वनडे में बांग्लादेश से छह मैचों में हारी है और इसमे तीन मैच पिछले चार साल के है। दोनों टीमों के बीच विश्व कप के चार मुकाबलों में बांग्लादेश ने दक्षिण अफ्रीका को 2007 और 2019 में शिकस्त दी है। दक्षिण अफ्रीका को स्पिन गेंदबाज हरफमौला बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन और मेहदी हसन मिराज से सतर्क रहना होगा। दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 100 रन से अधिक के अंतर से जीत के साथ विश्व कप में अपना अभियान शानदार तरीके से शुरू किया था। टीम को हालांकि नीदरलैंड के खिलाफ एक चौंकाने वाली हार का सामना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका इसके बाद इंग्लैंड को 229 रनों से हराकर अपने अभियान को पटरी पर लाने में सफल रहा। इंग्लैंड के खिलाफ अनुभवी सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक सस्ते में आउट हो गए थे लेकिन टीम 399 रन बनाने में सफल रही। डिकॉक ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियंस के प्रतिनिधित्व के दौरान इस मैदान पर काफी क्रिकेट खेला है और वह बांग्लादेश के खिलाफ अपने इस अनुभव का फायदा उठाना चाहेंगे। तेम्बा बावुमा बीमारी के कारण इंग्लैंड के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाए थे और अगर वह वापसी करेंगे तो पिछले मैच में शानदार पारी खेलने वाले रीजा हेंड्रिक्स को अंतिम एकादश से बाहर होना पड़ेगा।

# भारत ने पैरा खिलाड़ियों का शानदार स्वर्णिम आगाज

**भाषा।** हांगझोउ

● एशियाई पैरा खेलों में छह स्वर्ण सहित 17 पदक जीते

**भारत ने** एशियाई पैरा खेलों में स्टार निशानेबाज अवनी लेखरा की अगुवाई में रविवार को यहां छह स्वर्ण सहित कुल 17 पदक जीते, जिससे वह प्रतियोगिता के पहले दिन चौथे स्थान पर रहा। भारत ने पहले दिन छह स्वर्ण, छह रजत और पांच कांस्य पदक जीते। वह पदक तालिका में मेजबान चीन (31 स्वर्ण, 29 रजत, 23 कांस्य), ईरान (9 स्वर्ण, 9 रजत, 6 कांस्य) और उज्बेकिस्तान (6 स्वर्ण, 6 रजत, 8 कांस्य) के बाद चौथे स्थान पर है। भारत ने उम्मीद के मुताबिक ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धा में सर्वाधिक 11 पदक हासिल किए। इनमें पांच स्वर्ण पदक भी शामिल हैं। दिन की शुरुआत में प्रणव सूरमा ने पुरुषों की क्लब थ्रो एफ51 स्पर्धा में स्वर्ण जीता। इस स्पर्धा का रजत और कांस्य पदक भी भारतीय खिलाड़ियों के नाम रहा। सूरमा ने 30.01 मीटर के प्रयास के साथ एशियाई पैरा खेलों का नया रिकॉर्ड कायम करते हुए स्वर्ण पदक जीता, जबकि धरमबीर (28.76 मीटर) और अमित कुमार (26.93 मीटर) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इस स्पर्धा में केवल चार प्रतियोगी थे, जिसमें सऊदी अरब के राधी अली अलार्थी 23.77 मीटर के थ्रो के साथ अंतिम स्थान पर रहे। सूरमा 16 साल की उम्र में दुर्घटना का शिकार हुए थे जिसमें उनकी रीढ़ की हड्डी में चोट लग गई। वह इससे लकवाग्रस्त हो गए। इसके बाद पैरा खेलों में हाथ आजमाने का फैसला किया। 29 साल के इस खिलाड़ी ने 2019 बीजिंग विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री स्पर्धा में रजत पदक जीता था। एफ51 क्लब थ्रो स्पर्धा उन एथलीटों के लिए है जिनकी कमर के आस-पास, पैर और हाथों की गतिविधि काफी हद तक प्रभावित रहती है।

# सौ के पार पदकों के इरादे से गोवा निकले यूपी के खिलाड़ी



● 37वें राष्ट्रीय खेल के लिए टीम का फ़्लैगऑफ

● 33 खेलों में भाग 498 सदस्यीय दल

पाठक ने दी शुभकामनाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**गोवा में** 26 अक्टूबर से 9 नवंबर 2023 तक आयोजित 37वें राष्ट्रीय खेल में उत्तर प्रदेश के विभिन्न खेलों की टीमें भाग लेंगी। इन खेलों के दौरान उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों के सुचारू प्रतिभाग एवं प्रतियोगिता स्थल पर अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश साइकिलिंग एसोसिएशन के चेयरमैन धीरेंद्र सिंह सचान-आईएएसए विशेष सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य को उत्तर प्रदेश का मुख्य दलनायक चीफ डि मिशन नियुक्त किया गया है। इसी के साथ प्रमोद कुमार सचिव उत्तर प्रदेश एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन, डा.सैयद रफ त जुबैर रिजवी कोषाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ व एके त्रिपाठी उपाध्यक्ष यूपी हॉकी को उपदलनायक डिप्टी चीफ डि मिशन नियुक्त किया गया है। कंटिंजेंट मैनेजर एसके तिवारी व मनीष कक्कड़ होंगे। प्रतिभागी टीमों में शामिल खिलाड़ियों को सांकेतिक रुप से किट भी प्रदान की गई। इस अवसर पर मौजूद उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष डा.नवनीत सहगल, महासचिव डा.आनन्देश्वर पाण्डेय व खेल निदेशक डा.आरपी सिंह ने भी टीम में शामिल खिलाड़ियों के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की कामना की। उप्र ओलंपिक संघ के अध्यक्ष विराज सागर दास ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।

### पूरा विश्वास इस बार और आएंगे पदक : पाठक

मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अपने आर्शीवचन में कहा कि उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी पिछले काफी समय से राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय पटल पर शानदार प्रदर्शन करते हुए देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे है। मुझे पूरा विश्वास है कि आपका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन का सिलसिला 37वें राष्ट्रीय खेल में भी जारी रहेगा। उन्होंने खिलाड़ियों को आर्शीवाद देते हुआ नारा दिया कि उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी होनहार, अबकी बार जीतेंगे मेडल 100 के पार। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में खेलों को दी जा रही उत्कृष्ट सुविधाओं के चलते खेलों का कायाकल्प हो रहा है।

### 26 अक्टूबर से 9 नवंबर तक होंगे मुकाबले

नेशनल गेम्स से पहले विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों का कोचिंग कैंप उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के समन्वय से उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों में आयोजित किया गया था ताकि इन खेलों के लिए उत्तर प्रदेश की टीमों की पुख्ता तैयारी हो सके। इस बार राष्ट्रीय खेलों में उत्तर प्रदेश 33 खेलों में हिस्सा ले रहा है। इन खेलों में उत्तर प्रदेश का 498 सदस्यीय दल शामिल होगा। इस बार उत्तर प्रदेश के दल में कुल 386 खिलाड़ी 198 पुरुष, 188 महिलाद्ध शामिल है। इसी के साथ उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ ने खिलाड़ियों व आफिशियल की अंतिम सूची जारी कर दी। उन्होंने बताया कि 37वें राष्ट्रीय खेल आगामी 26 अक्टूबर से 9 नवंबर 2023 तक आयोजित किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खेलों में बैडमिंटन और नेटबॉलए जिम्नास्टिकए बास्केटबॉल की स्पर्धाएं शुरू हो चुकी है। 37वें राष्ट्रीय खेलों का उद्घाटन 26 अक्टूबर 2023 को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा।

### पिछले नेशनल गेम्स में यूपी को मिले थे 56 पदक

36वें राष्ट्रीय खेल गुजरात में गत वर्ष 29 सितंबर से 12 अक्टूबर 2022 तक आयोजित किए गए थे जिसमें उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने 20 स्वर्णए 18 रजत 18 कांस्य सहित कुल 56 पदक जीते थे। वहीं तालिका में उत्तर प्रदेश का ओवरऑल आठवां स्थान मिला था। इससे पहले साल 2015 में केरल में 31 जनवरी से 15 फरवरीतक आयोजित 35वें राष्ट्रीय खेल-2015 में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने सात स्वर्णए 31 रजत व 30 कांस्य पदक सहित कुल 68 पदक अपने नाम किए थे।

### पदक विजेताओं को ओर मिलेंगे लाभ : खेलमंत्री

समारोह की अध्यक्षता करते हुए गिरीश चंद्र यादव खेल व युवा कल्याण राज्य मंत्रीए स्वतंत्र प्रभारे बताया कि वर्तमान में राष्ट्रीय स्तर के पदक विजेताओं को दी जाने वाली धनराशि को दुगना कर दिया गया हैए अर्थात अब सबजूनियर वर्ग के स्वर्ण पदक विजेताओं को 25 हजार के स्थान पर 50 हजार की धनराशिए जूनियर वर्ग के स्वर्ण पदक विजेतओं को 50 हजार के स्थान पर 1 लाख व सीनियर वर्ग में 01 लाख के स्थान पर 02 लाख रूपये एवं राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेताओं को 03 लाख के स्थान पर 6 लाख रूपये की धनराशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जायेगी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।